आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

रक्षा बंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 225 | उज्जैन, शुक्रवार 28 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल का दीक्षांत समारोह रद्द

**बेंगलुरु।** सीजेआई सूर्यकांत को चीफ गेस्ट बनाए जाने के विरोध के बीच गुरुवार को बेंगलुरु नेशनल लॉ स्कूल ने 12 सितंबर को होने वाला अपना दीक्षांत समारोह रद्द कर दिया। यहां के छात्र और पूर्व छात्रों के सीजेआई को चीफ गेस्ट बनाने का विरोध कर रहे थे। यूनिवर्सिटी ने 27 अगस्त को यह जानकारी दी, हालांकि नोटिस में छात्रों के विरोध का जिक्र नहीं है। पिछले एक महीने में यह चौथा संस्थान है, जहां सीजेआई के विरोध के बाद दीक्षांत समारोह को या तो कैंसिल कर दिया गया या उसका मुख्य अतिथि बदल दिया गया। एनएलएसआईयू बेंगलुरु के 700 से ज्यादा मौजूदा और पूर्व छात्रों ने सीजेआई सूर्यकांत और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा को दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

### रिलायंस रिटेल, डीमार्ट पर पांच किलो से ज्यादा शक्कर नहीं मिलेगी

**नई दिल्ली।** ब्लिंकिट, जेप्टो जैसे क्विक-कॉमर्स एप्स से अब ग्राहक एक बार में 2 से 5 किलो तक ही चीनी खरीद पाएंगे। देश में त्योहारी सीजन की शुरूआत से ठीक पहले चीनी की सप्लाई घटने और कीमतों में अचानक आई तेजी के बाद यह फैसला लिया गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के मुताबिक, 26 अगस्त को देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत 65.05 रुपए किलो पर पहुंच गई है। महज एक महीने पहले 26 जुलाई को यह 48 रुपए प्रति किलो थी। यानी 30 दिनों में चीनी 35.5% से महंगी हुई है। ऑफलाइन बाजार में डीमार्ट और रिलायंस रिटेल जैसे सुपरमार्केट्स ने प्रति ग्राहक 2 से 3 किलो चीनी खरीदने की सीमा तय की है।

### कानपुर में विमान क्रैश होने से पायलट और ट्रेनी की मौत

**कानपुर।** यूपी के कानपुर में ट्रेनिंग विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट और ट्रेनी की मौत हो गई। विमान ने गुरुवार सुबह 11.30 बजे उड़ान भरी थी। 11.50 बजे यानी उड़ान के महज 20 मिनट बाद गंगा बैराज के पास 5 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल से टकराकर खेत में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विमान करीब 200 से 250 फीट ऊपर था। तभी अचानक हवा में डगमगाया और क्षतिग्रस्त हो गया। नीचे गिरते ही पूरा विमान टूटकर उसके पुर्जे दूर तक बिखर गए। हालांकि, विमान में आग नहीं लगी। हादसे से जुड़े वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि जमीन में गिरने के बाद विमान मलबे में तब्दील हो गया।

नेपाल बॉर्डर से 18 किमी ऊपर बनी एक और झील, चीन ने बाढ़ की चेतावनी दी

# 359 शव बरामद, 288 भारतीय समेत 1500 लापता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में बुधवार की भीषण बाढ़ के बाद एक और बड़ी बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। चीन ने बताया है कि रसुवागढ़ी बॉर्डर से 18 किमी ऊपर ल्हेंदे नदी में पानी रुकने से झील बनी है। पानी बढ़ रहा है और झील टूटने का खतरा है।

नेपाल के जल तथा मौसम विज्ञान विभाग ने भोटेकोशी के निचले इलाकों में लोगों को नदी किनारे से दूर रहने और सुरक्षित जगह जाने की सलाह दी है। झील करीब 0.11 वर्ग किमी में फैली है। इसके टूटने पर भोटेकोशी में फिर तेज बाढ़ आ सकती है।

बाढ़ में अब तक 359 लोगों की मौत हो चुकी है। 8 जिलों से शव मिले हैं, जिनमें सबसे ज्यादा चितवन में 132 और पूर्वी नवलपरासी में 82 हैं। करीब 1,500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें 288 भारतीय भी शामिल हैं। वहीं, 21 भारतीयों को बचाया गया है, जिनमें 11 की पहचान हो चुकी है।





- **लैंडस्लाइड से 5.2 तीव्रता के भूकंप जितना झटका-** बुधवार सुबह 8:37 बजे नेपाल-चीन सीमा के पास तेज झटके महसूस किए गए। शुरूआत में अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे 4.4 तीव्रता का भूकंप बताया था। लेकिन बाद में पता चला कि पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा बर्फ और चट्टानों के साथ ल्हेंदे खोला नदी में गिरा था। ल्हेंदे खोला, भोटेकोशी नदी की सहायक नदी है। भोटेकोशी चीन से निकलकर नेपाल में प्रवेश करती है। बाद में वरत्र्ह्न ने भी स्पष्ट किया कि 5.2 तीव्रता के भूकंप जैसा यह झटका लैंडस्लाइड के कारण पैदा हुआ था।
- **लंदन में नेपाली समुदाय ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद शुरू की-** बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही के बाद लंदन में रहने वाला नेपाली समुदाय मदद के लिए आगे आया है। प्लमस्टेड स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए डोनेशन बॉक्स रखा गया है। मंदिर के पुजारी नील हरि ग्रिमियर की पहल पर रखे गए इस बॉक्स में मंदिर आने वाले लोग अपनी इच्छा से आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। यह राशि नेपाल में आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दी जाएगी।

### शव के कान से बाली निकालने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

नेपाल में बाढ़ में बहकर आए एक शव के कान से बाली निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए जिला पुलिस कार्यालय, चितवन भेजा गया है।

### रेस्क्यू किए गए भारतीयों को मैथिली बैरक में ठहराया गया

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के बाद रसुवा से रेस्क्यू किए गए भारतीय नागरिकों को नुवाकोट के मैथिली बैरक में ठहराया गया है। फिलहाल यहां आपदा प्रभावित लोगों को रखा जा रहा है।
मैथिली बैरक नेपाली सेना का ट्रेनिंग सेंटर है, जिसे राहत-बचाव अभियान के मुख्य बेस के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री बालेन शाह ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित नुवाकोट जिले का दौरा किया। उन्होंने बट्टार बाजार स्थित आर्मी ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर बाढ़ से बने हालात और जारी राहत-बचाव अभियान की जानकारी ली।

देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदेशभर में प्रदर्शन

# कांग्रेस ने निकाली महंगाई की शवयात्रा

## रतलाम में शक्कर बांटी, मैहर में प्याज की माला पहनी, खरगोन में बिना चीनी की चाय बनाई






दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ मध्य प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। रतलाम में कांग्रेस ने राहगीरों को शक्कर बांटकर विरोध जताया। मैहर में कार्यकर्ताओं ने गले में प्याज की माला, हाथ में खाली गैस सिलेंडर और चाय की केतली लेकर प्रदर्शन किया।

इंदौर में राजवाड़ा समेत शहर के 24 ब्लॉक में प्रदर्शन हुए। राजवाड़ा पर कार्यकर्ताओं ने लोगों को शक्कर और पनीर बांटा। एक पोस्टर पर मोदी तेरा कैसा खेल, सारी शक्कर खाकर पी गया तेल और महंगाई मुक्त भारत जैसे नारे लिखे थे।

खरगोन में कांग्रेस ने हल्ला बोल रैली निकाली। बिना चीनी की चाय बनाकर महंगाई का विरोध किया। शाजापुर में कांग्रेस ने महंगाई की शवयात्रा निकाली। श्योपुर में कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर बिजली बिल, गैस सिलेंडर, शक्कर के दाम और ई-20 ईंधन की कीमतों को लेकर विरोध जताया।

- **सैलाना में महंगाई डायन खाए जात गीत गाकर किया विरोध-** रतलाम के सैलाना में कांग्रेस ने शक्कर के बढ़ते दाम और अन्य वस्तुओं की महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने राहगीरों को शक्कर बांटी।
- **पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ रैली-** मैहर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता गले में प्याज की माला, हाथ में खाली गैस सिलेंडर और चाय की केतली लेकर घंटाघर चौक से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कर पहुंचे।
- **खरगोन में हल्ला बोल रैली, बिना चीनी की चाय बनाई-** खरगोन में जिला कांग्रेस ने दोपहर करीब 1.30 बजे महंगाई के विरोध में हल्ला बोल रैली निकाली।
- **अकोदिया में राम राम सत्य है, बीजेपी मस्त है नारे लगाए-** अकोदिया में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई की शवयात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राम राम सत्य है, बीजेपी मस्त है जैसे नारे लगाए।
- **श्योपुर में बिजली बिल से ए-20 तक के दामों पर प्रदर्शन-** श्योपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर महंगाई का विरोध किया। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर कार्यकर्ता प्रमुख बाजारों से निकले और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में बिजली बिल, गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, शक्कर की कीमत और ई-20 ईंधन को लेकर नाराजगी जताई।

### 10वीं मंजिल से कूदी नवविवाहिता महिला की पेड़ में फंसने से बची जान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में बुधवार सुबह एक नवविवाहिता ने 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी। जमीन पर गिरने से पहले वह नीचे पेड़ में फंस गई, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, पेड़ की एक मोटी डाल उसके पैर में घुस गई, जिससे वह हवा में लटकी रही। घटना भांडुप पश्चिम के तुलशेतपाड़ा की सनशाइन को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में सुबह करीब 9.30 बजे की है। खबर मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 20 फीट की ऊंचाई से महिला को नीचे उतारा। 26 साल की प्रतीक्षा हिवराले की 4 महीने पहले ही शादी हुई थी। प्रतीक्षा ने छलांग क्यों लगाई, इसका कारण सामने नहीं आया है। प्रतीक्षा ने बिल्डिंग की खिड़की से छलांग लगाई थी। गिरते समय वह पास में लगे पेड़ पर जा गिरी। करीब 50-60 मिमी मोटी डाल उसकी जांघ में घुस गई और वह 20 फीट ऊपर अटक गई।

फायर ब्रिगेड ने एंगस लैडर से महिला तक पहुंच बनाई। इलेक्ट्रिक आरी से डाल काटी गई और रस्सियों से स्ट्रेचर के सहारे उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।

### बस ने ऑटो को मारी टक्कर, एक ही गांव के 7 लोगों की मौत, 10 घायल

एजेंसी ▶▶ पलनाडू

आंध्र प्रदेश के पलनाडू जिले में गुरुवार सुबह एक भयानक हादसा हुआ। चिलकलुरिपेट नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हैं। चिलकलुरिपेट नेशनल हाईवे पर एक प्राइवेट ट्रैवल बस और ऑटो-रिक्शा की टक्कर हुई। अभी तक सामने आई जानकारी के मुताबिक, सभी मृतक चिलाकलुरिपेट मंडल के वेलुरु गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि ये लोग एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोंडामंजुलुरु गए थे और ऑटो-रिक्शा से वेलुरु लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। वहीं ट्रैवल बस विजयवाड़ा से तिरुपति की ओर जा रही थी। इस हादसे में घायल हुए लोगों में दो की हालत गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रक्षाबंधन एड विवाद में

### सोनू निगम का फेक पोस्ट वायरल



**लिखा- हिंदू के धैर्य की परीक्षा न लें, सोनू बोले- ये मैं नहीं हूं**

**मुंबई।** सिंगर सोनू निगम ने एक्ट्रेस कृति सेनन के रक्षाबंधन एड विवाद पर अपने फर्जी बयान का खंडन किया है। सोनू निगम ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए स्पष्ट किया कि उन्होंने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दरअसल, एक मीडिया हाउस ने सोशल मीडिया पर दावा किया था कि सोनू निगम ने हिंदू धर्म और धैर्य को लेकर टिप्पणी की है। इस पर सोनू निगम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर मीडिया को फटकार लगाई और बताया कि यह बयान उनका नहीं है। फर्जी पोस्ट के आधार पर चलाई गई थी खबर मामला तब शुरू हुआ जब एक मीडिया पब्लिकेशन ने एक खबर शेयर की। कृति सेनन एड विवाद पर सोनू निगम। खबर सामने आने के बाद सोनू निगम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से इस पर नाराजगी जताई। सोनू निगम ने लिखा, यह मैं नहीं हूं और ऐसा बयान मैंने कभी नहीं दिया। टीओआई जागो, मीडिया जागो।

## नैनो न्यूज

- **हिमाचल** : 1000 से ज्यादा ग्लेशियल झीलों ने बढ़ाया खतरा, तेजी से सिकुड़ रहे ग्लेशियर से तबाही का डर।
- **मुंबई** : 22,000 करोड़ के कर्ज का सिर्फ 6.5 करोड़ में निपटारा, एनसीएलटी ने सुभाष चंद्रा के रीपेमेंट प्लान को मंजूरी दी, बैंकों को 99.97% का नुकसान।
- **नई दिल्ली** : मंथली एक्सपायरी पर 6 मिनट में 2,200 अंक टूटा सेंसेक्स, बाद में रिकवर हुआ, 539 अंक गिरकर 76,934 पर बंद, निफ्टी भी 117 अंक गिरा।
- **झांसी** : पत्नी को प्रेमी के साथ पकड़ा, तुरंत शादी करवाई, पति ने प्रेमी को कपड़े तक नहीं पहनने दिए, मांग भरवाकर वरमाला पहनवाई।
- **मुंबई** : ऑटो ड्राइवरों को मराठी सीखने के लिए एक साल मिला, फडणवीस बोले- इस दौरान ड्राइवरों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं होगी।
- **नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 29 अगस्त से दो देशों का दौरा, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान जाएंगे।
- **नई दिल्ली** : खड़गे ने परिसीमन को लेकर पीएम को चिट्ठी लिखी, चर्चा के पर्याप्त समय मांगा, कहा-लोकसभा सदस्यों की संख्या अगले 25 साल तक 543 ही रखें।

पुलिस प्रकरण, जुर्माना एवं जनजागरूकता भी काम नहीं आई

# उज्जैन में पराली जलाने के मामले 20 फीसदी बढ़े

### अप्रैल-मई के दौरान जमकर जलाई गई पराली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्यूं-ज्यूं मर्ज की दवा की मर्ज और बढ़ता गया कि कहावत पराली जलाने के मामले में सटीक बैठ रही है। अप्रैल-मई के दौरान जिले में जमकर खेतों में पराली जलाने के मामले हुए हैं। इन मामलों ने पिछले वर्षों के आंकडों को पछाड़ दिया है। सामने आ रही जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले में इस अवधि में 2,444 घटनाएं रिकार्ड हुईं हैं। संभाग में ये आंकडा 10 हजार के पार बताया जा रहा है। इसे लेकर कृषि विभाग के संयुक्त संचालक आरपीएस नायक से संपर्क का प्रयास मोबाइल नो रिप्लाय होने के कारण सार्थक नहीं हो सका है।

एक अप्रैल से मई 2026 के बीच देश में सर्वाधिक 36 हजार घटनाएं प्रदेश में दर्ज की गईं। इसे रोकने के लिए जन जागरूकता से लेकर कई तरह के प्रविधान किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली। इसका नुकसान भूमि के पोषक तत्वों के साथ पर्यावरण को हो रहा है। मध्यप्रदेश में पराली / नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### पराली जलाने पर इन नियमों के तहत कार्रवाई

- एनजीटी और एयर पॉलूशन एक्ट 1981 के तहत प्रतिबंध
- बीएनएसएस की धारा 163 के तहत कलेक्टर का प्रतिबंधात्मक आदेश
- उल्लंघन पर बीएनएस धारा 223 में एफआईआर – 1 साल तक जेल या 5000 जुर्माना

**कृषि विभाग द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति जुर्माना**

- **2 एकड़ तक** : 2500 रु / प्रति घटना
- **2 से 5 एकड़** : 5000 रु / प्रति घटना
- **5 एकड़ से ऊपर** : 15000 रु / प्रति घटना

**संभाग के 7 जिलों में दर्ज मामले-** संभाग में उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, आगर-मालवा आते हैं। सरकार ने 2026 में अप्रैल-मई के सैटेलाइट आंकड़े जारी किए हैं। जारी आंकडों के अनुसार उज्जैन में 2,444 मामले दर्ज किए गए हैं,जो कि प्रदेश में चौथे नंबर पर हैं। देवास में 646, शाजापुर 760 के आसपास अनुमानित, रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा जिलों में यह स्थिति नियंत्रण में रही है।
**इन जिलों में अपेक्षाकृत कम -** 100 से कम से 250 के बीच प्रत्येक में मामले होना बताए जा रहे हैं। मालवा में टॉप 10 में उज्जैन और देवास ही हैं।
**पिछले साल से बढ़े उज्जैन में-** उज्जैन में 21 अप्रैल 2025 तक ही 1,606 मामले और 23 अप्रैल तक 2,025 मामले थे। इस वर्ष यह मामले बढ़कर 2,444 तक पहुंच गए हैं। पिछले वर्ष के मुकाबले जिले में पराली जलाने के मामले 20 फीसदी तक बढ़े हैं।

### मेयर को राखी बांधने आई बहनें बेहोश

एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली मेयर डॉ. उमेश गौतम के रक्षाबंधन कार्यक्रम में गुरुवार दोपहर भगदड़ जैसे हालात हो गए। अफरा-तफरी के बीच कई महिलाएं बेहोश हो गईं। करीब 20 हजार महिलाओं को राखी बांधने के लिए बुलाया गया था। सुबह 10 बजे से महिलाएं बरेली क्लब ग्राउंड पहुंचने लगीं। 11 बजते-बजते मैदान में लगा पंडाल खचाखच भर गया था। इसके बाद न भीड़ संभली, न लाइन। महिलाएं बैरिकेडिंग पार कर मंच की तरफ बढ़ने लगीं। धक्का-मुक्की में कई महिलाएं गश खाकर गिर पड़ीं।

### स्कैनर दे दीजिए, यूपीआई कर देता हूं: राघव चड्ढा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर आरोप लगते हैं कि वे जब से आम आदमी पार्टी छोड़ बीजेपी में आए हैं, उन्होंने जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलना ही बंद कर दिया है। वह सोशल मीडिया पर भी बहुत शांत पड़ गए हैं। इस बार भी काफी दिनों बाद उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। अबकी बार उन्होंने देश में यूपीआई के 10 साल पूरे होने पर इसकी सफलता को आंकड़ों के माध्यम से देश के सामने रखने की कोशिश की है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### ये कैसी श्रद्धा-आस्था!

विश्व प्रसिद्ध मंदिर में प्रति दिन लाखों श्रद्धालु अपने देवाधिदेव के दर्शन करने आ रहे हैं। इनमें से कई तो सैंकड़ों नहीं हजारों किलोमीटर दूर से यात्रा का कष्ट उठाकर यहां पहुंच रहे हैं और क्षण भर के दर्शन के लिए घंटों लाईन में लग रहे हैं फिर भी उफ्फ नहीं कर रहे हैं। बुजुर्गवार आ रहे हैं और पूरी श्रद्धा-आस्था जता रहे हैं दर्शन कर रहे हैं और अपने को धन्य पा रहे हैं। भगवान को जल अर्पण करने के लिए भी सैंकड़ों किलोमीटर दूर से आस्थावान जल ला रहे हैं। कुछ क्षणों में अपना जल बैरिकेड्स के पीछे से पनीहार में चढ़ाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। सभी के मन में भगवान को अच्छे से निहारने की अभिलाषा रहती है लेकिन भगवान आशुतोष के सामने जिसे जो मिल गया वही धन्य हो जाता है। प्रति दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना और भगवान के दर्शन की व्यवस्था नियमों के पालन के साथ चलती है। मंदिर प्रबंध समिति के नियमों के पालन के साथ ही बनाई गई व्यवस्था पर ही लाखों श्रद्धालु भगवान के प्रति दिन दर्शन कर पाते हैं अन्यथा हजारों में ही आफत की स्थिति पैदा होना लाजिमी है। आने वाले सभी श्रद्धालु भगवान के प्रति मन में अगाध आस्था और श्रद्धा के साथ विश्वास लेकर यहां आ रहे हैं। दिन प्रति दिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में आकस्मिक रूप से आए कुछ सैंकड़ा लोगों ने मंदिर के उस स्थल पर उपद्रव की स्थिति अपने आप को श्रद्धावान और आस्थावान साबित करते हुए बनाई जिन्हें खुद व्यवस्था का अंग बनना चाहिए था और नियमों के पालन के लिए सभी को प्रेरित करना चाहिए था। बाबा के समक्ष वीआईपी मानसिकता से ग्रस्त होकर जाने के लिए शीघ्र दर्शन गेट से बगैर अधिकार प्रवेश लिया गया और उसके बाद भी निर्धारित व्यवस्था का पालन न करते हुए मनमानी का स्वरूप पैदा किया गया। यहां तक की बैरिकेड्स तोड़े गए। दानी पेटी को गिराया गया। व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों से मारपीट की गई। कदापि इस आचरण को श्रद्धा-आस्था और विश्वास के दायरे में तो नहीं देखा जा सकता है। भगवान के दर पर जाने वाले नम्रता,धैर्य और अहंकार को बाहर छोड़कर आते हैं। नंदी गृह और गर्भगृह में प्रवेश लेकर वीआईपी का तमगा हासिल करने का अहंकार धारण कर आने के कारण ही यह सब उजागर हो गया। खुसूर-फुसूर है कि पूरे श्रावण मास में करीब एक करोड के लगभग श्रद्धालुओं का आगमन हुआ इनमें बड़ी संख्या में जल लेकर आए कावड़ यात्री भी शामिल रहे हैं। कुछ ने भगवान के मोह में जिद की लेकिन किसी ने भी ऐसा नहीं किया जो बुधवार को अहंकार में आए लोगों ने किया। अगर कोई समस्या / शिकायत व्यवस्था से थी तो घटनास्थल पर ही मंदिर के प्रशासकीय अधिकारी मौजूद थे उनसे उसे लेकर चर्चा की जा सकती थी। अपनी शिकायत प्रशासकीय कार्यालय में दर्ज करवाई जा सकती थी जिस तरह का आचरण मंदिर में पेश किया गया है उससे तो इनकी धार्मिक संस्कारों पर ही सवाल खड़ा हो गया है। इनकी श्रद्धा-आस्था और विश्वास पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। भगवान को जल चढ़ाने आए थे और अब अहंकार में जेल जाने की तैयारी हो गई  है। इसी लिए कहा गया है कि जाकि रही भावना जैसी ताकि सन्मति होई वैसी।

## नैनो न्यूज

- **प्रधानमंत्री** के 'खेलो इंडिया संवाद' से जुड़े विक्रम विवि परिक्षेत्र के 14 संस्थानों के युवा, राष्ट्रीय खेल दिवस पर 7 जिलों में हुआ सीधा प्रसारण, माधव विज्ञान कॉलेज में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का हुआ सम्मान
- **सेवादल** ने रीवा के बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई राहत सामग्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देश पर घर-घर बंट रहा सूखा राशन, बच्चों को दी गई स्टेशनरी
- **मध्य प्रदेश** राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी ने प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह सिसौदिया की सहमति से उज्जैन जिले का अध्यक्ष सुरेश बमनावत (कृषि उपज मंडी कर्मचारी) को बनाया है।
- **राष्ट्रीय अध्यक्ष** का दायित्व मिलने पर महंत मायादेवी ने जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार, सद्गुरु कबीर साहेब के विचारों से राष्ट्र सेवा और संगठन को सशक्त बनाने का लिया संकल्प
- **हर व्यक्ति** का विशेष महत्व, यही है पुष्पिका सूत्र का महत्व-धर्मसभा में प्रवचन, जिस प्रकार बगीचे में खिले अनेक पुष्प अपनी अलग पहचान और सुगंध रखते हैं, उसी प्रकार इस वर्ग में वर्णित प्रत्येक प्रसंग अपनी विशिष्टता लिए हुए है।
- **वरिष्ठ नागरिकों** को भारतीय रेल द्वारा पूर्व में प्रदान की जा रही यात्रा रियायतों एवं अन्य सुविधाओं को पुनः बहाल करने की मांग प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला उज्जैन ने माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी एवं  अश्विन वैष्णव रेल मंत्री से की है।

## ट्रेंडिंग




# शिप्रा के घाट पर लगने वाले पत्थरों की होगी वैज्ञानिक जांच

## जल संसाधन प्रमुख सचिव ने देखे घाट, कान्ह क्लोज डक्ट और सेवरखेड़ी बैराज निर्माण के काम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव एवं उज्जैन के पूर्व संभागायुक्त संदीप यादव ने गुरूवार को सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के अंतर्गत किए जा रहे घाट निर्माण, कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना एवं निर्माण एवं सेवरखेड़ी बैराज निर्माण के कार्यों को देखा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शिप्रा नदी पर नवीन घाट निर्माण में पत्थरों का वैज्ञानिक आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करें।



प्रमुख सचिव यादव ने नवीन घाट निर्माण के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्युत वायरिंग को अंडरग्राउंड करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि करीब 10 किलोमीटर क्षेत्र में घाट निर्माण के साथ पत्थर लगाए जाने की प्रस्तावित योजना है। इस पर प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि घाट पर उपयोग किए जाने वाले पत्थरों की वैज्ञानिक स्थिति एवं उपयुक्तता का आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए तथा उसी आधार पर कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

### शनि मंदिर के पास घाट देखे, टनल में उतरे

वरिष्ठ अधिकारियों ने सबसे पहले त्रिवेणी श्री नवग्रह शनि मंदिर के समीप शिप्रा नदी पर किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह ने घाट निर्माण की कार्ययोजना एवं प्रगति की जानकारी दी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्राम जवासिया में सिंहस्थ महापर्व के लिए महत्वपूर्ण कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने करीब 100 फीट नीचे टनल में जाकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर जानकारी दी गई कि परियोजना के अंतर्गत 18.15 किलोमीटर कट-कवर तथा 12 किलोमीटर टनल का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना पूर्ण होने पर कान्ह नदी के माध्यम से शिप्रा में मिलने वाले दूषित जल को रोका जा सकेगा, जिससे शिप्रा नदी को प्रदूषण से मुक्त रखने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व की दृष्टि से यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए शिप्रा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए परियोजना का कार्य सिंहस्थ से पहले पूर्ण किया जाए।

### बैराज निर्माण का काम 90 प्रतिशत पूर्ण

उन्होंने ग्राम सेवरखेड़ी में निर्माणाधीन बैराज का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि बैराज निर्माण का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। परियोजना के अंतर्गत ग्राम सेवरखेड़ी में 1.45 मिलियन घन मीटर क्षमता का बैराज बनाया जा रहा है। यहां से 3 मीटर व्यास की 6.50 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन के माध्यम से शिप्रा नदी का जल सिलारखेड़ी जलाशय में संचित किया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार संचित जल को पुनः शिप्रा नदी में प्रवाहित कर नदी को निरंतर प्रवाहमान बनाया जाएगा। प्रमुख सचिव श्री यादव ने वर्षा काल में बैराज के गेट लगाकर वर्षा जल को रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैराज के समीप निर्माणाधीन पंप हाउस का भी निरीक्षण किया। मौके पर इंजीनियर ने बताया कि पंप हाउस में 4 पंप एवं एक स्टैंडबाय पंप का निर्माण किया जा रहा है।

## सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

# नरसिंह घाट मार्ग के अवैध निर्माण को ढहाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गुरुवार को नगर निगम ने नरसिंह घाट मार्ग स्थित सिंहस्थ क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी की सहायता से ढहा दिया गया। यहां भील ठाकुर समाज धर्मशाला द्वारा बिना सक्षम अनुमति के लगभग 40 बाय 80 फीट क्षेत्रफल में अवैध निर्माण किया गया था। नगर निगम द्वारा स्थल का निरीक्षण एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत दो जेसीबी मशीनों की सहायता से उक्त अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही की गई।



नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि सिंहस्थ महापर्व की व्यवस्थाओं एवं आयोजन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण, अतिक्रमण या भूमि का अनधिकृत उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त कार्यवाही भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, तहसीलदार शेफाली जैन, भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी, निगम रिमूवल गैंग एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में की गई।

### अतिक्रमण पर सख्ती

सिंहस्थ महापर्व में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए मार्ग, घाट, पार्किंग, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि का सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रहना आवश्यक है। ऐसे में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण भविष्य की व्यवस्थाओं में बाधक बन सकता है। नगर निगम द्वारा इसी उद्देश्य से सिंहस्थ क्षेत्र में किए जा रहे अनधिकृत निर्माण एवं अतिक्रमणों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### निगम को सौंपा कचरा संग्रहण वाहन

गुरुवार को कोटक महिंद्रा द्वारा सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत नगर निगम को 01 डोर-टू-डोर वाहन उपलब्ध कराया गया। कंपनी के सदस्यों द्वारा वाहन की चाबी नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को सौंपी गई। इस वाहन के निगम के बेड़े में शामिल होने से शहर में घर-घर से कचरा संग्रहण व्यवस्था को और गति मिलेगी तथा स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।

# महाकाल को सबसे पहले बांधी जाएगी 2 फीट की राखी

## पुजारी परिवार की महिलाएं सावनभर व्रत रखकर बना रहीं राखी, भस्म आरती में करेंगी अर्पित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रक्षाबंधन पर सबसे पहले राखी भगवान महाकाल को बांधने की परंपरा है। इसके लिए पुजारी परिवार की महिलाएं करीब एक सप्ताह से विशेष राखी तैयार कर रही हैं। इस बार बाबा महाकाल के लिए 2 फीट की राखी बनाई गई है। महिलाएं पूरे सावन माह में व्रत-उपवास रखकर इस राखी का निर्माण करती हैं।

28 अगस्त को तड़के भस्म आरती के दौरान पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान महाकाल को राखी बांधेंगी। इसके लिए मंदिर के पुजारी ओम गुरु और राजेश शर्मा के परिवार की महिलाएं कई दिनों से तैयारी में जुटी हैं। भस्म अर्पित होने के बाद यह राखी बाबा महाकाल को समर्पित की जाएगी।



पुजारी आकाश गुरु ने बताया कि राखी को रेशमी कपड़े, रेशमी धागे और आभूषणों से तैयार किया गया है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय मोर पंख और गौ माता को भी स्थान दिया गया है। इसे आकर्षक बनाने के लिए कांच वर्क, रुद्राक्ष और मोर पंख लगाए गए हैं। राखी में बाबा महाकाल के प्रिय त्रिनेत्र, ॐ और त्रिपुंड को भी शामिल किया गया है। इसे तैयार करते समय महिलाएं लगातार जय महाकाल और ॐ नमः शिवाय का जाप कर रही हैं। महाकाल को राखी बांधने के लिए पुजारी परिवार की महिलाएं रात करीब 2 बजे मंदिर पहुंचेंगी।

# रेलयात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को मिले रियायत : पीपीए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय रेल द्वारा पूर्व में प्रदान की जा रही यात्रा-रियायतों एवं अन्य सुविधाओं को पुनः बहाल करने की मांग प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला उज्जैन ने (पत्र लिखकर) प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री से की है। पीपीए के जिलाध्यक्ष अशोक दुबे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेलयात्रा में मिलने वाली रियायत उनके लिए केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि सम्मान और सामाजिक सुरक्षा की प्रतीक थी। कोविड-19 के समय वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में दी जाने वाली रियायत अस्थायी रूप से बंद की गई थी  मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने बताया कि इस संबंध में प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को पत्र भेज दिए गए है।

# श्रावण माह की अंतिम सोमवार पर हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन द्वारा श्रावन माह के अंतिम सोमवार पर महाकाल के भक्तों के लिए सजा महाप्रसादी का भंडारा शांति पैलेस चौराहा पर हजारो श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी।

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष चौहान ने बताया कि श्रावन के अंतिम सोमवार पर महाकाल भक्तों के लिए फाउंडेशन द्वारा महाप्रसादी का आयोजन प्रतिवर्ष श्रावन माह के अंतिम सोमवार पर किया जाता है। यह आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव (दादा) एवं समाजसेवी अभय यादव के मार्गदर्शन एवं शुभ करकमलो द्वारा किया गया। नारायण यादव (दादा) ने बताया कि यह आयोजन भक्ति, सेवा, और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए शहर में उमड़े हजारों श्रद्धालुओं के लिए श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन द्वारा शांति पैलेस चौराहा पर महाप्रसादी वितरण का आयोजन संतोष चौहान एवं फाउंडेशन के पदाधिकारी द्वारा किया गया। महाकाल की सवारी में पधारे हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण की इस अवसर पर फाउंडेशन की डायरेक्टर शोभा चौहान, दिलीप मालवीय, जमुना यादव, दीपक जायसवाल, अरविंद चौहान, सुधा मालवीय, ज्योति मालवीय, मदनलाल राठौड़, मानस परमार, अशोक मालवीय आदि ने सेवा दी।

## भाई-बहन के प्रेम को समर्पित यह पर्व कई शुभ संयोगों के बीच रहेगा, राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दिनभर रहेगा

# देशभर में आज बहनें बांधेंगी भाईयों की कलाई पर राखी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

28 अगस्त 2026 को देशभर में रक्षाबंधन का पावन त्योहार मनाया जा रहा है। भाई-बहन के प्रेम को समर्पित यह पर्व कई शुभ संयोगों के बीच रहेगा। लेकिन इसी दिन साल का आखिरी चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। हिंदू धर्म में ग्रहण को अशुभ काल माना जाता है। इस अवधि में राखी बांधने से लेकर पूजा-पाठ करने तक के शुभ कार्यों को करने से बचने की मान्यता है। ऐसे में रक्षाबंधन पर लगने जा रहे इस ग्रहण को लेकर यह जानना जरूरी हो गया है कि क्या इस चंद्र ग्रहण का असर भारत में पड़ेगा, क्या ग्रहण के कारण राखी बांधने के समय में कोई बदलाव करना होगा, आइए, इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।



### क्या रक्षाबंधन पर पड़ेगा ग्रहण का असर ?

इस साल 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। इस दिन चंद्र ग्रहण सुबह 6 बजकर 53 मिनट से शुरू होगा। ग्रहण का समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि, साल का यह आखिरी चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए किसी भी तरह के नियम और सूतक दोनों ही मान्य नहीं होंगे। देशभर में बिना किसी बाधा के रक्षाबंधन का त्योहार सामान्य तरीके से मनाया जा सकेगा।


### राहुकाल का समय

रक्षाबंधन के दिन राहुकाल सुबह 10 बजकर 31 मिनट से दोपहर 12 बजकर 07 मिनट तक रहेगा। ऐसे में आप सुबह 10:31 से पहले भाई को राखी बांध सकती हैं।

### तीन खास मुहूर्त

- 28 अगस्त को राखी बांधने का शुभ समय सुबह 5 बजकर 57 मिनट से 9 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।
- दूसरा-सुबह 7 बजकर 33 मिनट से 9 बजकर 10 मिनट तक।
- तीसरासुबह 9 बजकर 10 मिनट से 10 बजकर 46 मिनट तक।






सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 10 सितम्बर को

**इंदौर।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत संभागीय प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का आयोजन 06 से 15 सितम्बर, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के अंतर्गत युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता के संभागीय आयोजन अंतर्गत इंदौर संभाग में 10 सितम्बर, 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय, इंदौर में आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी, जो दो आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर 16 से 25 वर्ष के दो आयु वर्ग हैं।

### रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होंगे अनेक आयोजन

**इंदौर।** रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पर्यटन, जेल, गृह, पशुपालन,जनजातीय कार्य विभाग सहित कमिश्नर और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए है सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार रक्षाबंधन पर्व 28 को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार कर जल, प्रकृति और पर्यावरण से गहन संबंध के रक्षण का संकल्प एवं आह्वान के लिए विभिन्न वर्ग को जोड़ने के लिए एक राखी एक संकल्प, रक्षासूत्र एक राखी एक रिश्ता, पेड़ को राखी-प्रकृति से भाईचारा जैसी गतिविधियाँ जनसहभागिता के साथ आयोजित की जायेगी।

### राणापुर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अब 29 को

**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत राणापुर विकासखंड में पूर्व निर्धारित गुरुवार, 27 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाला भ्रमण एवं जन-विश्वास शिविर अब शनिवार, 29 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। जन-विश्वास शिविर में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के साथ सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष जोर रहेगा। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों की समीक्षा कर पात्रतानुसार यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान लोक सेवा गारंटी, राजस्व संबंधी नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा, फार्मर आईडी एवं नागरिक सेवाओं से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले चालक को भेजा जेल



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास में रेलवे अंडरपास में जलभराव के दौरान बैरिकेड हटाकर स्कूल वैन निकालने और विद्यार्थियों की जान जोखिम में डालने की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापरवाह मैजिक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, साथ ही स्कूल संचालक के विरुद्ध भी वैधानिक प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 25 अगस्त को देवास के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित रेलवे अंडरब्रिज में भारी वर्षा के कारण जलभराव होने पर पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से स्टॉपर लगाकर आवागमन प्रतिबंधित किया गया था। इसके बावजूद सिटी कॉन्वेंट स्कूल के मैजिक वाहन चालक ने स्टॉपर हटाकर वाहन को पानी में उतार दिया। वैन पानी में बंद होने पर चालक बच्चों को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों, डायल-112 और सिविल लाइन थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रस्सी के सहारे सभी स्कूली बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## नैनो न्यूज

- **मंडी में सोयाबीन चर्चा में-** आज देवास मंडी में सोयाबीन और गेहूं के भाव को लेकर कारोबारियों-किसानों में हलचल रही। सोयाबीन के भाव में सुधार की चर्चा है।
- **प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा-** जिले के लखमनखेड़ी क्षेत्र में बारिश के दौरान पुलिया की समस्या फिर चर्चा में है। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
- **करोड़ों की लूट का खुलासा-** बिलपांक क्षेत्र में करोड़ों के जेवरात लूट मामले में कर्मचारी को मास्टरमाइंड बताया गया। पुलिस ने करीब 5.5 करोड़ का माल बरामद किया।
- **उड़द की फसल प्रभावित-** जिले में पीला मोजेक और अफलन बीमारी से उड़द की फसल खराब होने की खबर सामने आई है। इससे किसानों की चिंता बढ़ी है।
- **पशु चोर गिरोह पकड़ा-** कालापीपल पुलिस ने भैंस चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने करीब 11.30 लाख रुपयें की संपत्ति बरामद की।
- **ग्वालियर-भिंड मार्ग पर हादसा –** पिकअप वैन और ट्रक की टक्कर में 8 लोगों की मौत, 23 घायल हुए।
- **छतरपुर में तीन बहनों की मौत –** खाना खाने के बाद तीन बहनों की संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से मौत; प्रशासन ने जांच शुरू की।

आध्यात्मिक गुरु की भूमिका में रहते हुए शिष्या के विश्वास का कथित दुरुपयोग गंभीर मामला- हाईकोर्ट

# गुरु दक्षिणा कहकर बनाए संबंध! ज्ञानदास महाराज की अग्रिम जमानत खारिज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में फरार आरोपी ज्ञानदास महाराज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह की एकल पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रथम दृष्टया दोनों के बीच संबंध होने के साक्ष्य सामने आए हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि आरोपी ने गुरु और शिष्या के बीच के भरोसे का दुरुपयोग किया। आध्यात्मिक गुरु की भूमिका में रहते हुए शिष्या के विश्वास का कथित दुरुपयोग गंभीर प्रकृति का मामला है। ऐसे में आरोपी को अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। पुलिस ने इस मामले में 31 जुलाई 2026 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### संबंध बनाए, कहा- यह गुरु दक्षिणा है

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी खुद को संत और आध्यात्मिक गुरु बताता है। आध्यात्मिक जुड़ाव के कारण वह उसके संपर्क में आई थी। आरोपी ने उसे गोशाला ढूंढने और आश्रम में भंडारे की सेवा का काम सौंपा था। पीड़िता के अनुसार, धार्मिक यात्रा में देर होने पर आरोपी ने उसे आश्रम में रुकने के लिए कहा और उसके साथ संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने इसे गुरु दक्षिणा बताया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ बार-बार संबंध बनाए, लेकिन बाद में विवाह से इनकार कर दिया और धमकी दी। इसके बाद 1 अगस्त 2026 को उसने उज्जैन के जेएमएफसी न्यायालय के सामने बयान दर्ज कराया। इसमें उसने आरोप लगाया कि आरोपी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ संबंध बनाए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसने फ्लैट खरीदने के लिए आर्थिक मदद का आश्वासन दिया था।

शासन पक्ष और पीड़िता के अधिवक्ता योगेंद्र भटवारिया ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। अदालत ने जांच के दौरान जब्त वॉट्सऐप चैट, दो तस्वीरों और अन्य सामग्री का अवलोकन किया। उपलब्ध सामग्री के आधार पर पीठ ने माना कि प्रथम दृष्टया दोनों के बीच संबंध होने के संकेत मिलते हैं। इन्हीं तथ्यों और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने ज्ञानदास महाराज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायालय के आदेश में पीड़िता की पहचान और आरोपी का नाम गोपनीय रखा गया है।

### बचाव पक्ष का दावा- ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने की कोशिश

आरोपी के अधिवक्ता विवेक सिंह ने अदालत में दलील दी कि पीड़िता 36 वर्षीय बालिग महिला है और आरोपी को ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने का प्रयास कर रही है। बचाव पक्ष के अनुसार, आरोपी ने 7 जुलाई 2026 को महाकाल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 27 जुलाई 2026 को उज्जैन के जेएमएफसी न्यायालय में निजी शिकायत भी दायर की गई थी। आरोपी का दावा है कि पीड़िता ने उसे अपने कमरे पर खाना खाने के लिए बुलाया था। वहां उसे नशीला पदार्थ दिया गया और उसकी निजी तस्वीरें लेकर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। बचाव पक्ष ने अदालत में वॉट्सऐप चैट और यूपीआई भुगतान के स्क्रीनशॉट भी पेश किए।

रोकस बैठक में बाह्य एवं आंतरिक रोगियों की रसीदों में वृद्धि करने का निर्णय

# मरीजों के परिजनों के लिए सुविधा विकसित होगी

## मरीजों की बढती संख्या को देखते हुए बीडीसी कंपनी से 4 बोरिंग करवाए जाएंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

रोगी कल्याण समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि नवीन टीन शेड कैंटीन के सामने उपलब्ध खाली स्थान पर किसी संस्थान के सहयोग से निर्माण कर उपचाररत मरीजों के आगंतुकों के भोजन एवं आराम के लिए विकसित किया जाएगा। सर्वसम्मति से ओपीडी/आईपीडी रसीदों में प्रदेश के एचएमआईएस निर्देशों के पश्चात वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। चरक भवन एवं परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का थर्ड पार्टी तकनीकी मूल्यांकन करवाए जाने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में किसी भी घटना पर पैनी नजर रखी जा सके। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत में सचिव रोगी कल्याण समिति डॉ. संगीता पलसानिया ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की। कलेक्टर ने जनहित एवं सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत भविष्य में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की भीड़ को देखते हुए बीडीसी कंपनी से 04 बोरिंग करवाए जाने के निर्देश दिए।

### ये निर्णय भी हुए बैठक में

- एनआईसी भोपाल से संचालित ई-हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर में टीएमटी, पीएफटी एवं ईको के लिए जारी आदेश के अनुरूप रुपये जमा करने का मॉड्यूल शीघ्र जोडा जाए।
- अनुमानित आय-व्यय वर्ष 2026-27 एवं वास्तविक आय-व्यय वर्ष 2025-26 को पारित किया। नवीन आय के स्त्रोतों की तलाश करने के आदेश।
- सर्वसम्मति से ओपीडी/आईपीडी रसीदों में प्रदेश के एचएमआईएस निर्देशों के पश्चात वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। एनक्यूएएस री-सर्टिफिकेशन हेतु साइनज/फ्लेक्स बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- ई-हॉस्पिटल सेवा हेतु नवीन काउंटर निर्माण का प्राकलन नियमानुसार प्रस्तुत किया जाएगा। जारी आउटसोर्स सेवाओं की निविदाओं को शीघ्र नियमानुसार क्रियान्वित करने के सख्त निर्देश ।
- चरक भवन के लेक्ट्रिकल/सिविल कार्यों के लिए वार्षिक एएमसी करवाने हेतु स्वास्थ्य विभाग की उप यंत्री श्रीमती नेहा निर्मल को आदेशित किया गया।
- जनता के लिए परिसर में नवीन फ्रेश रूम्स की स्थापना एवं कचरा संग्रहण गाड़ी/कंटेनर नगर निगम उज्जैन से उपलब्ध करवाने के निर्देश ।
- एनआरसी/एसएनसीयू/पीआईसीयू में उपचाररत नवजात शिशुओं एवं शिशुओं के लिए प्रिंटेड बेडशीट क्रय का निर्णय , व्यय अल्प मात्रा में होने के कारण सांसद एवं विधायक से चर्चा कर उनकी निधि से कार्य करवाया जाए।
- चरक भवन के पीछे की बाउंड्री दीवार की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय।
- कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा सीएसआर फंड जुटाकर जनता को बेहतर सेवाएं प्रदाय करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कूमट ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रसूति विभाग में आने वाली महिलाओं तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों को किसी भी स्थिति में इलाज में देरी या असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने समयबद्ध एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, बर्थ वेटिंग रूम, आयुष विंग, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), लिफ्ट व ड्रेनेज सिस्टम तथा आइसोलेशन वार्ड सहित अस्पताल के विभिन्न प्रमुख विभागों का गहन मुआयना कर स्वास्थ्य सेवाओं और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने विशेष रूप से तृतीय तिमाही की हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनके त्वरित व समयबद्ध उपचार तथा निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने बर्थ वेटिंग रूम का निरीक्षण कर दूर-दराज से आने वाली गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों के लिए भोजन, पेयजल, स्वच्छता तथा विश्राम की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।ओपीडी में मरीजों की कतार प्रबंधन, डॉक्टरों की उपस्थिति एवं दवा वितरण कक्ष की व्यवस्था के साथ ही आइसोलेशन वार्ड में संक्रमण नियंत्रण तथा आवश्यक जीवन रक्षक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा की गई।

विधान में 700 श्रीफल समर्पित करेंगे

# लाखो श्रीफल से होगा सामूहिक महाअर्घ्य आज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज संसघ के पावन सानिध्य में शहर के सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से पहली बार लाखो श्रीफल (नारियल) से सामूहिक महाअर्धय समर्पित कर रक्षाबंधन महामहोत्सव का ऐतिहासिक जश्न शुक्रवार 28 अगस्त को दलाल बाग परिसर में आयोजित होगा।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इसे श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के प्रत्येक सौभाग्यशाली जैन परिवार विधान में 700 श्रीफल समर्पित करेंगे। श्रीफल की यह कुल संख्या लाखो से अधिक होगी। इसके पूर्व कभी भी शहर में इस तरह के रक्षाबंधन विधान महामहोत्सव का विशाल आयोजन नहीं हुआ है। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति की ओर से चक्रवर्ती आकाश दिपीका कोल शिवानी-नवीन गोधा, तृप्ति-हर्ष जैन, सपना-मनीष गोधा, अंतिका-आनंद गोधा ने बताया कि महोत्सव में शुक्रवार को सुबह 6 बजे से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं राष्ट्रसंत के पाद प्रक्षालन, 6.30 बजे से मंगलाचरण, रक्षाबंधन पूजन एवं 7 बजे से सामूहिक रक्षाबंधन विधान का अनूठा आयोजन होगा। सुबह 8.45 बजे से धर्म संस्कृति की रक्षा और श्रावक के कर्तव्य पर राष्ट्रसंत के विशेष प्रवचन होंगे।

सुबह 10 बजे से वात्सल्य सूत्र का दिव्य आयोजन भी होगा। शहर में पहली बार हो रहे इस महोत्सव में देशभर के श्रद्धालु और समाज बंधु शामिल होंगे। इसी दिन संध्या को 6 बजे से जिज्ञासा समाधान का आयोजन भी दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में होगा। बालब्रह्मचारी प्रदीप भैया, पारस भैया के निर्देशन में रक्षा बंधन महामडल विधान सम्पन्न होगा।

# मायास मेकअप एकेडमी का शुभारंभ, बाबा का जन्मदिन भी मनाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**




शहर के सुखलिया क्षेत्र में सौंदर्य एवं मेकअप प्रशिक्षण के क्षेत्र में नई पहल के रूप में ह्यमायास मेकअप एकेडमीह्न का भव्य शुभारंभ किया गया। 26 अगस्त को आयोजित उद्घाटन समारोह में कान्हा बाबा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खास बात यह रही कि इसी अवसर पर कान्हा बाबा का जन्मदिन समारोह भी उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एकेडमी से जुड़े लोगों, शुभचिंतकों और आमंत्रित अतिथियों ने कान्हा बाबा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की। सुखलिया स्थित 131 करास देव नगर, मोहन सागर स्क्वायर के समीप शुरू हुई मायास मेकअप एकेडमी का उद्देश्य मेकअप और ब्यूटी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं एवं महिलाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारना है।

### ब्यूटी एवं मेकअप इंडस्ट्री में रोजगार और स्वरोजगार की अनेक संभावनाएं

एकेडमी के माध्यम से मेकअप कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। ग्रैंड ओपनिंग के अवसर पर एकेडमी परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। समारोह में मौजूद लोगों ने नई शुरूआत के लिए एकेडमी संचालकों को शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने कहा कि आज के दौर में ब्यूटी एवं मेकअप इंडस्ट्री में रोजगार और स्वरोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। ऐसे में प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर को व्यवसाय में बदलने का अवसर मिल सकता है।मायास मेकअप एकेडमी का शुभारंभ और कान्हा बाबा का जन्मदिन समारोह एक ही अवसर पर होने से कार्यक्रम दोहरी खुशी का मौका बन गया। समारोह में मौजूद लोगों ने इस यादगार अवसर को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में आशीर्वाददाता पृथ्वीराज टटवारिया ललिता टटवारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# 75 लाख के चोरी हुए मोबाइल राखी के पहले लोगों को सौंपे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

साइबर क्राइम के प्रति इंदौर जिले में जिस तरह से क्रांति आई है। उसका श्रेय पुलिस साइबर और क्राइम दोनों को ही जाता है। ऐसे में एक बार फिर साइबर क्राइम के एक्सपर्ट अधिकारी राजेश दंडोतिया और उनकी टीम ने महाराष्ट्र के साथ अन्य राज्यों से बड़ी कंपनी से लेकर छोटी कंपनी तक के मोबाइल ढूंढ कर ला दिए। राजेश दंडोतिया ने अभी तक हजारों ऐसे सेमिनार, जागरूक अभियान , विभिन्न संस्थाओं के साथ अपने ही विभाग के साथ अन्य सैकड़ों जगह चलाए जिसका परिणाम यह है कि आज साइबर के मामले में लोगों में जागरूकता भी आई है। घूम हुए मोबाइल को पाकर लोगों ने पुलिस विभाग की प्रशंसा तो की ही वही दंडोतिया द्वारा ट्रैफिक अवेयर नेस के कार्यक्रम को लेकर तारीफ की।

प्रेमी और उसके माता-पिता ने गला घोंटकर की थी नाबालिग की हत्या

# देवास मर्डर केसः नाबालिग को पहले कुएं में फेंका शव उपर आया तो पत्थरों से बांधकर तालाब में डुबोया

## पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, पॉक्सो में केस दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास**

दूरस्थ अंचल के हरणगांव थाना क्षेत्र में पिछले दिनों तालाब में पत्थर से बंधे मिले किशोरी के शव के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। किशोरी की हत्या उसके प्रेमी व उसके माता-पिता ने मिलकर की थी। इसके बाद शव को घर के पास ही कुएं में फेंक दिया था।

शव उतराने का पता चलने के बाद इन्होंने शव को बाहर निकाला और साड़ी से दो वजनी पत्थर बांधकर तालाब में फेंक दिया था। मामले में तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम खिवनी निवासी किशोरी एवं ग्राम रीछीखो निवासी जबर सिंह के बीच प्रेम प्रसंग था। कुछ दिन पहले किशोरी अपने माता-पिता के पास से जबर सिंह के यहां चली गई थी और वहीं रहने लगी थी। यहां जबर सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बीमार होने पर उसने उपचार करवाने की बात कही तो जबर सिंह, जबर के पिता टीकाराम बारेला, जबर की मां सावित्रीबाई बारेला ने किशोरी से विवाद किया और तीनों ने मिलकर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी।

मामले में तीन दिन पहले किशोरी का शव मिलने के बाद मर्ग कायम कर एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी ने जांच शुरू की। पीएम रिपोर्ट, किशोरी के स्वजन व अन्य के बयान के बाद हत्या, अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट आदि में प्रकरण दर्ज किया गया।

### जलस्तर कम होने पर दिखे थे शव के हाथ-पैर

ग्रामीणों व पुलिस के अनुसार जिस तालाब में शव फेंका गया था, उसका जलस्तर कई दिनों से वर्षा नहीं होने के कारण कम हो रहा था। इसी दौरान शव के हाथ-पैर नजर आए थे। इसके बाद जब शव बाहर निकलवाया गया तो उसमें वजनी पत्थर बंधे होने का पता चला था।

मामले में पहले प्रेम विवाह की बात सामने आई थी लेकिन जांच में विवाह संबंधी किसी प्रकार के प्रमाण नहीं मिले हैं। पहले मृतका को बालिग बताया जा रहा था लेकिन दस्तावेजों के आधार पर नाबालिग की पुष्टि हुई है। तीनों आरोपी गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिए गए हैं।

**- आदित्य तिवारी, एसडीओपी कन्नौद**

# महाकाल मंदिर परिसर में अब दौड़ेंगी फायर ब्रिगेड बाइक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

महाकाल मंदिर और आसपास की तंग गलियों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अब बड़ी फायर ब्रिगेड के पहुंचने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति तीन हाईटेक ह्यफायर बाइकह्न तैयार करवा रही है।

ये बाइक संकरी गलियों और श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच तेजी से घटनास्थल तक पहुंचकर शुरूआती स्तर पर आग पर काबू पाने का काम करेंगी। इसके लिए समिति ने करीब साढ़े 25 लाख रुपये का प्रावधान किया है।

फायर बाइक को इस तरह तैयार किया जाएगा कि यह सामान्य मोटरसाइकिल की तरह चलने के साथ ही छोटी मोबाइल फायर यूनिट के रूप में काम कर सके। इसका बेस मॉडल 350 सीसी बुलेट या उसके समकक्ष होगा। बाइक में न्यूनतम 19 एचपी पावर और 28 एनएम टॉर्क रखा गया है, ताकि फायर फाइटिंग उपकरण लगे होने के बावजूद इसे भीड़ वाले क्षेत्र में तेजी से चलाया जा सके।

### सायरन से लेकर स्नेक कैचर तक

फायर बाइक को फायर इंजन रेड रंग में तैयार किया जाएगा। इसमें सायरन, पीए सिस्टम, इमरजेंसी फ्लिकर लाइट, 2 किलो का एबीसी फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, वॉकी-टॉकी होल्डर और हेलमेट माउंटेड टॉर्च रहेगी। मंदिर क्षेत्र में सांप निकलने जैसी आपात स्थिति के लिए स्नेक कैचर इक्विपमेंट भी उपलब्ध रहेगा।

## न्यूज कालम




## वीर जवानों के सम्मान में सांदीपनी एकेडमी का अनूठा राखी उत्सव

**सनावद।** रक्षाबंधन पर्व को देशभक्ति और संस्कारों से जोड़ते हुए सांदीपनी एकेडमी, सनावद में च्क्रड्डद्मद्धद्ब द्धशह्ल ह्लह्व स्शद्यस्त्रद्बद्गह्म्ज्ज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने हाथों से आकर्षक राखियां तैयार कर उन्हें देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिक भाइयों के नाम समर्पित किया। बच्चों ने राखियां बनाते समय सैनिकों के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता की भावना व्यक्त की। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई राखियों को सांदीपनी एकेडमी परिवार की ओर से देश के वीर जवानों को पोस्ट किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के हाथों से बह्वनी ये राखियां महज एक धागा नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में दिन-रात डटे सैनिकों के प्रति सम्मान, आभार और देशप्रेम का संदेश हैं। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को सैनिकों के त्याग और राष्ट्रसेवा से परिचित कराने के साथ उनमें संस्कार, संवेदनशीलता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। रक्षाबंधन के इस विशेष अवसर पर सांदीपनी एकेडमी परिवार ने देश की सीमाओं पर तैनात सभी वीर सैनिकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा को नमन किया।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत न.पा. अधिकारी ने क्षेत्रों का निरीक्षण किया



**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। भ्रमण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, नालियों की स्थिति, निर्माण कार्य, अवैध अतिक्रमण (निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट) सहित नगर की विभिन्न व्यवस्थाओं का मौके पर निरीक्षण किया गया। नवागत द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्वच्छता निरीक्षक एवं संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चित रूप से कचरा फेंकने वाले नागरिकों को मौके पर समझाइश एवं चेतावनी दी गई तथा आवश्यकता अनुसार चालानी कार्रवाई भी की गई। इस दौरान जन प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## महंगे नशे एमडी के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त



**खरगोन।** जिले में तेजी से पैर पसार रहे नशे के कारोबार में अब महंगा नशा भी परोसा जा रहा है। इसका खुलासा पुलिस कार्रवाई से हुआ है। ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने तीन एमडी ड्रग्स के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार से तस्करी करने निकले तीन बदमाशों से 70 ग्राम ड्रग्स सहित कार जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में गुंडा लिस्ट और जिलाबदर रह चुका तनवीर भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर 25 अगस्त कोतवाली खरगोन निरीक्षक बनवारी लाल मंडलोई के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जामली में खाटू श्याम मंदिर के पास चित्तौडगढ़- भुसावल बायपास मार्ग पर नाकाबंदी की। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 09 बीक्यू 0412 को रोका गया। कार में तनवीर पिता मेहमूद पठान निवासी अमन नगर खरगोन, शाहनवाज उर्फ शानू पिता सिराज जिंद्रान निवासी घासपुरा खंडवा हाल मुकाम मुल्लानवाड़ी खरगोन और आसिफ पिता आरिफ खान निवासी मदीना मस्जिद के पास आजाद नगर, इंदौर सवार थे।कार की तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से दो छोटी प्लास्टिक की पन्नियों में सफेद रंग का पदार्थ और एक छोटा मोबाइलनुमा इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा मिला। जांच करने पर यह पदार्थ एमडी ड्रग्स पाया गया, जिसका कुल वजन ७० ग्राम था। तीनों आरोपियों एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस आरोपियों से इस महंगे नशे के नेटवर्क और अन्य सप्लायरों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है। तनवीर के खिलाफ पूर्व में भी 9 अपराध दर्ज हैं। वह गुंडा लिस्ट में शामिल होने के साथ जिला बदर भी रह चुका है।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संतोष मेडतवाल को डिस्ट्रिक्ट गर्वनर खंडेलवाल ने किया सम्मानित

**जावरा ।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के 2025-26 में रीजन चेयरमेन के रूप में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने वाले संतोष मेडतवाल को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने मेडतवाल द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान सेवा गतिविधियों के प्रभावी संचालन, संगठनात्मक दायित्वों के सफल निर्वहन तथा समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि सत्र 2025-26 में संतोष मेडतवाल की उत्कृष्ट सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान मिला। इंटरनेशनल प्रेसिडेंट ए. पी. सिंह द्वारा उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया था। एक ही सत्र में जिला एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त ये सम्मान उनके सेवा कार्यों एवं नेतृत्व क्षमता की उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा हैं। मेडतवाल ने सम्मान के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं समस्त लायन साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।



# विकास कार्यों में लापरवाही पर विधायक कंचन तनवे सख्त, अधूरे कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर विधायक कंचन मुकेश तनवे लगातार क्षेत्र का दौरा कर निर्माण कार्यों का जायजा ले रही हैं। बुधवार को उन्होंने ग्राम सहेजला एवं पीपलकोटा पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यों में देरी और अधूरे निर्माण को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

ग्राम सहेजला में खंडवा जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के सुपुत्र दिव्यादित्य शाह द्वारा मां आशादेवी मंदिर से भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं मां नर्मदा जी तक निकाली जा रही भव्य सुनारी यात्रा का विधायक कंचन तनवे एवं उनके समर्थकों ने स्वागत किया।



इसके बाद विधायक तनवे ग्राम पीपलकोटा पहुंचीं। यहां करीब एक माह पूर्व उनके द्वारा सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया था। मौके पर निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने पर विधायक ने संबंधित अधिकारी से फोन पर चर्चा की और कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। मौके पर गिट्टी, रेत एवं सीमेंट सहित निर्माण सामग्री पहुंची हुई थी।

इसके बाद विधायक ने ग्राम पीपलकोटा स्थित स्कूल परिसर में निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड में निर्माण कार्य पूर्ण दर्शाए जाने के बावजूद मौके पर बाउंड्रीवाल अधूरी मिली। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी विधायक ने नाराजगी जताई।

विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारी से फोन पर चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया तथा पंचायत सचिव के संबंध में जानकारी ली। अधिकारी द्वारा सचिव का मोबाइल बंद होने की जानकारी दिए जाने पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा, च्अधिकारी का मोबाइल बंद है, जबकि हमारा मोबाइल 24 घंटे जनता के लिए चालू रहता है। विधायक ने सचिव के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा बाउंड्रीवाल निर्माण की जांच कराकर उसे गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यों में लापरवाही, अनियमितता अथवा शासकीय रिकॉर्ड में गलत जानकारी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।




## ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर मुंदी में देखा एकता का नजारा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मुंदी/खंडवा

मुस्लिम समाज के पर्व ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को नगर में दिखा अनोखा नजारा जहां दलगत राजनीति से उठकर हिंदू मुस्लिम समाज के और राजनीतिक लोगों ने एक साथ शामिल होकर स्वर्गीय अता हुसैन मलिक की दुकान पर इकट्ठा होकर एक हाथ में तिरंगा और एक हाथ में मुस्लिम समाज के झंडे को लेकर निकले और नगर के मार्ग से निकलते हुए भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने भर्ती मरीजों को बिस्किट फल और कंबल वितरित किए इस दौरान भाजपा नेता दीपक पटेल ने कहा कि नगर में हमेशा से हिंदू मुस्लिम एकता मजबूती के साथ दिखाई देती है।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी मानवता को प्रेम, सद्भाव, करुणा और इंसानियत की राह दिखाई। उनकी शिक्षाएं समाज में आपसी भाईचारा और शांति कायम रखने की प्रेरणा देती हैं।इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ कुरेशी साहब कांग्रेस के नेता लक्ष्मी चंद गुर्जर, सलीम खत्री गब्बर खत्री इम्तियाज खान सोनू, लोकेश राठौर,सदन मराठा, आदि मौजूद थे।

# लायंस नेत्र चिकित्सालय का इंटरनेशनल तृतीय वाइस प्रेसिडेंट ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

लायन्स क्लब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टॉप-10 क्लबों में शामिल है। लायन्स इंटरनेशनल में सेवा के तीर्थ के रूप में पहचाना जाता है। यहाँ की आधुनिक व्यवस्थाओं, अत्याधुनिक मशीनों और मरीजों की संतुष्टि को देखकर अत्यंत आनंद की अनुभूति हुई। लायन्स क्लब द्वारा सेवा और समर्पण के साथ किया जा रहा कार्य अत्यंत अनुकरणीय है। लायन्स इंटरनेशनल के तृतीय वाइस प्रेसिडेंट . सी. रोबर्ट रेथबी (स्विट्जरलैंड) ने

नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण करने के उपरांत आयोजित पारिवारिक सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में इंटरनेशनल डायरेक्टर एंड्रोसी कुलभूषण मित्तल, मल्टीपल चेयरपर्सन प्रवीण वशिष्ठ, डिस्ट्रिक्ट




गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राजेन्द्र सोडानी, एवं योगेन्द्र रूणवाल व जी 2 के गवर्नर महेश मालवीय ने चिकित्सालय परिसर स्थित श्री गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर चिकित्सालय का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से संवाद किया। अनिल धारीवाल द्वारा ध्वज वंदना, दीप प्रज्वलन किया। अध्यक्ष सुधीर जैन ने स्वागत भाषण देते हुए क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी।

अतिथि रोबर्ट रेथबी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष सुधीर जैन, सचिव संदीप रांका, कोषाध्यक्ष विपिन चौरडिया, संयोजक डॉ. शैलेंद्र पाण्डेय और पूर्व अध्यक्षों व सदस्यों ने किया।

लायन्स क्लब के प्रत्येक साथी ने लायन्स इंटरनेशनल के तृतीय वाइस प्रसिडेंड . सी रोबर्ट रेथबी को पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शर्मा ने किया एवं आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ. शैलेंद्र पाण्डेय ने माना।

## जश्ने ईद ए- मिलादुद्दीन नबी पर निकला विशाल जुलूस

**जावरा।** मुस्लिम समाज में बुधवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन जश्ने ईद ए मिलादुद्दीन नबी अकीकत के साथ मनाया ।इस मौके पर शहर के गली मोहल्लों बाजारों में आकर्षक विद्युत सजावट की गई ।कर्बला मैदान से प्रातः सीरत कमेटी की सर परस्ती में इत्तेफाक कमेटी के नेतृत्व में जुलूस शहर के प्रमुख मोहल्ले बाजारों से निकला ।इस दौरान शहर में जगह-जगह मंच बनाकर जुलूस का इस्तकबाल किया गया । सीरत कमेटी सदर मोहम्मद साबिर सेठ इत्तेफाक कमेटी के पेपा पहलवान एवं नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कडपा आदि भी जुलूस में साथ चल रहे थे ।जुलूस में चौराहा चौराहा पर खाट पर घोड़ी का नृत्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।



**जुलूस के तुरंत बाद नपा ने कराई सफाई**

नगर में जुलूस का जगह-जगह विभिन्न खाद्य पदार्थ पेयजल एवं फल फ्रूट व अन्य सामान का वितरण कर स्वागत किया गया। जुलूस समापन के तुरंत पश्चात नगर पालिका ने शहर की सड़कों से तत्काल सफाई करवाई गई। सफाई कर्मियों आदि कर्मचारियों ने जुलूस मार्ग पर पहुंचकर कचरा हटाया और सड़कों को स्वच्छ किया। नगर पालिका की इस तत्परता से जुलूस के बाद शहर की सड़कों पर साफ सफाई बहाल हुई ।इसकी नागरिकों ने सराहना की।

## आईटीआई में प्रवेश 2026 हेतु फिलिंग प्रारंभ

**बड़वानी ।**शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि शासकीय आईटीआई पाटी जिला बडवानी में सत्र 2026-27 की रिक्त सीट इलेक्ट्रीशियन-2, फिटर-1, मैकेनिक डीजल- 20, वेल्डर-10, सोलर टेक्निशियन-2, एवं कोपा-30 पर प्रवेश के लिए 6 कालेज लेवल काउंसलिंग राउण्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया 25 अगस्त से प्रारंभ होकर 29 अगस्त तक रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल एमपी ऑनलाईन से या अपनी नजदीकी आईटीआई से नया पंजीयन और च्वाइस फिलिंग स्वेच्छा से अधिकतम 5 व्यवसाय के लिए कर सकते हैं। 31 अगस्त को संस्था के कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य रहेगा।



## कलश वंदन यात्रा में शामिल हुए कार्यकर्ता, संत रविदास के संदेश को किया याद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के नेपानगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खकनार मंडल में भाजपा द्वारा गुरु रविदास की 650 वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा में विधायक मंजू दादू, जिला प्रभारी और जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, पूर्व विधायक सुमित्रा कासडेकर, जिला महामंत्री संजय जाधव, खकनार मंडल अध्यक्ष महेंद्र योगी, सागर राजोरिया, निलेश सातारकर, अशोक पटेल, खकनार मंडल प्रभारी निलेश चौकसे, ओम चौकसे सहित भाजपा कार्यकर्ता और समाजजन उपस्थित रहे।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास ने समाज को समानता, समरसता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। भेदभाव से मुक्त, समरस और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।

## नि:शुल्क श्रावणी उपाकर्म आज

**नीमच।** ब्राह्मण सोश्यल ग्रुप, नीमच के तत्वावधान में स्व. श्री बद्रीप्रसाद शर्मा की स्मृति में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन आज 28 अगस्त, को प्रातः 8 बजे से शिवघाट पर रखा गया है। जहां प्रातः 8 बजे हेमादी स्नान एवं तर्पण क्रिया रहेगी। तत्पश्चात सत्यनारायण मंदिर, स्कीम नं. 09 पर हवन एवं यज्ञोपवित का कार्यक्रम महंत अयोध्यादास शास्त्री के सानिध्य में एवं सभी कार्यक्रम घनश्याम शास्त्री चल्दुवाले के आचार्यत्व में सम्पन्न करायें जावेंगे। यह कार्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क रहेगा। यह ब्राह्मण समाज का महापर्व है। जिसमें सात पीढ़ी का पितृ तर्पण या अतिमहत्वपूर्ण कर्म भी होता है। सभी विप्र बंधु इस कार्यक्रम में सहभागिता निभा कर अपने एवं समाज के कल्याण हेतु अपना दायित्व निभाएं। ।

## मैंटेनेंस के कारण बिजली बंद रहेगी

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बड़वानी के सहायक यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी अनुसार 29अगस्त बुधवार को प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक 11 केव्ही एमजी रोड़ फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिस कारण से पाला बाजार, बोहरा मस्जिद, जैन मंदिर, कालका माता मंदिर, चंचल चौराहा, स्नेह नगर, बोहरा बाखल, नाई मोहल्ला, लक्ष्मी टाकीज व आसपास के क्षेत्र में विद्युत बंद रहेगी ।

## नर्मदा चुनरी यात्रा का मुंदी में जोरदार स्वागत

**मुंदी।** मंत्री विजय शाह के सुपुत्र एवं जिला पंचायत खंडवा के उपाध्यक्ष दिव्यदित शाह के द्वारा छनेरा से ओंकारेश्वर तक मां नर्मदा चुनरी यात्रा का बुधवार को नगर आगमन पर गणगौरचौक व बस स्टैंड पर आत्मीय अभिनंदन और स्वागत किया । जहां गणगौर चौक पर भाजपा विधायक नारायण पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदू दुबे नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला राठौर नगर परिषद मुंदी के उपाध्यक्ष राज नारायण मंडलोई भाजपा नेता दीपक पटेल भाजपा जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश सोनगरे भाजपा नगर अध्यक्ष सदन मराठा पार्षद धम्मू राठौर पार्षद सखाराम निमोले एवं भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। बस स्टैंड से यात्रा केनुद चौराहा होते हुए ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुई। यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष सोनी भी मौजूद रहे ।




## सरकारी कॉलेजों में सुविधाओं की मांग को लेकर अभाविप का हुंकार अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

शासकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को प्रदेशव्यापी विद्यार्थी हुंकार अभियान के तहत प्रदर्शन किया। अभियान के तहत विद्यार्थियों ने आक्रोश रैली निकाली। कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अभाविप ने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के कई शासकीय महा विद्यालयों में विद्यार्थी स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त शौचालय, व्यवस्थित कक्षाएं, फर्नीचर, बिजली, पुस्तकालय, एक्सपेरिमेंट शालाएं, खेल सुविधाएं, इंटरनेट तथा सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण आवश्यक है। सरकार को इन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। अभाविप के मालवा प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने बताया कि कई महाविद्यालयों में बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त हैं, विवेकानंद करियर गाइडेंस सेल निष्क्रिय हैं, कैंटीन बंद हैं और पुस्तकालयों में पठन सामग्री की कमी है। कंप्यूटर व विज्ञान एक्सपेरिमेंटशालाओं में उपकरणों का अभाव है। उन्होंने तत्काल सर्वे कराकर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य कराने और आवश्यक बजट उपलब्ध कराने की मांग की। मालवा प्रांत सह मंत्री निर्मल चौहान ने कहा कि अभाविप विद्यार्थियों की इन जायज मांगों को लेकर निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

# राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर गजेंद्र पटेल का भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन बुधवार रात करीब 9 बजे बड़वानी में हुआ। रेवा सर्कल चौराहा पर मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे के नेतृत्व में नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि खुली जीप में स्वागत रैली प्रारंभ हुई। श्री पटेल ने मार्ग में बड़ी संख्या में मौजूद बड़वानीवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। शहर में 50 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने पुष्पहार, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

स्वागत के दौरान बड़ी क्रेन के माध्यम से विशाल फूलों की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं कई स्थानों पर जेसीबी एवं डंपर में फूल भरकर पुष्पवर्षा की गई। शहर के प्रमुख चौराहों, गली-मोहल्लों में रंग-बिरंगी आतिशबाजी से उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया।




स्वागत रैली ओलंपिक चौराहा, अंजड़ नाका, कारंजा, मोटीमाता मन्दिर, एमजी रोड, रणजीत चौक, झंडा चौक एवं राजघाट रोड होते हुए देर रात करीब 12 बजे भाजपा कार्यालय पहुंची। यहां जिला अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी एवं जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव सहित पदाधिकारियों ने श्री पटेल का आत्मीय स्वागत किया। मातृ शक्ति ने तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

स्वागत भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है कि बड़वानी का कार्यकर्ता अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। इससे कार्यकताओं का मान-सम्मान बढ़ा है, लेकिन संगठन के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ी है। हम सभी को एकजुट होकर भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।

नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि आज जिस मुकाम पर वे पहुंचे हैं, उसमें उनके माता-पिता के साथ ही सभी कार्यकताओं और बड़वानीवासियों के आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, च्यह मेरा नहीं, बल्कि आप सभी कार्यकताओं का सम्मान है। मेरा स्वागत तभी सार्थक होगा, जब जिले के प्रत्येक बूथ पर हम कमल खिलाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करेंगे।ज्ज

उन्होंने कहा कि वे आज भी अपने आपको आप सभी की तरह एक छोटा सा कार्यकर्ता मानते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी अब और अधिक बढ़ गई है और वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जो छोटे से क्षेत्र के सामान्य कार्यकर्ता को भी सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का अवसर देता है।

## न्यूज -कॉलम

### अलसुबह 5 बजे तराना में आबकारी टीम की दबिश



**उज्जैन।** अवैध शराब परिवहन के साथ बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देशन में लगातार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में तराना तहसील के ग्राम करंज में अवैध शराब का जखीरा एक मकान में रखा होने की खबर मिलने पर गुरूवार तडके तराना प्रभारी अधिकारी रानीसिंह के साथ टीम ने दबिश मारी जहां से विनोद सोलंकी को हिरासत में लिया गया और मकान की तलाशी ली गई। जहां से 9 पेटी देशी-विदेशी शराब की बरामद हो गई। आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि बरामद शराब 79.86 बल्क लीटर है। जिसकी कीमत 42 हजार रूपये सामने आई है। हिरासत में लिये गये आरोपी विनोद सोलंकी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) और 34(2) का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। तडके दबिश पर गई टीम को तराना के ग्राम बघेरा में रामप्रसाद और मगनबाई के घर से भी शराब का अवैध कारोबार होने की सूचना मिली थी। टीम ने वहां दबिश दी तो हाथभट्टी से बनी 10 लीटर शराब बरामद हो गई।

### मृतक की पहचान नहीं होने पर दफनाया शव

**उज्जैन।** गऊघाट पर सफाईकर्मी की सूचना पर नीलगंगा थाना पुलिस ने जंतर-मंतर के पास से बुधवार सुबह एक अधेड व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक के पास एक झोला मिला था, लेकिन पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों की तलाश शुरू की थी, 24 घंटे बीत जाने के बाद गुरूवार दोपहर तक उसकी पहचान का कोई सुराग नहीं मिल पाया। एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया गया है। आसपास के जिलों में मृतक का फोटो भेजा गया है। परिजनों की जानकारी मिलने पर उन्हे बयान के लिये बुलाया जायेगा। मौत की वजह संभवत: बीमारी प्रतीत हो रही है, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर होगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल की चरक अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** सडक दुर्घटना में ग्राम लोगडी का रहने वाला परथी पिता घीसूलाल चौहान 45 साल गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उपचार खर्च अधिक आने पर परिजन गुरूवार दोपहर चरक अस्पताल लेकर आ गये थे, जहां कुछ देर बाद परथी की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने कि मामला आगर-मालवा के सुसनेर का है। घायल को उपचार के लिये थाना क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां परिवार चरक अस्पताल ले आया था, मामले में मर्ग डायरी सुसनेर थाना पुलिस को जांच के लिये भेजी जायेगी।

### भिड़ंत के बाद खड़े ट्रक से टकराई कार, 5 घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पर नरवर थाना क्षेत्र में ग्राम दताना स्थित हवाई पट्टी के पास ओव्हर ट्रेक कर रही कार से भोपाल के परिवार की कार की भिडंत हो गई थी। परिवार की कार का संतुलन बिगड गया था और वह सडक किनारे खडे ट्रक में जा घुसी थी। घटनाक्रम में देवीसिंह राजपूत 40 साल, शिवम तोमर 26 साल, राजपाल राजपूत 39 साल, सरवन गुर्जर 40 साल निवासी भोपाल और जितेन्द्र तिवारी 37 साल निवासी मंडीदीप रायसेन घायल हो गये थे। उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हुई थी। मामले में जांच के बाद नरवर थाना पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चालक मौके से भाग निकला था, जिसकी तलाश जारी है। देवासरोड पर दुर्घटना का एक मामला पालखंदा टोल के पास हाइवे पर हुआ। देवास के आवास नगर में रहने वाले महेश पिता नगजीराम बीरगडे की कार को तेजगति से आये ट्रक ने टक्कर मारी। महेश का संतुलन बिगड गया और उसकी कार डिवाइडर पर चढ़ने के बाद क्षतिग्रस्त हो गई। उसे मामूली चोंट लगी। नरवर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 568-9 | 345-2 |
| मेन बाजार | 260-8 | 378-8 |
| कल्याण नाइट | 668-0 | 699-6 |
| मिलन डे | 390-2 | 138-2 |
| मिलन नाइट | 146-1 | 345-2 |
| मधुर डे | 178-6 | 799-5 |
| मधुर नाइट | 458-7 | 388-9 |
| शुभांक | 6 2 | 7 |

### कानीपुरा में करणी सेना के 2 गुटों में आधी रात को संघर्ष..........

# बीयर पार्टी में चले हथियार, 2 को उतारा मौत के घाट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बीयर पार्टी के दौरान करणी सेना के 2 गुटों में बुधवार-गुरूवार खूनी संघर्ष हो गया। एक गुट ने 2 को मौत के घाट उतार दिया। घटनाक्रम के बाद अस्पताल में मृतकों के परिजनों और परिचितों की भीड जमा हो गई। मृतकों के 2 साथी घायल थे, एक की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार शाम तक 5 को हिरासत में ले लिया गया था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा स्थित मार्ग पर लक्की दरबार ढाबा बना हुआ है। जहां रात में करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल दरबार उर्फ विजयप्रताप पिता दिलीपसिंह 42 साल निवासी नीमनवासा और पूर्व नगर अध्यक्ष शक्तिसिंह निवासी पंवासा पुराने विवाद को लेकर समझौता करने के लिये अपने कुछ साथियों के साथ एकत्रित हुये थे। उन्होने बीयर की पेटी मंगवाई थी, राहुल और शक्ति के बीच पूर्व में पद दिलाने की बात पर विवाद हो गया। राहुल ने शक्तिसिंह पर हमले का प्रयास किया। शक्तिसिंह ने अपने साथी सोनू बंजारा को कॉल कर बुला लिया। कुछ देर में सोनू बंजारा अपने भाई अन्ना बंजारा और 10 से 12 साथियों के साथ पहुंचा और राहुल दरबार की गाडी पर हमला कर दिया। राहुल अपने साथियों के साथ गाडी में बैठा था। हमले में राहुल के साथ उसके साथी जितेन्द्र उर्फ टम्मू पिता निर्भयसिंह पंवार निवासी उंडासा, श्रवण पिता देवीलाल निवासी नक्षत्र होटल के सामने और ढाबा संचालक पप्पू जाट घायल हो गये। राहुल को निजी अस्पताल ले जाया गया। घायल श्रवण और पप्पू जाट को चरक अस्पताल लाया गया। दूसरी ओर से शक्तिसिंह घायल हुआ था, जो पहले थाने पहुंचा था और फिर चरक अस्पताल से निजी अस्पताल चला गया। खूनी संघर्ष की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया टीम के साथ कानीपुरा पहुंच गये थे।

#### करणीसेना का मक्सी रोड पर चक्काजाम

करणी सेना से जुडे प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल दरबार और उसके साथी जितेन्द्र की हत्या होने पर गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद करणी सेना के पदाधिकारियों ने मृतकों के परिजनों और परिचितों के साथ मक्सीरोड पर चक्काजमा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रखी।





#### झाडियो में मिली जितेंद्र पंवार की लाश

घटनास्थल पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी इसी दौरान ढाबे से कुछ दूरी पर झाडियो में दूसरे युवक की लाश मिलना सामना आया। जिसकी पहचान जितेंद्र पिता निर्भयसिंह पवार 35 साल के रूप में हुई। आशंका जताई गई कि विवाद के बाद जितेंद्र ने जान बचाने के लिए भगाने का प्रयास किया होगा तभी उसे पर पीछे से आए हमलावरो ने वार किया और जान से मार दिया।

#### घायल श्रवण की शिकायत पर केस दर्ज

चरक अस्पताल लाये गये घायल श्रवण से सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने पूछताछ कर घटनाक्रम की जानकारी ली। उसने बताया कि खाना खाने के लिये ढाबे पर एकत्रित हुये थे, उसी दौरान विवाद हुआ था। शक्ति ने सोनू नामक व्यक्ति को फोन किया और अपने साथियों को बुला लिया था। श्रवण की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में शक्तिसिंह, अर्पित अटल, सोनू बंजारा, अन्ना बंजारा, रकेश बानिया, अनिल और अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया।

#### पांच आरोपियों को लिया हिरासत में

डबल मर्डर का मामला सामने आने के बाद चिमनगंज थाना पुलिस के साथ पंवासा थाना पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में गुरूवार सुबह से उनके ठिकानों पर तलाश के लिये निकल पडी थी। सबसे पहले शक्तिसिंह अटल को अस्पताल से हिरासत में लिया गया। उसके बाद अर्पित अटल, अन्ना उर्फ अनिल, राघव बैरागी और दुर्गेश उर्फ संजय परमार भी शाम तक पुलिस की हिरासत में आ गये थे।

## फंदा डालकर बुजुर्ग और युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** बुधवार-गुरूवार रात बुजुर्ग और युवक ने फंदा गले में डालकर अपने जीवन को समाप्त कर लिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। एक युवक शराब का आदी था, बुजुर्ग वृद्धावस्था की बीमारी से परेशान चल रहा था।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि गुरूवार सुबह नेहरूनगर नागझिरी क्षेत्र से खबर मिली कि मानसिंग पिता सिद्धनाथ पाटीदार 90 साल का शव मकान की प्रथम मंजिल की गैलरी में पीछे की ओर रस्सी के फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा गया। परिजनों से जानकारी लगने पर सामने आया कि वृद्धावस्था की बीमारी से परेशान चल रहे थे। संभवत इसी के चलते उन्होने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया और जांच शुरू की गई। दूसरा मामला महाकाल थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा से सामने आया।

रात 1 बजे पुलिस सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंची थी, जहां मां की साडी का फंदा बनाकर अशोक पिता केसर माली 32 साल ने फांसी लगाई थी। प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में पता चला कि अशोक की शादी नहीं हुई थी वह शराब पीने का आदी था। उसने नशे में फांसी लगाई है। परिवार में मां और एक भाई के साथ रहता था और मजदूरी करता था।

## सुसाइट नोट में लिखा मेरे मरने की वजह नंदकिशोर

### शराब दुकान के सामने मृत मिला था युवक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शराब दुकान के सामने गुरूवार सुबह मृत अवस्था में मिले व्यक्ति के पास डायरी मिली जिसमें सुसाइड नोट मिला। जिसमें अपनी मौत का जिम्मेदार नंदकिशोर को बताते हुये पुलिस ने रूपये लेने का आरोप लगाया था।

इंगोरिया के ग्राम चिकली में रहने वाले भगवान पिता नानूराम को परिजन शराब दुकान के सामने से बेसुध हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई। मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी पुलिस को दी गई। मृतक भगवान की जेब से डायरी मिली, जिसमें कुछ पन्नो पर सुसाइड नोट लिखा हुआ था। परिजनों ने बताया कि नोट में नानूराम ने लिखा है कि मैं भगवानसिंह सुसाइड नोट लिख रहा हूं। मेरे मरने की वजह नंदकिशोर पिता विक्रमसिंह है। इन लोगों की वजह से मुझे आत्महत्या करना पडी, मेरे परिवार में मेरे अलावा देखरेख करने वाला कोई नहीं है। जयसिंह भगवानसिंह। नोट में आगे लिखा था कि मैने इस विषय में लिखित में सीएसपी साहब को सूचना दी है बावजूद इसके मुझ पर झूठा मुकदमा कायम कर दिया, मुझे और मेरे परिवार को इंसाफ मिले। उसने नानाखेडा टीआई और आरक्षक चंद्रपाल मंडलोई का नाम भी नोट में लिखा था। उसने मुझ पर झूठा आरोप लगाया कि 15 लाख वापस दिये है। पुलिस चंद्रपाल उससे मिलावा हुआ है, आये दिन फोन लगाता है। मामले में नानाखे?ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि भगवानसिंह और उकार के



खिलाफ नयाखेडी करोहन के रहने वाले नंदकिशोर ने 12 अगस्त को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धोखाधडी की शिकायत आवेदन के माध्यम से की थी। जांच से मामला जांच के लिये थाने पर आया था, शिकायत की जांच लिये भगवानसिंह को कॉल किया गया था, उसके नहीं आने पर नोटिस भी जारी किया गया था। फिलहाल अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है, मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया पुलिस को सौंपी जायेगी।

### क्षिप्रा में छलांग लगाने वाले युवक की मिली लाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंगलनाथ ब्रिज से मंगलवार-बुधवार रात 12 बजे क्षिप्रा नदी में छलांग लगाने वाले युवक की गुरूवार सुबह लाश मिल गई। ब्रिज से उसकी बाइक जीवाजीगंज पुलिस को मिली थी, शव मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा को मंगलवार रात एक प्रत्यक्षदर्शी द्वारा सूचना दी गई थी कि मंगलनाथ मंदिर के पास ब्रिज से एक युवक ने क्षिप्रा नदी में छलांग लगाई है। पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां ब्रिज पर नदी में छलांग लगाने वाले की बाइक खड़ी मिली थी। नम्बर के आधार पर युवक की पहचान अंकित पिता ग्यारसीलाल 25 साल निवासी यादव कालोनी आगर नाका के नाम रिजस्टर्ड होना सामने आई थी। पुलिस ने परिजनों को मामले की जानकारी दी थी और बुधवार सुबह होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम के माध्यम से सर्चिंग अभियान शुरू किया था, लेकिन देर शाम तक अंकित का पता नहीं चल पाया था।



गुरूवार सुबह दोबारा से सर्चिंग शुरू की जाती उससे पहले चिमनगंज थाना क्षेत्र की सीमा में क्षिप्रा नदी से युवक का शव मिलना सामने आया। उसकी तलाश में गोताखोर उतरे थे। चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश सरोठिया ने बताया कि शव उनके थाना क्षेत्र में मिलने पर मर्ग कायम किया गया और पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि अंकित की शादी नहीं हुई थी और वह मिस्त्री का काम करता था। घर से हनुमान मंदिर दर्शन करने का बोलकर निकला था। एएसआई सरोठिया के अनुसार नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का कारण सामने नहीं आया है। मामले की जांच जारी है, परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### आज रात वर्ष का अंतिम आंशिक चंद्रग्रहण

**उज्जैन।** वर्ष 2026 का अंतिम चंद्रग्रहण आज रात आंशिक स्थिति में होगा, लेकिन भारत में दिखाई नहीं देगा। जिसके चलते आज रक्षाबंधन पर इसका नकारात्मक प्रभाव नहीं माना जायेगा।

शासकीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र गुप्त ने बताया कि इस वर्ष का अन्तिम ग्रहण, चन्द्रग्रहण होगा जो 28 अगस्त 2026 शुक्रवार पूर्णिमा को हो रहा है। यह आंशिक चन्द्रग्रहण होगा। ग्रहण का प्रारम्भ रात्रि 8:03 पर होगा। मध्य की स्थिति रात्रि 9:42 पर होगी तथा मोक्ष मध्यरात्रि 11:22 पर होगा। इस प्रकार ग्रहण की अवधि 3 घंटे 19 मिनट की रहेगी। ग्रहण का प्रतिशत 93.9 होने के कारण चन्द्रमा, आंशिक ग्रहण की स्थिति में रहेगा। आंशिक चन्द्रग्रहण की स्थिति में पृथ्वी, सूर्य तथा चन्द्रमा के मध्य एकदम सीधी रेखा में नहीं होने के कारण पृथ्वी की छाया से चन्द्रमा का आंशिक भाग ही डकता है। जिससे सूर्य का प्रकाश चन्द्रमा तक पूर्णरूप से नहीं पहुंच पाता और हमें आंशिक चन्द्रग्रहण की स्थिति दिखाई देती है। यह चन्द्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। आंशिक चन्द्रग्रहण अंटार्टिका, अफ्रीका, यूरोप, एशिया, हिन्द, अटलांटिक और प्रशांत महासागर में देखा जा सकेगा।

### अमित शर्मा राम भैया के जन्मोत्सव पर आज होंगे विविध सेवा कार्य

**उज्जैन।** युवाओं के बीच कांग्रेस की विचारधारा को जीवंत रखने वाले युवा नेता अमित शर्मा राम भैया के जन्मोत्सव पर 28 अगस्त को शहर में विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अमित शर्मा मित्र मंडल द्वारा उनकी स्मृति में गोसेवा, हनुमान चालीसा पाठ और माता पूजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। मित्र मंडल के प्रमुख अमन बोरसी ने बताया कि अमित शर्मा ने युवाओं को सिखाया था कि राजनीति केवल पद नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। उनके विचारों और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज दिनभर कार्यक्रम होंगे। दोपहर 4 बजे तिलकेश्वर बस्ती स्थित तिलकेश्वर गोशाला में गोसेवा की जाएगी। शाम 5 बजे गेबी हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ और पूजा-अर्चना होगी। इसके पश्चात शाम 6 बजे हरसिद्धि माता मंदिर में पूजन और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर गूंजे सदाबहार नगमे

**उज्जैन।** ठहाका सम्मेलन समिति द्वारा पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे से देर रात तक चले इस आयोजन में 25 से अधिक संगीत संस्थाओं के 150 से ज्यादा गायकों ने मुकेश के लोकप्रिय व सदाबहार गीत गाकर उन्हें भावपूर्ण स्वरांजलि दी। ठहाका सम्मेलन समिति के संस्थापक-संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में गायक महेश मोयल को उनकी उल्लेखनीय संगीत साधना के लिए स्वर सम्राट मुकेश शिखर सम्मान 2026 से नवाजा गया। इसके साथ ही संध्या गढ़वाल, मन्नू मास्टर, गौरीशंकर दुबे, गोपाल शिंदे, मुकेश शिंदे और मुकेश गौड़ सहित अन्य प्रतिष्ठित गायकों व संगीत संस्थाओं का भी सम्मान किया गया। आयोजन में उज्जैन के अलावा महिदपुर, उन्हेल, नागदा, रतलाम, बड़नगर, तराना, कायथा, देवास और इंदौर से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर शैलेशानंद गिरी थे और अध्यक्षता कपिल यार्दे ने की। विशेष अतिथि के रूप में मुकेश यादव, अमित श्रीवास्तव, रवि राय, दीपक बेलानी और संजय यादव उपस्थित रहे। आयोजन में शहर के अनेक प्रतिष्ठित गायकों और संगीत प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सावन के लोकगीतों पर हुआ गहन मंथन

**उज्जैन।** संस्कार भारती महानगर की ओर से सावन माह में मालवी लोक संस्कृति पर आधारित मासिक संगोष्ठी कला विमर्श का आयोजन माधव नगर स्थित भारतीय ज्ञानपीठ विद्यालय परिसर में किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय मालवा में सावन के पर्व एवं गीतों की परंपरा रहा। आयोजन की बड़ी विशेषता यह रही कि संपूर्ण विमर्श मालवी बोली में ही हुआ, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह से भाग लेकर इसे पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कुलदीप दुबे ने संस्कार भारती का ध्येय गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत लोककला विभाग संयोजिका डॉ. पल्लवी किशन और इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी ने किया। डॉ. पल्लवी किशन ने कार्यक्रम की भूमिका रखी।

## तिमाही बैठक में प्रकरणों को बढ़ाने के निर्देश मिले खाद्य अधिकारियों को

### न्यू कैफे मयूरम से 54 किलोग्राम प्रतिबंधित मिठाई जप्त कर विनष्ट की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उज्जैन शहर एवं उन्हेल क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने एकत्रित किए गए। उज्जैन के शहीद पार्क के न्यू कैफे मयूरम, का निरीक्षण किया गया। यहां 54 किलोग्राम मिठाई को जप्त किया गया। शीघ्र विनष्टीकरण प्रकृति की सामग्री होने के कारण उक्त मिठाई का विनष्टीकरण कराया गया।


टीम ने राठौर नमकीन, ओल्ड बस स्टैंड, उन्हेल से मोतीपाक एवं मावा पेड़ा; कोठारी केटर्स नमकीन एंड स्वीट्स, हीरामिल रोड, उज्जैन से मावा बर्फी एवं घेवर; न्यू कैफे मयूरम, शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन से श्री कृष्णा स्पेशल मिल्क केक एवं मिल्क केक तथा जोधपुर स्वीट्स एंड नमकीन, एम.पी.बी. ऑफिस फ्रीगंज, उज्जैन से मिल्क केक के नमूने संग्रहित किए गए। उपरोक्त सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर विधिवत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

#### जोधपूर के पते वाले डिब्बे मिले

सूचना प्राप्त होने पर न्यू कैफे मयूरम, शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन का निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्डबोर्ड के डिब्बों में दो किलोग्राम की पैकिंग में मिठाई रखी पाई गई, जिन पर पता जोधपुर का अंकित था। स्थल पर 19 खाली डिब्बे भी पाए गए। विक्रेता द्वारा उक्त डिब्बे खोलकर मिठाई को मिल्क केक के रूप में ट्रे में जमाया गया था तथा इसी रूप में बेचा जा रहा था। मिठाई के डिब्बों पर संघटक के रूप में वेजिटेबल ऑयल, शुगर एवं मिल्क पाउडर लिखा गया था। इस प्रकार एनालॉग मिल्क केक की पैकिंग खोलकर ट्रे में रखे मिल्क केक के नमूने लिए गए तथा शेष 54 किलोग्राम मिठाई को जप्त किया गया। शीघ्र विनष्टीकरण प्रकृति की सामग्री होने के कारण उक्त मिठाई का विनष्टीकरण कराया गया।

**जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई-** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश की अधिसूचना से गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की वर्ष 2026-27 की द्वितीय तिमाही की बैठक गुरुवार को सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट की अध्यक्षता में विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अवगत कराया गया कि वर्ष 2026-27 में 01 जुलाई से 26 अगस्त 2026 तक कुल 136 रेग्यूलेटरी नमूने तथा 116 सर्विलेंस नमूने लिये गए हैं। इस अवधि में सक्षम न्यायालय में 15 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 07 प्रकरणों का निर्णय कर कुल 3,05,000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसी अवधि में 3,095 लीटर घी (मूल्य 16,92,001 रुपये), 388 किलोग्राम मावा (मूल्य 1,02,580 रुपये) तथा 104 किलोग्राम पनीर (मूल्य 30,870 रुपये) जब्त किया गया। राज्य खाद्य प्रयोगशाला से कुल 15 जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 03 घी के नमूने असुरक्षित स्तर के पाए गए।

# आखिर हम हैं ही क्या



मरते वक्त नेपोलियन युद्ध में हार चुका था। एक छोटे से द्वीप सेंट हेलेना में उसको बंद कर दिया गया था। गौर कीजिए, नेपोलियन उन थोड़े से लोगों में से था, जिन्होंने दुनिया को हिला दिया था। उसने पहाड़ों से कहा– हट जाओ, तो उनको हट जाना पड़ा। उसने कौमों से कहा– मिट जाओ, तो उनको मिट जाना पड़ा। आखिरी वक्त हार गया और हेलेना में बंद कर दिया गया।

पहले दिन सुबह उठकर एक छोटी सी पगडंडी पर वह टहलने निकला। मित्र और डॉक्टर उसके साथ थे। संकरी थी वह पगडंडी। दूसरी तरफ से एक औरत घास का गट्ठर सिर पर लिए आ रही थी। नेपोलियन के डॉक्टर मित्र चिल्लाया, घसियारन, रास्ता छोड़ दे। देखती नहीं, कौन आ रहा है? नेपोलियन ने डॉक्टर को टोका, मित्र, तुम भूल कर रहे हो। रास्ता तो हमें छोड़ देना चाहिए। अब वह नेपोलियन कहां? अब मैं एक कैदी से ज्यादा कुछ नहीं और नेपोलियन रास्ता छोड़कर खड़ा हो गया। यह नेपोलियन कल तक सब कुछ था, आज मामूली कैसे हो गया? क्या छिन गया इसके पास से? इसके वस्त्र छिन गए, कपड़े छिन गए, इसकी कुर्सी छिन गई। हम सारे लोगों को यह जो ख्याल है कि मैं कुछ हूं, क्या हमें पता है कि हम क्या हैं? हमने जो वस्त्र पहन रखे हैं, जो नकाब ओढ़ रखे हैं, जो मुखौटे पहन रखे हैं, हमने जो नाटक और अभिनय सीख लिया है, वही है हमारा मैं या कुछ और भी है? कोई और गहरा परिचय है या इसी से परिचय है? अगर इसी से परिचय है, तो यह बड़ा झूठा मैं है और इसे छोड़ देना जरूरी है। यह मैं, मेरे होने का भाव अत्यंत मिथ्या है। इसकी कोई सत्ता नहीं है। यह प्याज की भांति है। हम प्याज के छिलके निकालते चले जाएं, निकालते चले जाएं, आखिर में क्या बच रहता है? बस छिलके निकल जाते हैं और भीतर कुछ भी नहीं है। वस्त्र ही वस्त्र हैं प्याज में, उसके भीतर कुछ भी नहीं है। ऐसा ही हमारा यह मैं है। इसमें वस्त्र ही वस्त्र हैं, निकालते चले जाएं, निकालते चले जाएं, भीतर बचा रह जाता है– ना–कुछ। भीतर कुछ पता नहीं चलता कि क्या है? क्या हैं आप? उसको थोड़ा जीतना शुरू करें। उसके कपड़े निकालना शुरू करें और धीरे–धीरे आप पाएंगे कि भीतर रह गया शून्य है। वहां किसी मैं का कोई पता नहीं चल रहा कि मैं कौन हूं। इसीलिए तो कोई भीतर नहीं जाना चाहता। हम बातें इतनी सुनते हैं कि अपने को जानो, भीतर जाओ। सुन लेते हैं, लेकिन कभी भीतर जाना नहीं चाहते, क्योंकि भीतर जाने में प्राण पर संकट आ जाएगा। खुद की चमड़ी निकाल–निकालकर अलग करनी होगी, तभी तो कोई भीतर जा सकता है। मैं की झूठी परतों को जो उखाड़ने में समर्थ होता है, वही सच्चे मैं को जानने में समर्थ हो पाता है।



सम्पादकीय

## नेपाल में त्रासदी

यह चीन–नेपाल सीमा क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ और उससे हुए बेहिसाब नुकसान पर गहरे दुख के इजहार का समय है। तमाम जिम्मेदार एजेंसियां बचाव और राहत कार्य में लग गई हैं, पर यह त्रासदी कितनी भयानक रही, इसका निश्चित अनुमान लगाने में कुछ वक्त लग सकता है। बुधवार सुबह अचानक जलप्रलय से कई लोग काल के गाल में समा गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोग लापता हुए हैं। जल–सैलाब ऐसे उठा है कि रास्ते में पड़ने वाली हर चीज को तबाह करता गया। अनुमान है, पांच सौ से ज्यादा लोग लापता हैं, जिनमें सौ से ज्यादा भारतीय भी हैं। यह जल–सैलाब तिब्बत से सटे क्षेत्र में बसे अनेक गांवों और कई विकास परियोजनाओं को बहा ले गया है। नेपाल ने उचित ही भारत व चीन से मदद की मांग की है और पीड़ितों तक हर मुमकिन मदद पहुंचनी चाहिए। नेपाल को बड़े पैमाने पर बचाव और राहत सहयोग की जरूरत है। भारतीय प्रधानमंत्री ने नेपाली प्रधानमंत्री से बातचीत करके उचित ही हरसंभव सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

अभी तक की खबरों से पता चलता है, तिब्बत या चीन से यह हादसा शुरू हुआ है। वहां बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है और चीन में भी निश्चित ही जान–माल की हानि हुई है। नेपाल की भोटे कोशी नदी में आई अचानक बाढ़ के चलते नेपाल के नुवाकोट और धाडिंग जिलों में कई लोग बह गए हैं। अभी तो नेपाल ही यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कितने गांव बहे हैं। लगभग 50,000 की आबादी वाले पहाड़ी जिले रसुवा के प्रभावित क्षेत्रों, स्याप्रु बेसी और तिमुरे में पानी का स्तर इतना अधिक था कि बचाव के लिए हेलीकॉप्टर भी कहीं उतर नहीं पाए। इधर, नेपाल से आ रहे पानी की वजह से बिहार में भी, खासकर गंडक नदी में बाढ़ का खतरा देखते हुए राज्य सरकार तत्काल सचेत हो गई और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बात करके पूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा। बिहार में आपदा प्रबंधन दलों को पूरी तरह से तैयार कर दिया गया। जहां भी जरूरी होगा, बांधों के गेट खोलने पड़ेंगे, ताकि कहीं भी जान–माल का नुकसान न होने पाए और न कहीं बाढ़ की स्थिति बने। बहरहाल, अचानक बाढ़ के निश्चित कारण अभी पता नहीं चले हैं और चीन के जवाब का नेपाल को भी इंतजार है। अफसोस, पिछले वर्ष भी एक ग्लेशियर के फटने से नेपाल को तबाही झेलनी पड़ी थी और इस साल भी नेपाल को समय रहते सतर्क नहीं किया गया है।

### राखी का दिन एक है, रिश्ते की जरूरत हर दिन

# भाइयों की कलाई पर जिम्मेदारी का धागा

राखी को हम भाई-बहन के स्नेह का त्योहार कहते हैं, लेकिन इससे जुड़ी रक्षा की धारणा पर ठहरकर सोचने की जरूरत है। बहन कलाई पर धागा बाँधती है और भाई उसकी रक्षा का वचन देता है। पर जीवन की सच्चाई इससे कहीं व्यापक है। कोई धागा न महँगाई रोक सकता है, न नौकरी की चिंता मिटा सकता है, न कठिन समय में साथ खड़ा हो सकता है। असली सुरक्षा रस्म से नहीं, व्यवहार से मिलती है। फिर भी यह परंपरा हर साल दोहराई जाती है, क्योंकि रिश्तों में कुछ भाव तर्क से नहीं, स्मृतियों और परंपराओं से जीवित रहते हैं। सवाल बस इतना है–आज हमारे जीवन में इस परंपरा का अर्थ कितना बचा है?



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

समय के साथ राखी भी बदल गई है। कभी सादा सूती धागा ही पर्याप्त था, आज बाजार में चमकदार, क्रिस्टल और रोशनी वाली राखियों से लेकर वर्चुअल राखी तक मौजूद है। बाजार ने भावनाओं को भी सजाकर बेचने का हुनर सीख लिया है। बहन राखी खरीदती है, भाई उपहार देता है और रस्म पूरी हो जाती है। इसमें बुराई नहीं, पर जब महँगी वस्तु प्रेम की कसौटी बन जाए, तब रिश्ते का अर्थ खोने लगता है। आखिर रिश्तों का मोल राखी की कीमत से नहीं, उसमें बँधे अपनत्व से तय होता है। सादा धागा भी उतना ही अनमोल है, यदि उसमें स्नेह जीवित हो।

राखी के साथ जुड़ी भाई रक्षक, बहन संरक्षित की धारणा अब उतनी सहज नहीं रही। आज बहनें पढ़ती हैं, नौकरी करती हैं, कारोबार सँभालती हैं और परिवार के बड़े फैसलों में बराबर की भागीदार हैं। कई बार वही भाई की मुश्किल में ढाल बनती हैं–पैसे, सलाह और जिम्मेदारी, हर मोर्चे पर। ऐसे में केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा का वचन रिश्ते की पूरी तस्वीर नहीं दिखाता। भाई का साथ जरूरी है, तो बहन का सहारा भी उतना ही मूल्यवान है। दोनों एक-दूसरे की ताकत हैं। राखी का अर्थ भी इसी पारस्परिक सहारे और बराबरी तक पहुँचना शायद समय की सबसे स्वाभाविक पुकार है।

राखी का सार्वजनिक और राजनीतिक इस्तेमाल अब आम हो चुका है। नेता महिलाओं से राखी बँधवाकर सुरक्षा का वादा करते हैं; तस्वीरें खिंचती हैं, खबरें बनती हैं और कुछ समय के लिए गंभीरता का आभास भी होता है। लेकिन महिला की सुरक्षा किसी समारोह की मोहताज नहीं–उसे कानून, व्यवस्था, सम्मान और रोजमर्रा के आचरण का सहारा चाहिए। कलाई पर बँधा धागा तभी अर्थवान है, जब उससे जुड़ा वादा व्यवहार में उतरे। केवल रस्म निभा लेने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। जब परंपरा प्रदर्शन बन जाती है, तो उसका भाव गहरा होने के बजाय कई बार खोखला पड़ जाता है। आज की बहन से यह कहना कि उसे हर समय किसी पुरुष की सुरक्षा चाहिए, उसके बदलते जीवन को नकारना है। आत्मनिर्भरता भी सुरक्षा की एक मजबूत जमीन है। इसका अर्थ भाई की जरूरत खत्म होना नहीं, बल्कि रिश्ते को एकतरफा संरक्षण से आगे ले जाना है। भाई बहन के फैसलों का सम्मान करे और बहन भी भाई की मुश्किलों में उसके साथ खड़ी हो–यही रिश्ते की असली बराबरी है। इसलिए जब बहन हँसते हुए कहती है, ‟अब तुम्हारी रक्षा मेरी जिम्मेदारी है,” तो इस मजाक में गहरी सच्चाई छिपी है। रिश्ता तभी मजबूत होता है, जब चिंता और सहारा दोनों तरफ से हों। परंपरा का बदलना, उसका मिटना नहीं; उसे समय के साथ नया अर्थ देना है।



दूरियों ने राखी का रूप बदल दिया है। अब राखी डाक से, उपहार ऑनलाइन, पैसे यूपीआई से और त्योहार वीडियो कॉल पर मनाया जाता है। तकनीक ने फासलों के बावजूद रस्म निभाना आसान कर दिया है। अपनापन घटा या बढ़ा, इसका कोई सीधा हिसाब नहीं। स्क्रीन पर हुई बातचीत भी आत्मीय हो सकती है, बशर्ते रिश्ते में गर्माहट हो। मगर कई बार राखी संदेश, लेन-देन और औपचारिकता तक सिमट जाती है। समय की कमी ने रस्मों पर निर्भरता बढ़ाई है, पर याद रहे–रस्म दूरी पाट सकती है, रिश्ता नहीं बना सकती।

शायद राखी की सबसे सच्ची तस्वीर उस एक दिन में दिखती है, जब भाई-बहन पुरानी नाराजगियाँ कुछ देर किनारे रख देते हैं। सालभर संपत्ति, जिम्मेदारियों, पैसों और पारिवारिक मतभेदों से मनमुटाव हो सकता है, फिर भी राखी पर वही लोग साथ बैठते हैं, मिठाई बाँटते हैं और पुरानी बातों पर हँस लेते हैं। यह कोई स्थायी समाधान नहीं, लेकिन रिश्ते को टूटने से बचाने वाली एक छोटी कोशिश जरूर है। इसलिए राखी केवल रिश्ते की मजबूती का प्रमाण नहीं, बल्कि यह याद भी है कि संबंधों को समय-समय पर संवाद, स्मृति और क्षमा की जरूरत होती है। कलाई का धागा इसी जरूरत की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है।

शायद राखी की असली खूबसूरती किसी एक वचन में नहीं, उस एहसास में है कि जीवन चाहे जितनी दूरियाँ और मुश्किलें सामने रखे, भाई-बहन एक-दूसरे के लिए बने रहें। बहन को कमजोर समझकर सुरक्षा देना और भाई को केवल रक्षक मान लेना, इस रिश्ते को छोटा कर देता है। सच्चा रिश्ता वह है जिसमें दोनों अपने फैसलों और जीवन में स्वतंत्र हों, फिर भी एक-दूसरे की जरूरत को बिना कहे समझें और कठिन समय में साथ खड़े हों। यही राखी की डोर का गहरा अर्थ है–कलाई पर बँधा छोटा-सा धागा, जो याद दिलाता है कि रिश्ते सुरक्षा के वादों से नहीं, उस भरोसे से मजबूत होते हैं जो मुश्किल वक्त में हाथ थाम लेता है।

### रक्षा बंधन ये कहे

रक्षा बंधन प्रेम का, मनभावन त्यौहार।
जिससे भाई बहन में, नित बढ़े है प्यार।
बहनें मांगे ये वचन, कभी न जाना भूल।
भाई-बहना प्रेम के, महके हरदम फूल।।
रेशम की डोरी सजी, बहना की मनुहार।
रक्षा बंधन प्यार का, सुंदर है त्योहार।।
रक्षा बंधन प्यार का, निश्छल पावन पर्व।
करती बहने हैं सदा, निज भाई पर गर्व।।
भाई बहना प्रेम का, सालाना त्यौहार।
बांटे लाड दुलार की, खुशियां अपरम्पार।।
रक्षा बंधन पर करें, बहनें सारी नाज।
देखे भाई कीर्तियाँ, खुशियां झलके आज।।
करती बहने विनतियाँ, सौरभ ये हर साल।
आए कोई भी समय, भैया उनकी ढाल।।
रक्षा बंधन पर्व पर, मन की गांठे खोल।
भाई-बहन स्नेह से, कर दें घर अनमोल।।
रक्षा बंधन ये कहे, बात यही हर बार।
सच्चा पवन प्यार ये, झूठा जग का प्यार।।

– डॉ सत्यवान सौरभ

### रक्षे मा चल रक्षाबंधन



कच्चे धागे, स्वागत वंदन.
रोली-कुमकुम, अक्षत चंदन।
श्रावण पूनम लेकर आई,
भाई-बहन का स्नेहिल, प्रेमिल, पावन
पर्व – रक्षाबंधन॥
रक्षे मा चल, मा चल रक्षाबंधन
मौली के इस पावन धागे में,
स्नेह-संकल्प समाया है।
बहना ने विश्वास सजाया,
भैया ने वचन निभाया है।
येन बद्धो बली राजा
दानवेन्द्रो महाबलः।
तेन त्वामनुबध्नामि
रक्षे मा चल मा चल॥
एक आँगन की धूप थी अपनी,
एक ही सावन, एक फुहार।
रूठना-मनना, हँसना-गाना,
बचपन था कितना गुलजार।
आज वही मीठी यादें बनकर,
राखी संग घर आई हैं।
बहना की मुस्कान में जैसे,
बचपन की खुशियाँ छाई हैं।
मन से मन का दीप जलाएँ,
महके रिश्तों का मधुवन।
रक्षे मा चल, मा चल रक्षाबंधन।
दूर रहें तो दूरी क्या है,
मन से मन कब दूर हुआ?
सुख में साथी,
दुःख में सहारा,
रिश्ता कब
मजबूर हुआ?
स्नेह रहे निर्मल
पावन,
अटूट रहे यह
आत्मीय बंधन।
रक्षे मा चल, मा
चल रक्षाबंधन।



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 अगस्त 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:12 सूर्यास्त 18:44
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 09:48 उपरांत एकम
नक्षत्र - शतभिषा 03:13 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - अतिगंड 07:28 उपरांत सुकर्मा
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 14 तारिख

**मेष–** सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, वरिष्ठजन सराहना करेंगे।
**वृषभ–** अटका या रुका हुआ धन वापस मिलने के प्रबल योग हैं। ऊर्जावान महसूस करेंगे, खान-पान में अति से बचें।
**मिथुन–** व्यापार में नए लाभदायक सौदे तय हो सकते हैं। जीवनसाथी या लव पार्टनर के साथ समझ बहुत बेहतरीन रहेगी।
**कर्क–** नौकरी में जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें, एकाग्रता से काम करें।
**सिंह–** कारोबार में औसत लाभ, पुरानी योजनाओं को पुनः शुरू करें। आज आप थोड़े भावुक रह सकते हैं।
**कन्या–** पार्टनर के सामने अपनी बात सहजता से रखें। पैसों के मामले में संतुलन बनाकर चलना हितकर रहेगा।
**तुला–** सहकर्मियों के साथ तालमेल बिठाकर चलें और वाद-विवाद से बचें।
**वृश्चिक–** व्यापारिक यात्रा लाभदायक सिद्ध हो सकती है। दांपत्य जीवन में खुशहाली और आपसी समझ बढ़ेगी।
**धनु–** आय और व्यय में संतुलन बना रहेगा। जोड़ों में हल्का दर्द महसूस हो सकता है, हल्की कसरत या स्ट्रेचिंग करें।
**मकर–** नौकरी में अधिक मेहनत की आवश्यकता होगी। पुराने ग्राहकों से दोबारा व्यापारिक लाभ मिलने के योग हैं।
**कुंभ–** कठिन समय में जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। पैरों या घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।
**मीन–** कार्यस्थल का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। कारोबारी हैं तो नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

# रक्षाबंधन का सही अर्थ पहचाने



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

वर्तमान में महिलाओं के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार ने रक्षा सूत्र के मायने को बिखेरा है ।जो बेहद शर्मनाक है। रक्षाबंधन किस लिए मनाते है। रक्षासूत्र एक विश्वास का धागा जो दूर रहकर हर साल राह देखता रक्षाबंधन की । दूर बसे,विदेशों में बसे और सीमाओं पर डटे भाइयों की सूनी कलाइयों में बंधने की राह देखते धागे स्नेह और विश्वास के संग चिठ्ठीयां में बैठ कर आते ।बहना की तस्वीर झलक जाती और आशीर्वाद के फूल आंसू के रूप में गिरने लग जाते।भाई बहनों का त्योहार रक्षा बंधन रक्षा कवच के रूप में बंधे धागे से बिना बोले चिट्ठियों से ,संदेशो से दुख सुख बता कर जाता है ।बहनें भी अपने भाइयों से सहायता की अपेक्षा रखती। रक्षा बंधन में रिश्ते की अहमियत ताउम्र तक बरकरार रहती। जिनकी बहनें और जिनके भाई नही होते वे भी ऊपर वाले की कृपा से रक्षाबंधन पर्व पर बनाए गए रिश्ते को जिंदगी भर निभाकर अपनी बहन की रक्षा का कर्तव्य निभाते आ रहे है ।भारतीय संस्कृति की परंपरा पर गर्व है ।समयानुकूल दूर जा बस जाने व किसी कारणवश ना जा पाने की वजह से दुख तो अवश्य होता किन्तु रक्षाबंधन की शुभकामनाएं बहन भाइयों के लिए चिट्ठियों और मोबाइल संदेशो के बीच रक्षाबंधन पर्व पर बचपन से अब तक का सफर की छोटी छोटी घटनाओं को एक एलबम के रूप में दर्शन करवा कर दूरियों को परे रख यादों को ताजा कर जाती है। बहनों भाइयों की छोटी छोटी नाराजगी को रक्षाबंधन के स्नेह का भेजा या बांधे जाने वाले धागा'राखी',क्षण भर में छूमंतर कर सुकून का वातावरण निर्मित कर देता है। आज भी मेरी आँखों मे बचपन की यादों के आंसू डबडबाने लग जाते है` खुशी के त्यौहार पर रंग बिरंगी राखी अपने हाथो मे बंधवाकर , माथे पर तिलक लगवाकर ,मिठाई एक दुसरे को खिलाकर बहन की सहायता करने का संकल्प लेते है तो लगने लगता है कि पावन त्यौहार रक्षा बंधन और भी निखर गया है और मन बचपन की यादों को भी फिर से संजोने लग गया है। एक विश्वास का धागा जो दूर रहकर हर साल राह देखता रक्षाबंधन की । दूर विदेशो में बसे ओर सीमाओं पर डटे भाइयों की सूनी कलाइयों में बंधने की राह देखते धागे स्नेह और विश्वास के संग चिठ्ठयों में बैठ कर आते ।बहना की तस्वीर झलक जाती और आशीर्वाद के फूल आंसू के रूप में गिरने लग जाते। भाई बहनों का त्यौहार रक्षा बंधन रक्षा कवच के रूप में बंधे धागे से बिना बोले



चिट्ठियों से ,संदेशो से दुख सुख बता कर जाता है ।बहनें भी अपने भाइयों से सहायता की अपेक्षा रखती ।रक्षा बंधन में रिश्ते की अहमियत ताउम्र तक बरकरार रहती ।जिनकी बहनें और जिनके भाई नही होते वे भी ऊपर वाले की कृपा से रक्षाबंधन पर्व पर बनाए गए रिश्ते को जिंदगी भर निभाकर अपनी बहन की रक्षा का कर्तव्य निभाते आ रहे है ।भारतीय संस्कृति की परंपरा पर गर्व है ।समयानुकूल दूर जा बस जाने व किसी कारण वश ना जा पाने की वजह से दुख तो अवश्य होता किन्तु रक्षाबंधन की शुभकामनाएं बहनो भाइयों के लिए चिठ्ठियों और मोबाइल सं देशो के बीच रक्षाबंधन पर्व पर बचपन से अब तक का सफर की छोटी छोटी घटनाओं को एक एलबम के रूप में दर्शन करवा कर दूरियों को परे रख यादों को ताजा कर जाती है। बहनों भाइयों की छोटी छोटी नाराजगी को रक्षाबंधन के स्नेह का भेजा या बांधे जाने वाले धागा'राखी',क्षण भर में छूमंतर कर सुकून का वातावरण निर्मित कर देता है ।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

समसामयिक

## एक रक्षाबंधन देश के जवानों और पर्यावरण के नाम

रक्षा रक्षतिः रक्षते एक बंधन जिसके उपरांत वीरों से आशीर्वाद और सुरक्षा का वचन मिले, वो हो सच्चा रक्षाबंधन है। स्थानीय सेंट पॉल्स कॉन्वेंट स्कूल, जावरा की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर 24 वीं वाहिनी पुलिस विभाग की बटालियन में पहुंचकर पुलिस जवानों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। छात्राओं ने पुलिस जवानों की कलाई पर प्रेम,वचन, रक्षा एवं स्नेह का प्रतीक रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर छात्राओं ने पुलिस जवानों को राखी बांधते हुए उनके द्वारा समाज एवं देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे समर्पण और सेवाभाव के प्रति सम्मान व्यक्त किया। जवानों ने भी छात्राओं को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस बटालियन परिसर में भावनात्मक एवं आत्मीय वातावरण देखने को मिला। माननीय कमांडेंट साहब अपने आशीर्वचन में छात्राओं का आभार माना और आशीर्वाद दिया कि वे अपने लक्ष्यों को इन्हीं संस्कारों के साथ प्राप्त करें। छात्राओं ने कहा कि पुलिस जवान त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनके साथ रक्षाबंधन मनाना उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर अवसर है।

इसी तारतम्य में विद्यालय परिसर में भी राखी मेकिंग और राखी ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 950 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छोटे बच्चों द्वारा राखी ड्राइंग में अपने रंगों को समझ का विशेष प्रदर्शन किया गया। बड़े बच्चों ने भी अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण सुरक्षा, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट और भी समाज के ज्वलंत विषयों पर राखियों को बनाया। जब प्री प्रायमरी के बच्चों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर उनका आलिंगन किया तो वहां उपस्थित पालकगण और शिक्षक शिक्षिकाओं की भी आँखों की कोर नम हो गई।

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र मूणत ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ-साथ सुरक्षा, विश्वास और जिम्मेदारी की भावना का पर्व है। पुलिस जवान समाज की सुरक्षा के लिए निरंतर अपनी सेवाएं देते हैं। उनके साथ रक्षाबंधन मनाकर विद्यार्थियों ने सम्मान और कृतज्ञता की भावना को अभिव्यक्त किया है।

### कुछ लेने नहीं आती हैं पीहर बेटियां

अपनी जड़ों को सींचने के लिए पीहर आती हैं बेटियां,
परिवार में खुशियाँ तलाशने आती हैं बेटियां।
स्नेह का दीपक आंगन में जलाने आती हैं बेटियां,
सलोना बचपन ढूंढने आती हैं बेटियां।
अपनी पुरानी यादों को ताजा करने आती है बेटियां,
माता - पिता के रक्त को बढ़ाने आती है बेटियां।
नजर से घर को बचाने आती हैं बेटियां,
ममता की निर्झरनी में प्यार देने आती हैं बेटियां।
लेने कुछ नहीं आती हैं पीहर बेटियां,
बल्कि घर की पीड़ा को हरने पीहर आती है बेटियां।
लौटती हैं जब वापस ससुराल,
बहुत सारा अपनापन छोड़ जाती हैं बेटियां।
घरभर की आँखों में आंसुओं की झड़ी लगा जाती हैं बेटियां,
जब भी आती हैं तो प्यारी सी मुस्कान लुटा कर जाती हैं,बेटियां।
कुछ लेने नहीं आती हैं पीहर बेटियां

राखी त्यौहार पर विशेष

# राखी की मिठास चीनी से, इथेनॉल की नीति से गन्ने की कड़वाहट



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

राखी का त्योहार आते ही बाजार में मिठास बढ़ जाती है, लेकिन इस बार मिठास के साथ चीनी की कीमतों की कड़वाहट भी चर्चा में है। भाई की कलाई पर बहन का प्रेम बंधता है और मिठाई के डिब्बे में रसगुल्ला, पेड़ा और बर्फी सजती है, लेकिन मिठाई बनाने वाले दुकानदार के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी हैं। सवाल केवल चीनी के महंगे होने का नहीं है, बल्कि यह भी है कि चीनी, गन्ने और इथेनॉल की नीति के बीच देश संतुलन कैसे बनाए। त्योहारों के दौरान चीनी की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। घरों में मिठाइयां बनती हैं, दुकानों पर उत्पादन बढ़ता है और मेहमाननवाजी का दौर चलता है। ऐसे में मांग और आपूर्ति के बीच अंतर बढ़ने पर कीमतों पर दबाव आना कोई असामान्य घटना नहीं है। लेकिन यदि चीनी की कीमतों में लगातार और तेज वृद्धि हो रही है, तो इसके पीछे केवल त्योहारी मांग को जिम्मेदार मानना उचित नहीं होगा।

यहां गन्ने से लेकर चीनी और फिर इथेनॉल तक पूरी व्यवस्था को समझना जरूरी है। भारत ने पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की नीति इसलिए अपनाई कि आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम हो, किसानों को गन्ने के लिए अतिरिक्त बाजार मिले और चीनी मिलों को आय का नया स्रोत प्राप्त हो। नीति के ये उद्देश्य निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब गन्ने से बनी चीनी का कुछ हिस्सा इथेनॉल उत्पादन की ओर चला जाता है, तब घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता कितनी बचती है? यदि उपलब्धता कम हुई और त्योहारों के समय मांग बढ़ी, तो कीमतों पर दबाव पड़ना स्वाभाविक है।

इसे इथेनॉल नीति की विफलता कहना भी उचित नहीं होगा और इसके प्रभाव को पूरी तरह नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं होगी। असली आवश्यकता संतुलन की है। देश को ऊर्जा सुरक्षा भी चाहिए और खाद्य सुरक्षा भी। किसान को गन्ने का उचित मूल्य भी चाहिए और उपभोक्ता को चीनी उचित दर पर मिलनी भी चाहिए। सरकार द्वारा चीनी आयात और भंडारण सीमा जैसे कदम बाजार में तत्काल राहत देने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि बाजार में कमी दिखाई देने के बाद ही कदम क्यों उठाया जाए? यदि उत्पादन, खपत, उपलब्ध भंडार और इथेनॉल के लिए संभावित उपयोग का सही अनुमान पहले से हो तो कमी की संभावना का समय रहते आकलन किया जा सकता है।

नीति का असली कमाल यही है कि संकट आने से पहले तैयारी हो जाए। राखी निकल जाए, मिठाई की दुकान पर ग्राहक खड़ा हो और उसी समय सरकार पूछे कि चीनी कितनी बची है–तो यह व्यवस्था की दूरदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है। चीनी के बाजार में पारदर्शिता भी बेहद जरूरी है। देश में वास्तविक भंडार कितना है, कितनी चीनी घरेलू खपत के लिए उपलब्ध है, कितनी मात्रा इथेनॉल उत्पादन की ओर गई और आने वाले महीनों में कितनी उपलब्ध रहेगी–इन आंकड़ों की नियमित और विश्वसनीय जानकारी बाजार में होनी चाहिए। जानकारी की कमी अक्सर अफवाह और जमाखोरी को बढ़ावा देती है। चीनी की कीमत बढ़ती है तो असर केवल घर की चाय पर नहीं पड़ता। सबसे पहले मिठाई की दुकान प्रभावित होती है। छोटे दुकानदारों के सामने मुश्किल होती है कि बढ़ी हुई लागत स्वयं सहें या मिठाई महंगी करें। दूध, घी, सूखे मेवे और अन्य सामग्री की कीमत पहले ही दबाव में हो तो चीनी की बढ़ी कीमत उनकी परेशानी और बढ़ा देती है।

फिर वही बढ़ी हुई लागत ग्राहक की थाली तक पहुंचती है। त्योहार के समय परिवारों का बजट वैसे ही बढ़ जाता है। निम्न और मध्यम आय वर्ग के लिए कुछ रुपये की अतिरिक्त कीमत भी महत्वपूर्ण होती है। त्योहार की मिठाई अगर इतनी महंगी हो जाए कि खरीदने से पहले जेब का हिसाब लगाना पड़े, तो त्योहार की मिठास कुछ कम होना स्वाभाविक है।

दूसरी तरफ गन्ना किसान भी इस पूरी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि चीनी की कीमत कम रखने के लिए किसानों को गन्ने का उचित मूल्य न मिले तो खेती की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति भी मजबूत रहनी चाहिए। इसलिए उपभोक्ता और किसान को आमने-सामने खड़ा करके समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,300 रवा- 1,58,000 चांदी- टंच- 2,42,000 पाट- 2,41,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## रक्षाबंधन पर सब जेल में होगी खुली मुलाकात

**शुजालपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त को सब जेल शुजालपुर में निरुद्ध बंदियों और उनके परिजनों के बीच खुली मुलाकात कराई जाएगी। जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जेल प्रशासन ने मुलाकातियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खुली मुलाकात के लिए नाम दर्ज कराने का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। परिजनों को आधार कार्ड के माध्यम से अपना नाम दर्ज कराना होगा। जेल में निरुद्ध पुरुष बंदियों से मुलाकात जेल कार्यालय परिसर में लाल गेट एवं मुख्य गेट के बीच कराई जाएगी। यहां केवल महिलाओं, बहनों तथा उनके साथ पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रवेश की अनुमति होगी। मुलाकात के दौरान परिजन रक्षासूत्र, राखी, रूमाल, 250 ग्राम मिठाई, एक नारियल और फल ले जा सकेंगे। इसके अलावा किसी अन्य सामग्री को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्स, मोबाइल फ ोन,गुटखा, तंबाकू, रुपए, भोजन सामग्री सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं जेल परिसर में स्वीकार नहीं की जाएंगी। अधीक्षक सब जेल शुजालपुर ने परिजनों से निर्धारित निदेर्शों का पालन करते हुए जेल प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## अब नए एसडीएम जय सोलंकी ने संभाला पदभार

**सारंगपुर।** सारंगपुर में महज 11 दिन के अंतराल में दो एसडीएम बदला चुके है। 13 अगस्त को सारंगपुर एसडीएम के रूप में पदस्थ रोहित बम्हौरे के स्थान पर राजगढ़ डिप्टी कलेक्टर रही निधि भारद्धाज को सारंगपुर का एसडीएम बनाया गया था, अब उनके स्थान पर 24 अगस्त रात्रि को कलेक्टर ने आदेश जारी कर डिप्टी कलेक्टर जय सिंह सोलंकी को सारंगपुर का एसडीएम नियुक्त किया है। जबकि श्रीमती भारद्धाज को पुनः राजगढ़ डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है। मंगलवार को जय सोलंकी ने सारंगपुर के एसडीएम के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद चर्चा के दौरान एसडीएम सोलंकी ने कहा कि हमारा पुरा ध्यान जनसमस्याओं और राजस्व प्रकरणों के त्वरित समाधान पर रहेगा।

### मिलादुन्नबी पर निकले जुलूस का करणी सेना ने किया स्वागत

# पैगम्बर रिसालत ताजदारे मदीना का जन्मदिन मनाया







दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

दाता की आमद मरहबा, धूम मचा दो आमद की आ गए सरकार...। नगर में इसी तरह नात पढ़ते हुए हाथों में सब्ज झंडा थामे रसूले खुदा की आमद को लेकर सड़कों पर हजारों आशिके रसूल जुलूस के रूप में निकले और पैगम्बरे रिसालत ताजदारे मदीना का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। बुधवार को सरवरे कायनात की पैदाईश का जश्न आशिकों ने धूमधाम के साथ मनाया और इस दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। मेहबूब-ए-दावर की आमद पर नगर की जामा मस्जिद में सुबह कुरआन ख्वानी की गई। इसके बाद नगर में एक विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें समाज के बच्चे, बुढ़े और जवानों ने शामिल होकर नबी-ए-पाक के प्रति अपने इश्क का इजहार कर दुरूद और सलाम पेश किया। यह जुलूस मीरकला बाजार, बड़ा चौक, नई सडक, कृष्णा टाकिज चौराहा, फव्वारा चौक, टेंशन चौराहा, काछीवाड़ा, मगरिया चौराहा, सोमवारिया बाजार, कंस चौराहा, हुसैनी चौक होता हुआ पुनः जामा मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में हजारों की संख्या में समाजजन शामिल थे।

ताजदारे मदीना की पैदाईश पर नगर में जुलूस के रूप में निकले आशिके रसूलों का जगह-जगह फूलों की बारिश कर स्वागत सत्कार किया गया। वहीं बच्चों और बड़ों में तबर्रूक बांटा गया। इसी प्रकार अन्य सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने भी जुलूस का स्वागत किया। वहीं पैगम्बरे इस्लाम की पैदाईश के जश्न में डूबे मुस्लिम समाज के युवाओं ने बाइक से हैरतंगेज करतब दिखाते हुए लोगों को हतप्रभ कर दिया। जुलूस में शामिल हरे झंडे और थिरकते घोड़ों के कदम आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही जुलूस के दौरान किसी प्रकार की कोई अशांति न फैले इसको लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा। महूपुरा मोहल्ला सहित अन्य मोहल्लों में लंगर लगाया गया।

### करणी सेना परिवार ने किया भव्य स्वागत

ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर निकले जुलूस का करणी सेना परिवार द्वारा आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और एकता का संदेश देते हुए भव्य स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई आपस में भाई-भाई के नारों से माहौल गूंज उठा। लोगों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दीं और मिल-जुलकर सामाजिक एकता एवं भाईचारे की मिसाल पेश की। करणी सेना परिवार के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जुलूस में शामिल लोगों का पुष्पमाला एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के माध्यम से सर्वधर्म समभाव, आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया। जुलूस में नजर आई एकता ने यह संदेश दिया कि अलग-अलग धर्म और समुदाय होने के बावजूद हम सभी एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े हैं। करणी सेना परिवार ने कहा कि भारत की पहचान ही आपसी भाईचारे और अनेकता में एकता से है। सभी धर्मों के पर्व मिल-जुलकर मनाना सामाजिक सौहार्द को मजबूत करता है।

**मक्सी**

झोंकर में ईद-मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित जुलूस में शामिल हुआ। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जय सिंह कराड़ा के साथ आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक एकता की भावना सदैव बनी रहे।

**बडौद**

बुधवार को जश्ने ईद ए मिलाद उननबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और परंपरागत तरीके से चल समारोह भी निकला जो जामा मस्जिद से प्रारंभ हुआ जो पीपलीपुरा, गांधी चौक, सदर बाजार, कंकाली माता चौराहा, हाटपुरा बाजार, चूड़ी बाजार होते हुए वापस गांधी चोक पहुंचा और वहां से डग रोड स्थित ख्वाजा टेकरी पर पहुंचा जहां चलसमारोह का समापन हुआ !चल समारोह का नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया और इसी के साथ ख्वाजा टेकरी पर तीन दिवसीय उर्स का शुभारंभ। चल समारोह में समाजजन शामिल हुए और बच्चे भी आकर्षण का केंद्र थे। चल समारोह परंपरागत तरीके से निकला।

# शाजापुर में सूने मकान का ताला टूटा, 20 हजार नकद चोरी, कैमरे में कैद हुए 4 संदिग्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

रक्षा बंधन के लिए अपनी बहन को लेने गए भाई के सूने मकान पर बदमाशों ने धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारकापुरी कॉलोनी निवासी और पेशे से ड्राइवर विजय सोनी रक्षाबंधन के त्योहार के चलते अपनी बहन को लेने नागदा गए हुए थे। वहीं, उनकी पत्नी भी अपनी सास के घर गई हुई थीं। रात के समय घर पर ताला लगा हुआ था। इसी सूनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने रात करीब 2 से 2.30 बजे के बीच घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया।



सूचना मिलते ही विजय सोनी शाजापुर लौटे और तुरंत कोतवाली थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरों ने घर से कोई बड़ा सामान नहीं चुराया है, लेकिन अलमारी में रखे करीब 20 से 22 हजार रुपए नकद गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पुलिस ने जब कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तो उसमें देर रात चार संदिग्ध लोग घटनास्थल से निकलते हुए दिखाई दिए हैं। कोतवाली पुलिस अब इन्हीं फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त और उनकी धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

### वीडियो कॉल से पता चली घटना

घटना का खुलासा बुधवार सुबह उस वक्त हुआ जब विजय की पत्नी वापस घर लौटीं। उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर कमरों व अलमारी का सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा है। यह मंजर देखकर उन्होंने तुरंत अपने पति विजय को वीडियो कॉल किया और चोरी की पूरी घटना की जानकारी दी।

# सिटी पुलिस पर मारपीट का आरोप, युवक वेंटिलेटर पर

### मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सिटी में महाकाल की पालकी यात्रा के दौरान शुरू हुआ विवाद अब गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। कपिल राव काले को 17 अगस्त को सिटी थाना पुलिस द्वारा थाने लाए जाने के बाद उसके साथ मारपीट किए जाने का आरोप परिजनों ने लगाया है। कपिल की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में इंदौर रेफ र किया गया। फि लहाल कपिल इंदौर के अस्पताल में वेंटिलेटर पर है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार वह कई दिनों से होश में नहीं आया है। कपिल के पिता रघुनाथ राव काले



ने पुलिस अधिकारियों को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में थाने में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने कपिल के शरीर पर चोट के निशान होने का दावा भी किया है।

मामले में सिटी थाना परिसर के सीसीटीवी फु टेज को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। परिजनों की मांग है कि फु टेज की जांच कर घटना की वास्तविकता सामने लाई जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि कपिल के साथ थाने में मारपीट नहीं हुई, बल्कि सवारी के दौरान उसके साथ मारपीट हुई थी। यदि मारपीट सवारी के दौरान हुई थी तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई।

### विभागीय जांच की बात

एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत दिए जाने की जानकारी मिली है। शिकायत पर विभागीय स्तर पर जांच की कार्रवाई की जा रही है। इधर,कपिल की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कमल सिंह पिता फतेह सिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम धतुरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन के द्वारा उनके स्वामित्त्व एवं आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे न. 218 रकबा 0.60 हैं. ग्राम धतुरिया तहसील बडनगर स्थित है। उपरोक्त भुमि मेरे पक्षकार द्वारा अजय सिंह चावडा पिता हुकुम सिंह जी चावडा निवासी ग्रमा जम्बडी सरवर तहसील हातोद जिला इदौर को विक्रय कर दी है। यदि उक्त भुमि के संबंध में किसी भी व्यकित को कोई आपत्ती हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित मे मेरे कार्यालय मे आपत्ति लेकर व उससे संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। विकय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित करने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। दिनांक 27/08/2025

**श्री शेर सिंह पटेल अभिभाषक**
**पता-न्यायालय परिसर बडनगर मोबाईल नम्बर-90988 51436**

## जाहिर सूचना

**ग्राम खुरचनिया चन्द्रभान, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री बहादुर सिह पिता भवर सिंह, ईश्वरसिंह पिता चन्दरसिंह के स्वामित्व, एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नं. 50/1 रकबा 0.600, 50/2/1 रकबा 0.060, 49/1 रकबा 0.430 49/2 रकबा 0.050 भूमि ग्राम खुरचनिया चन्द्रभान तहसील महिदपुर जिला उज्जैन पर स्थित है। जिसको मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध किया होकर आंशिक प्रतिफल राशि भी अदा की गई है। यदि उक्त अचल संपत्ति के स्वामित्व एवं अधिपत्य के संबंध में किसी भी व्यक्ति वारिस संस्था, वित्तीय संस्थान, बैंक आदि का कोई ऋण, भार बंधक गिरवी आदि हो या किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार से आकर मिले या सूचित करे अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकारगण के द्वारा शेष विक्रय प्रतिफल राशी का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगे और बाद उज्र या आपत्ति अमान्य होकर मेरे पक्षकारण के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

**निशा व्यास (एडवोकेट)**
**आफिस-105 आर्य समाज मार्ग उज्जैन मो. 9669399668**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री रविन्द्र कुमार पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह (2) श्री बृजेन्द्र कुमार पिता पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान क्र. 34/2, स्थित दादा भाई नारौजी मार्ग, खाराकुंआ गली, उज्जैन में स्थिति है । जिसका कुल क्षेत्रफल 1526.00 वर्ग फीट तथा चतुर्सीमा पूर्व में सरकारी गली है, पश्चिम में मकान प्रतिभा शाह का है, उत्तर में सरकारी सड़क है, दक्षिण में मकान मकान प्रतिभा शाह स्थित है । यह कि श्री डॉ. मनोहर लाल शाह का नाम नगर पालिका निगम में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति के बहैसियत स्वामी व अधिपति के रूप में दर्ज था। श्री डॉ. मनोहर लाल शाह की मृत्यु दिनांक 07.10.2012 को हो जाने के कारण उनकी संपत्ति के वैध वारिस पत्नी श्रीमती निर्मला एवं पुत्रगण (1) श्री रविन्द्र कुमार पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह (2) श्री बृजेन्द्र कुमार पिता पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह हुए।

यह कि, उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति (1) श्री रविन्द्र कुमार पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह (2) श्री बृजेन्द्र कुमार पिता पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह को बजरिये रजिस्टर्ड हक-त्याग विलेख पत्र दिनांक 05.06.2026, दस्तावेज क्र. MP17IGR18842026A100684000 के द्वारा प्राप्त हुई है। (1) श्री रविन्द्र कुमार पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह (2) श्री बृजेन्द्र कुमार पिता पिता स्व. डॉ. मनोहर लाल शाह के द्वारा मेरे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बंधकग्रस्त करने का प्रस्ताव कर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस जाहीर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त भवन/भूखण्ड में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या अतिरिक्त किसी भी राष्ट्रियकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधिन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहीत लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतित होने के पष्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बैंक के हित में बंधकग्रस्त किया जा सकता है तथा उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी। इति - दिनांक 27.08.2026, उज्जैन

**विवेक पाठक अभिभाषक**
**42, घटकरपर मार्ग**
**मालवा होजअरी के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 94248-92788**

## NAME CHANGE

I AQUIL INAYETHUSAIN
I HAVE CHANGE MY NAME AQUIL INAYETHUSAIN TO AQUIL INAYETHUSSAIN FOR ALL FUTURE PURPOSES AS PRESCRIBED IN MY GOVT CERTIFIED DOCUMENT.
**ADDRESS - 25 DADA BHAI NOROJI MARG UJJAIN (M.P). INDIA PIN - 456001**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती रोहिणी जैन पति स्व. श्री शालभद्र जैन, 2. श्री संकल्प जैन पिता स्व. श्री शालभद्र जैन, 3. श्लेषा पिता स्व. श्री शालभद्र जैन, निवासीगण 123, चौंसठ योगिनी मार्ग, नयापुरा, उज्जैन के स्वामित्व का एक भवन नगर पालिक निगम पुराना क्रमांक 5/1610 का भाग वर्तमान क्रमांक 123 जो कि चौंसठ योगिनी मार्ग, नयापुरा, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 53.90 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्सीमा में पूर्व में जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी समाज का मकान, पश्चिम में सड़क, उत्तर में श्रीमती राधादेवी पति श्री अशोक नामदेव का मकान तथा दक्षिण में श्रीमती राधादेवी पति श्री अशोक नामदेव का मकान मिला है। उक्त सम्पत्ति को श्रीमती रोहिणी जैन एवं श्री संकल्प जैन तथा श्लेषा के पिता स्व. श्री शालभद्र जैन द्वारा संयुक्त रूप से इसके पूर्व स्वामी श्रीमती अंगूरवाला गर्ग पति श्री मोहनलाल गर्ग से पंजीयन कमांक 1380 दिनांक 18.11.2013 के माध्यम से कय किया था तथा श्रीमती अंगूरबाला पति श्री मोहनलाल गर्ग ने उक्त सम्पत्ति को इसके पूर्व स्वामी श्रीमती रामेश्वरीबाई पति श्री मदनलाल भाया से पंजीयन क्रमांक 2668 दिनांक 10.12.1985 के माध्यम से विधिवत क्रय किया था एवं श्रीमती रामेश्वरीबाई पति श्री मदनलाल भाया ने उक्त सम्पत्ति को उनके पिता श्री कुन्दनमल से रजिस्टर्ड पंजीयन दिनांक 11.01.1962 द्वारा विधिवत दान में प्राप्त किया था। श्री शालभद्र जैन का स्वर्गवास शहर उज्जैन में दिनांक 21.11.2023 को हो चुका है, पश्चात नगर पालिक निगम उज्जैन में सूचना पत्र प्रकरण क्रमांक 244/2026/7पी. टी. जावक क्रमांक 485 दिनांक 23.06.2026 से उक्त सम्पत्ति पर श्रीमती रोहिणी जैन, श्री संकल्प जैन तथा श्लेषा का नामांतरण दर्ज है जिनके द्वारा उक्त सम्पत्ति को आई.सी.आई.सी. आई. बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति को बंधक बनाये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का टाईटल क्लीयर मानते हुए बैंक के पक्ष में बंधक बनाने की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य एवं स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 27-08-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 70679-09621**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने बेबी कुंवर पिता उंकारसिंह, जाति राजपूत, सरेकुंवर बैवा उंकारसिंह, जाति राजपुत, भंवर कुंवर पिता उंकारसिंह जाति राजपुत समस्त निवासीगण ग्राम गुरला के स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम गुरला स्थित कृषि भुमि सर्वे नम्बर 31/3/2 रकबा 1.06 हेक्टर भुमि को कृय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है। यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदि की हुई हो, अथवा उक्त भुमि के किसी भी वैध उत्तराधिकारियों का भुमि में किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस में मिले व आपत्ति पेश करे। अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित में बन्धन कारक नहीं रहेगी दिनांक 26/08/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चौक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन मोबा. 98278-47404 एवं 99260-66398**

**दिनांक 25/08/2026 को नरविन्द्र पाल सिंह पिता शेरसिंह द्वारा दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित**

## जाहिर सूचना का खण्डन

मेरे पक्षकारगण शेरसिंह, ओछप कुवर व कृष्णपालसिंह निवासी ग्राम रुणजी तह. घटिया जिला उज्जैन के द्वारा मुझ अधिवक्ता को जाहिर सूचना प्रकाशित दिनाँक 25/08/2026 के खण्डन हेतु नियुक्त व निर्देशित किया गया है, उनसे प्राप्त जानकारी व माहेती अनुसार खण्डन जाहिर सूचना का किया जाता है, कि आप महोदय नरविन्द्र पाल सिंह पिता श्री शेरसिंह को मेरे पक्षकारगण कि कृषि भूमियों के सबंध जाहिर सूचना प्रकाशित करने का कोई अधिकार प्राप्त नही है। आप महोदय सार्वजनिक रूप से मेरे पक्षकारगण के स्वामित्त्व व आधिपत्य कि कृषि भूमियों को किसी भी रूप में विक्रय करने से या अन्य किसी माध्यम से अतरण करने से नहीं रोक सकते है। आप महोदय ने प्रकाशन के मध्यम से जो मेरे पक्षकारगण कि कृषि भूमियों को बाधित करने का कुप्रयास किया है, वह वैधानिक एवं नैतिक रूप से कोई औचित्य नहीं रखता है। आप महोदय को मेरे पक्षकार श्री शेरसिंह द्वारा मानवता दिखाकर अपने जीवनकाल में अपने नाम कृषि भूमि का बंटवारा, हिस्से, हक व स्वत्व अनुसार वर्षों पहले विधिवत कर के, आप महोदय के नाम राजस्व रिकार्ड में कृषि भूमि दर्ज कर दी है, आप महोदय अनैतिक दबाव बना कर भय दिखाकर मेरे पक्षकारगण कि अपहानि कर उन्हें परेशान व प्रताड़ित कर रहे है, आप महोदय का कृत्या अव्यवहारिक होकर दुर्भावना पूर्वक है, मेरे पक्षकारगण आपके उपरोक्त कृत्य के विरुद्ध योग्य एवम वैधानिक कार्यवाही करने जा रहा है। जिसके परिणाम का दायित्व आप महोदय का रहेगा आपके द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना मेरे पक्षकारगण के विरूद्ध असत्य बेबुनियाद, निराधार होकर मेरे पक्षकारगण उसका पूरी तरह से खण्डन करते हैं। सो सूचित होते।

दिनांक 27-8-2026

**मिश्रीलाल चौधरी एडवोकेट**
**कार्यालय चेम्बर 74 नवीन न्यायलय परिसर उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय पालीवाल पिता स्व. श्री माधव प्रसाद पालीवाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूखण्ड पुराना क्रं. 21 का पूर्व दिशा वाला भाग, वर्तमान म्यु. क्रं. 21/1 महदजी मार्ग, कार्तिक चौक, उज्जैन में स्थिति है । जिसका कुल क्षेत्रफल 67.36 वर्गमीटर तथा चतुर्सीमा पूर्व में मकान चंद्रशेखर का है, पश्चिम में मकान भानुप्रसाद का है, उत्तर में मकान मंगलदास का है, दक्षिण में महदजी मार्ग है। यह कि, उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति पूर्व में श्री माधव प्रसाद पिता श्री पन्नालाल को बजरिये रजिस्टर्ड बंटवारा पत्र दिनांक 19.04.1985, दस्तावेज क्र. 194 के द्वारा प्राप्त हुई है। श्री माधव प्रसाद पिता श्री पन्नालाल का स्वर्गवास दिनांक 28.11.2007 को हो चुका है, यह कि श्रीमती दुर्गाबाई पति श्री श्रीमाधव प्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 05.03.2012 को हो चुका है। इन दोनों के वैधानिक उत्तराधिकारी उनके एकमात्र पुत्र श्री संजय पालीवाल हुए। उनके द्वारा उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति पर कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम में दिनांक 04.06.2019, प्रकरण क्र. 476/17/7 पीटी जावक क्र. 836 के द्वारा नामांत्रण प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है।

यह कि (1) अंशुल जोशी पिता श्री रमाकांत जोशी (2) श्री प्रन्शुल जोशी पिता श्री रमाकांत जोशी के द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन/भूखण्ड की बयाना राशि अदा कर क्रय करने का अनुबंध श्री संजय पालीवाल पिता स्व. श्री माधव प्रसाद से किया है। यह कि, (1) अंशुल जोशी पिता श्री रमाकांत जोशी (2) श्री प्रन्शुल जोशी पिता श्री रमाकांत जोशी के द्वारा मेरे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, उज्जैन में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को क्रय करने हेतु ऋण आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त भवन/भूखण्ड में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधिन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतित होने के पश्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति के रजिस्टर्ड विक्रय पत्र को बैंक के हित में बंधकग्रस्त किया जा सकता है तथा उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी।

इति - दिनांक 27.08.2026, उज्जैन

**विवेक पाठक अभिभाषक**
**42, घटकरपर मार्ग**
**इण्डियन बैंक के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 94248-92788**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती आरती राठौर पति श्री जितेन्द्र राठौर निवासी 1/18 रविन्द्र टेगोर मार्ग मेहता गली अब्दालपुरा उज्जैन, म.प्र.ने पूर्व भूखण्ड स्वामी श्रीमती रेखा दीवान पति ओमप्रकाश दीवान, श्री ओमप्रकाश दीवान पिता श्री लक्ष्मीनारायण दीवान निवासीगण- 52 नलिया बाखल उज्जैन से एकमेव स्वत्त्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक -83 जिसका भूमि सर्वे क्रमांक 1683/2, 1691,1662,1682/3, 1682/4, 1662/5 का भाग कस्बा उज्जैन प्रीति नगर कॉलोनी के पास आगर रोड उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूखण्ड जो कि फ्री होल्ड राईटस का है। उक्त भूखण्ड मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का हैं। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 159.05 वर्गमीटर होकर उक्त भूखण्ड जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में रास्ता कॉलोनी की, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 51, उत्तर में अन्य की जमीन, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 82, स्थित हैं। मेरे पक्षकार ने उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र सम्पादन कर दिया गया है। उक्त भूखण्ड का मूल दस्तावेज जो कि श्रीमती रेखा दीवान पति ओमप्रकाश दीवान, श्री ओमप्रकाश दीवान पिता श्री लक्ष्मीनारायण दीवान निवासी 52 नलिया बाखल उज्जैन ने उक्त भूखण्ड का दस्तावेज विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A1430709 दिनांक 14.06.2021 को पूर्व विक्रेता इकबाल खान पिता स्व अकबर खान, मोहम्मद अनवर पिता स्व अकबर खान निवासीगण 38 विकास प्राधिकरण बेगमबाग उज्जैन म.प्र. से कय कर प्राप्त उक्त भूखण्ड के मूल दस्तावेज विक्रय पत्र 18.08.2026 को किसी कारणवश गुम हो गई है। जिसकी शिकायत पुलिस थाना जीवाजीगंज उज्जैन में आवेदन, शपथ पत्र, दिनांक 20.08.2026 को सूचना दर्ज करवा दी गई है। यह कि, उपरोक्त वर्णित भूखण्ड सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढ़ी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधंनकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 27.08.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय डी०एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 907422050**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्डस्वामी :- अतुल यादव पिता श्री कमलेश यादव निवासी-160/20, पटेल नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक-11, इंद्रालय हायलेण्ड्स कॉलोनी ग्राम नानाखेडा उज्जैन में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 104.31 वर्गमीटर है। भूखण्ड के विक्रय मे मय तल व हवाई हक, शामिल है। भूखण्ड मुख्य मार्ग से अंदर की ओर आवासीय क्षेत्र मे स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। भूखण्ड फ्रीहोल्ड राईट्स का है। उक्त भूखण्ड की चर्तुःसीमा निम्नानुसार हैः- पूर्व में संपत्ति क्रमांक-12, पश्चिम में :- संपत्ति क्रमांक 10,9 व 8, उत्तर में :- रास्ता कालोनी का दक्षिण मेंः भूमि अन्य की है। मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय मुल्य की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी भूखण्ड स्वामी को कर दिया है, अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय

निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-28/08/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्याः C-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**उज्जैन, मोबाः 89891-45770**

# निजातपुरा के लोगों को गंदे पानी की समस्या से नहीं मिली निजात

**गुरुवार को फिर पेयजल सप्लाई के दौरान गंदा पानी पहुंचा तो लोगों का फूटा गुस्सा... जानकारी मिलने पर सांसद अनिल फिरोजिया-महापौर मुकेश टटवाल मौके पर पहुंचे**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

निजातपुरा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण की खुदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन कई जगह से लीकेज हो गई थी। इस कारण कई घरों में लोगों के यहां नलों से गंदा व बदबूदार पानी पहुंच रहा था। अब नई लाइन डलने के बाद भी यह समस्या नहीं सुधरी है। अभी भी पिछले एक महीने से निजातपुरा क्षेत्र में कई घरों में नलों से गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है जो की बिल्कुल भी उपयोग लायक नहीं है। इस कारण यहां के रहवासी काफी परेशान है। गुरुवार सुबह जब फिर से लोगों के घर में नलों से गंदा व बदबूदार पानी पहुंचा तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने प्रदर्शन किया। जानकारी मिलने पर सांसद अनिल फिरोजिया-महापौर मुकेश टटवाल और अपर आयुक्त पवनसिंह पीएचई के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। क्षेत्रवासियों ने यहां की समस्या से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। सांसद ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उनकी समस्या दूर करवाई जाएगी। सांसद ने अधिकारियों को कहा कि यहां की सप्लाई बंद करवाकर पूरी लाइन की टेस्टिंग की जाए। ताकि लीकेज का पता चल सके। इसके साथ ही क्षेत्र में दो बोरिंग करवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि निजातपुरा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का काम जब से चालू हुआ है तबसे ही कई घरों में सप्लाई के दौरान नलों से गंदा पानी आ रहा है। नई लाइन डलने के बाद भी यह समस्या बनी हुई है। सबसे बड़ी परेशानी महालक्ष्मी अपार्टमेंट से मस्जिद की तरफ रहने वाले लोगों की बनी हुई है क्षेत्र में जब से नई लाइन डली है तबसे डेढ़ सौ से दो सौ घरों में सप्लाई के दौरान नलों से गंदा व मटमैला पानी पहुंच रहा है।

**पीएचई की टीम कई दिनों से ढूंढ रही**



**लीकेज लेकिन सफलता नहीं मिली** - निजातपुरा, मेघदूत परिसर, महालक्ष्मी अपार्टमेंट में गंदे पानी की शिकायत एक हफ्ते से आ रही है। पीएचई का अमला जगह-जगह तोड़फोड़ कर लीकेज तलाशने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही है। गुरुवार सुबह जब सप्लाई के दौरान फिर से लोगों के घरों में नलों से गंदा पानी आया तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने प्रदर्शन किया। जानकारी मिलने पर सांसद-महापौर अधिकारी पहुंचे। सांसद ने लीकेज नहीं सुधरने तक पानी की सप्लाय बंद करने के निर्देश दिए और मौके पर ही दो बोरिंग स्वीकृत की।

**रहवासियों ने यह कहा**-इधर निजातपुरा क्षेत्रवासी जम्बू जैन धवल ने बताया की क्षेत्र में पिछले 1 महीने से कई घरों में सप्लाई के दौरान लोगों के यहां नालों से गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है। पीएचई की टीम पिछले कई दिनों से लीकेज ढूंढ रही है लेकिन अभी तक टीम को पाइपलाइन का लीकेज का पता नहीं चला है और न ही क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या अभी तक दूर हुई है। महालक्ष्मी अपार्टमेंट सहित मस्जिद तरफ के डेढ़ सौ से दो सौ घर ऐसे हैं जहां पर पिछले कई दिनों से नलों से गंदा व बदबूदार पानी पहुंच रहा है जो की बिल्कुल उपयोग लायक नहीं है।

## रक्षाबंधन की रात स्वर्ण व्यवसायी की हत्या

**हाजीपुर।** वैशाली के तीसीऔता थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने रक्षाबंधन की रात एक स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। दुकान बंद कर किराए के मकान पर लौट रहे 32 वर्षीय विशाल कुमार सोनी को बदमाशों ने सुनसान जगह पर घेरकर गोली मार दी। व्यवसायी को तीन गोलियां लगीं। वारदात के बाद अपराधी उनका बैग लेकर फरार हो गए। घटना बिन्दी चौक और राम सुरेश चौक के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम गंभीर रूप से घायल विशाल कुमार सोनी को इलाज के लिए जंदाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र निवासी विशाल कुमार सोनी के रूप में हुई है।

## जयपुर में पानी में डूबने से भाई बहन की मौत

**जयपुर।** जयपुर में पानी में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। मकान की नींव के लिए गड्ढे खोदे गए थे। गड्ढे में करीब साढ़े चार फीट पानी भर था। पास में खेलते समय भाई-बहन गड्ढे में गिर गए। शव पानी के ऊपर आने के बाद आसपास के लोगों ने देखा और बच्चों को निकालने में जुट गए, इसी दौरान भीड़ देखकर बच्चों के पिता लियाकत हुसैन भी मौके पर पहुंचे। बेटे मोहम्मद अयान (7) और बेटी आलिया (11) को पानी से बाहर निकालकर स्ल्क हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। घटना दिल्ली रोड स्थित मानपुर सड़वा इलाके में बुधवार दोपहर 1 बजे की है। लियाकत हुसैन ने बताया मेरे दोनों बच्चे करीब 45 मिनट तक पानी में डूबे रहे।

## बजरंग दल सहमंत्री के भाई के सिर में मारी गोली

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर के गुरुवार शाम मोमोज के ठेले पर हुए विवाद के बाद दो बदमाशों ने 28 वर्षीय विवेक मीणा के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से उसकी मौत हो गई। विवेक में डिलीवरी बॉय था और बजरंग दल सहमंत्री चेतन मीणा का भाई था। वारदात के बाद दोनों हमलावर फरार हो गए। नई सड़क बावन पायेगा निवासी विवेक गुरुवार शाम करीब 7 से 7:15 बजे आनंद नगर में मोमोज के ठेले पर था। इसी दौरान दो युवकों से किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर बदमाशों ने कट्टा निकालकर विवेक के सिर में पॉइंट ब्लैंक रेंज से गोली मार दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा।

## दीदी कहने पर युवती का हाईवोल्टेज ड्रामा

**जबलपुर।** जबलपुर में गुरुवार रात गढ़ा थाना के सामने एक युवती ने हंगामा किया। करीब एक घंटे तक जाम रहा। युवती अचानक सड़क पर एक कार के सामने आ गई। कार चालक ने जाम लगने की बात कहते हुए उसे किनारे हटने को कहा। चालक के 'दीदी' कहने पर युवती नाराज हो गई और उससे बहस करने लगी। युवती ने ड्राइवर से कहा- 'दीदी' क्यों बोल रहे हो। क्या वह उसकी दीदी लगती है। इसके बाद वह कार के सामने खड़ी होकर रास्ता रोकने लगी। त्योहार के चलते सड़क पर पहले से ज्यादा ट्रैफिक था, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी हुई।

## थरूर बोले- भारत का लोकतंत्र सबसे अलग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हालिया जेन-जी विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि विरोध के दबाव में भारत का राजनीतिक सिस्टम हिला जरूर, लेकिन टूटा नहीं। थरूर के मुताबिक, यही भारत के लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने के एक कार्यक्रम में दक्षिण एशिया के छह देशों में हुए युवा आंदोलनों की तुलना करते हुए यह बात कही। इनमें म्यांमार, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों की सरकारों ने विरोध प्रदर्शनों का अलग-अलग तरीके से सामना किया। वहीं, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था ने समय के हिसाब से खुद को ढाल लिया। नेपाल, श्रीलंका में सत्ता बदल गई। युवाओं के गुस्से के चलते बांग्लादेश और श्रीलंका में शासकों को सत्ता त्यागने और देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। नेपाल में भी सरकार परिवर्तन हुआ। पाकिस्तान में पर्दे के पीछे से भूमिका निभा रही सेना ने मौके का फायदा उठाकर वहां कठपुतली सरकार स्थापित की।

## यूपी में नेपाल से बहकर आई 6 लाशें, 50 किलो वजनी मछली

**लखनऊ/वाराणसी।** नेपाल-तिब्बत बॉर्डर पर बुधवार सुबह आई अचानक बाढ़ के बाद लाशें बहकर यूपी आ रही हैं। गुरुवार को महाराजगंज और कुशीनगर में प्रशासन ने 3-3 लाशों को गंडक (नारायणी) नदी से बाहर निकाला गया। इनमें 2 महिलाएं हैं। किसी की पहचान नहीं हो पाई है। महराजगंज में इंस्पेक्टर अरुण पांडेय ने बताया, अभी और शवों के आने की आशंका है। रेस्क्यू टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। कुशीनगर में नेपाल से नदी में काफी मलवा आया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि उन्होंने नदी में कई बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की लाशें बहते देखी हैं। जिले में हनुमान ठोकर के पास एक युवक ने 50 किलो वजनी मछली पकड़ी। हजारों क्विंटल लकड़ियां भी बहकर आई हैं। यूपी सरकार ने दोनों जिलों को हाईअलर्ट पर रखा है। ये जिले बिहार और नेपाल सीमा से सटे हैं। मुख्यमंत्री योगी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। गोरखपुर एक युवक नेपाल में लापता है। परिजन उससे संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं। इधर, यूपी में गुरुवार सुबह से अब तक मुरादाबाद-सीतापुर समेत 61 जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा 131.6 मिमी बारिश महोबा में रिकॉर्ड हुई।

# महंगाई की मार पर कांग्रेस का वार फीकी चाय पिलाकर बांटी शक्कर

**नुक्कड़ नाटक, मशाल रैली और बिजली कार्यालय का घेराव कर जताया विरोध**

**उज्जैन।** बढ़ती महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को शहर के अलग-अलग ब्लॉकों में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शनों में कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को शक्कर बांटी और टॉवर चौक पर फीकी चाय पिलाकर महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।




संगठन महासचिव अजय राठौर के अनुसार, कांग्रेस ने सभी ब्लॉकों में सिलसिलेवार कार्यक्रम आयोजित किए। कार्तिक चौक महाराज वाला ब्लॉक में अध्यक्ष संचित शर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली गई। यहां कांग्रेस नेताओं ने राहगीरों और आम लोगों को शक्कर बांटकर महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा। वहीं माधव नगर ब्लॉक में अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक और एलईडी स्क्रीन के जरिए केंद्र सरकार के वादों और महंगाई के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया गया।

**टॉवर चौक पर फीकी चाय से जताया विरोध**

कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने टॉवर चौक पर राहगीरों को अपने हाथों से फीकी चाय पिलाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि महंगाई के कारण आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ रहा है

**बिजली कार्यालय का घेराव, निकाली मशाल रैली**

दौलतगंज सराफा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहीम लाला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नई सड़क स्थित बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। दूसरी ओर अंबेडकर ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश धवन और वरिष्ठ नेता वीनू कुशवाहा के नेतृत्व में करीब 500 कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली। विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली टॉवर चौक पहुंची, जहां सभा का आयोजित की गई। सभा को मुकेश भाटी, वीनू कुशवाहा और नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने संबोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने महंगाई, बिजली के बिल और आम जनता से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

## तमिलनाडु की तर्ज पर टेट से छूट का प्रस्ताव पारित करे सरकार-प्रमोद रघुवंशी

**गुना।** मप्र कर्मचारी कांग्रेस गुना के मीडिया प्रभारी सुनील रघुवंशी ने बताया कि तमिलनाडु विधानसभा द्वारा 25 अगस्त 2026 को 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त सरकारी स्कूल शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) से पूर्ण एवं स्थायी छूट दिलाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद मध्यप्रदेश के शिक्षकों में भी उम्मीद जगी है। इसी क्रम में कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी, गुना ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने तथा तमिलनाडु की तर्ज पर प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की मांग की है। प्रमोद रघुवंशी ने कहा कि तमिलनाडु विधानसभा ने लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के हित में एक महत्वपूर्ण और मानवीय पहल की है। मध्यप्रदेश में भी बड़ी संख्या में शिक्षक ऐसे हैं, जिन्होंने नियुक्ति के समय लागू नियमों के अनुसार पूरी योग्यता के आधार पर नियुक्त होकर वर्षों तक ईमानदारी से सेवाएं दी हैं।

## संविदाकर्मी को किया सेवा से पृथक

**गुना।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेष अवस्थी ने नगर पालिका परिषद गुना के संविदा/ ठेका श्रमिक बृजमोहन खरे को सीएम हेल्पलाइन शिकायत के संबंध में शिकायतकर्ता से दबावपूर्ण भाषा का प्रयोग करने एवं धमकी देने के मामले में तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है। साथ ही उनके वेतन आहरण पर भी रोक लगा दी गई है। जारी आदेशानुसार दिनांक 19 अगस्त 2026 को सी.एम.हेल्पलाईन की शिकायतो को संतुष्टि उपरांत बन्द कराने हेतु श्री खरे द्वारा आवेदक विशाल भार्गव निवासी हनुमान मंदिर के पीछे भार्गव कालोनी गुना को सी.एम. हेल्पलाईन शिकायत बन्द कराने हेतु दबावपूर्ण भाषा का प्रयोग कर सीएम हेल्पलाईन शिकायत बन्द कराने हेतु कहा गया।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

क्रम संख्या: 1 • निविदा सूचना संख्या: EL-2025-26-4882 • कार्य का नाम: रतलाम डिवीजन में सिंहस्थ 2028 के सिलसिले में अलग-अलग 12 स्टेशनों पर पानी की सप्लाई व्यवस्था को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य • अनुमानित लागत: रुपये 1,25,06,359.92/- • बयाना राशि: रुपये 2,50,100/- • कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह • वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 24/08/2026 • निविदा खुलने की तिथि: 15/09/2026

क्रम संख्या: 2 • ई-निविदा संख्या: EL-2026-27-16 • कार्य का नाम: रतलाम डिवीजन (1) चंदेरिया-रतलाम सेक्शन में चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा और शंभूपुरा स्टेशनों पर मशीन साइडिंग के साथ संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में इलेक्ट्रिकल कार्य (2) रतलाम-खंडवा सेक्शन में नीमच, बड़नगर और पाल्या स्टेशनों पर मशीन साइडिंग के साथ संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में इलेक्ट्रिकल कार्य • अनुमानित लागत: रुपये 44,95,969.30/- • बयाना राशि: रुपये 89,900/- • कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह • वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 24/08/2026 निविदा खुलने की तिथि: 15/09/2026 अन्य जानकारी: विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड एवं अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं CRY/223

Like us on: facebook.com/WesternRly



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, पुनित जैन पिता श्री सुरेशचन्द्र जैन, निवासी-13/9, प्रगति नगर नानाखेड़ा, उज्जैन के द्वारा क्रयानुबंधितका भूखण्ड क्रमांक 117, अहिल्या नगर (जनकपुरी) नानाखेड़ा, उज्जैन मे स्थित भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर हैं जिसके पूर्व में- भुखण्ड क्रमांक 116, पश्चिम में- सड़क कालोनी की, उत्तर में- अन्य की भूमि, दक्षिण में- सड़क कालोनी की मिली हैं को मय तल लगायत हवाई हक सहीत मेरे पक्षकार ने मुल स्वामी से स्वीकृति प्राप्त कर सौदा कर विधिवत रूप से स्वयं के हित में अनुबंध पत्र के निष्पादन के समय बयाना राशि अदा कर क्रयानुबंधित किया हैं तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जावेगा। उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण दस्तावेज सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 27.8.26

योगेश शर्मा एडवोकेट
कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स
पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 384/3 रकबा 1.00 हेक्टर स्थित ग्राम पंथपिपलाई तहसील जिला उज्जैन को श्रीमती शबाना बी पति श्री शहजाद खान निवासी 18 हारून कॉलोनी खजराना इंदौर (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ है या किया किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स, मेंटेनेंस बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेगी। इति दिनांक 27-08-2026 स्थान - उज्जैन

हुसैन मलोलावाला एडवोकेट
डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड उज्जैन
फोन नम्बर 9826534221, 8839920862



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती मंजू सिंघल पत्नी स्व. श्री त्रिलोक कुमार सिंघल निवासी 61, तृप्ति परिसर नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र. से उज्जैन शहर में नानाखेड़ा स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स योजना के अंतर्गत स्थित प्रथम तल पर चेम्बर क्र. 101 (कार्नर का) जिसका कुल क्षेत्रफल 37.87 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व दिशा में दुकान क्रमांक/चेम्बर क्रमांक 101, पश्चिम दिशा में सड़क, उत्तर दिशा में पार्किंग, दक्षिण दिशा में पोर्च को क्रय करने हेतु टोकन राशि प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त दुकान/चेम्बर को उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन से श्रीमती मंजू सिंघल पत्नी स्व. श्री त्रिलोक कुमार सिंघल को दिनांक 23/02/2022 पंजीयन क्रमांक MP432022022A1304445 समस्त राशि प्रदान कर क्रय की गई थी और उपरोक्त दुकान /चेम्बर का सौदा (विक्रय) निजी कारणों से मेरे पक्षकार को कर दिया है और मेरे पक्षकार द्वारा टोकन राशि (आंशिक राशि) विक्रेता को प्रदान की जा चुकी है। किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्ध शासकीय संस्था, सोसाइटी, निजी ऋणदाता अथवा वित्त संस्था का किसी भी स्वरुप का कोई भी भार या बोझ हो अथवा स्वत्व हितअधिकार हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधी में मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अथवा बाद मियाद अवधि मेरे पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन विधिवत मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जाएगा तथा पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 28 अगस्त 2026

शैलेन्द्र सिंह कुशवाह अधिवक्ता
ऑफिस नंबर 107 डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी कम्प्लेक्स नानाखेड़ा उज्जैन मो. 9893060361



## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता- थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड म्यु. क्रमांक 178 पुराना, नया म्यु. क्रमांक 5/991 वर्तमान म्यु. क्रमांक 85 स्थित अंकपात मार्ग उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 178.00 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में - अंकपात मार्ग, पश्चिम में - खुली भुमि, उत्तर में- भवन वेदप्रकाश शर्मा एवं दक्षिण में- भवन सुरेशचंद्र शर्मा का स्थित हैं। उक्त संपत्ति अरविन्द शर्मा, पंकज शर्मा एवं राकेश शर्मा पुत्रगण मतादिन शर्मा को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई थी तथा अरविन्द शर्मा आदि ने उक्त सपंत्ति पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 340/25/7 पीटी दिनांक 08/07/2025 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा अरविन्द शर्मा आदि ने उक्त संपत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी17आईजीआर1842025ए100683369 दिनांक 04/08/2025 को सिद्धार्थ मीणा पिता श्री विरेन्द्र मीणा को विक्रय कि। एवं सिद्धार्थ मीणा ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, फ्यनि, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती संगीताबाई उम्र 57 वर्ष पति जगदीशचन्द्रजी जाति ब्राह्मण, निवासी सोमेश्वर गली बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र.। से उनके मालीकाना व आधिपत्य के मकान जिसका नगरपालिका गृह क्रमांक 10/अ है मकान स्थित सोमनाथ गली वार्ड क्रमांक 13 कस्बा बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. । उक्त मकान मे आगे एक दुकान निर्मित है उक्त मकान व दुकान का कुल क्षेत्रफल 93.30 वर्गमीटर है जिसकी चतु:सीमा इस प्रकार है पूर्व दिशा में नवीन जी त्रिवेदी का मकान, पश्चिम दिशा मे राधेश्याम जी का मकान, उत्तर दिशा मे धनराज जी जैन का मकान, दक्षिण दिशा मे - आम रास्ता स्थित है। को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त मकान के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त मकान के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो मकान के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या मकान के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा मकान का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक - 27/09/2020

माधुरी सोनी एड्वोकेट
कार्यालय -रवि सोनी का ऑफिस, टी-13 नागेश्वरधाम कॉलोनी बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र.
मो. 8871335849, 7898524515



## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित उज्जैन (म.प्र)

प्रधान कार्यालय, 3. भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवासरोड उज्जैन (मप्र) फोन नं. 0734-2526190, 2526191, 2526193, 2526194, 2526199 फैक्स नं. 0734-2526192 ई-मेल cbsujjain.mp@gmail.com क्रमांक स्टोर /2026-27/ दिनांक 27.08.2026

## वाहन नीलामी सुचना

बैंक की डीजल वाहन क्रमांक एमपी 13-सीसी-3774 महिंद्रा मराजो जी कि माडल वर्ष सितम्बर 2018 का विक्रय किया जाना है। इस हेतु सील बंद निविदाएँ दिनांक 31-08-2026 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे तक प्रधान कार्यालय 03 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र देवास रोड उज्जैन पर आमंत्रित की जाती है। बैंक वाहन की ऑफसेट मूल्य रूपए 3,40,000/- (अक्षरी रुपये तीन लाख चालीस हजार मात्र) निर्धारित की गई है। बैंक में प्राप्त निविदाए बैंक के द्वारा गठित सक्षम कमेटी के द्वारा दिनांक 31-08- 2026 समय 3.00 बजे प्रधान कार्यालय उज्जैन में खोली जावेगी। उक्त बैंक वाहन विक्रय संबंधी निर्धारित नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में बैंक प्रधान कार्यालय के सुचना पटल पर चस्पा की गई है। उक्त वाहन का अवलोकन कार्यालयीन समय एवं कार्य दिवस में किया जा सकता है। शर्तो का प्रारूप बैंक प्रधान कार्यालय के स्टोर कक्ष उज्जैन से प्राप्त करे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित उज्जैन

## न्यूज-कॉलम

### लहसुन व्यापारी के साथ हुई धोखाधडी

**पिपलियामंडी।** स्थानीय कृषि मंडी में लहसुन व्यापारी के साथ धोखाधडी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश ने गोदाम में लहसुन भरकर ले गया ट्रक माल सहित गायब कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।मिली जानकारी अनुसार कृषि उपज मंडी प्रांगण में लहसुन व्यापारी शंकरलाल हरजानी की सांईकृष्णा इम्पेक्स से फर्म है।व्यापारी हरजानी ने बताया कि उन्होंने आसाम बंगाल एम डी ट्रांसपोर्ट मंदसौर के जरिए ट्रक बुलवाया था। 23 अगस्त को रात करीब 8 बजे ट्रक क्रमांक एचआर 39 जी 8686 में वेस्ट बंगाल सिलीगुड़ी के लिए 136 क्विंटल 85 किलो लहसुन लोड की थी।लहसुन के कट्टो पर हमारी फर्म के टैग लगे हुए थे।ट्रक लहसुन लेकर निकला उसके बाद से ही ट्रक के चालक ने मोबाइल बंद कर लिया।जहां के लिए लोड किया था वंहा भी लहसुन नहीं पहुंचा।

### मारवाड़ी युवा मंच द्वारा साइकिल रैली व सम्मान समारोह 30 को

**मन्दसौर।** अ.भा. मारवाड़ी युवा मंच द्वारा स्वस्थ भारत अभियान के तहत आगामी 30 अगस्त, रविवार को प्रातः 8.30 बजे मंदसौर जिला मुख्यालय स्थित संजय गांधी उद्यान से भव्य साइक्लोथान (साइकिल रैली) का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नूतन स्टेडियम परिसर पहुंचेगी। नूतन स्टेडियम में प्रातः 9.30 बजे रैली का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष रानी अनिल अग्रवाल, दिलीप सेठिया, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य हेमंत अग्रवाल, संजय वर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी और नेहा सुमित मित्तल सहित अन्य अतिथियों द्वारा रैली में सहभागिता करने वाले स्कूली बच्चों तथा गणमान्य नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 शिक्षक हुए सम्मानित

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर द्वारा च्सेवा प्रवर्त शिक्षक सम्मान एवं वृहद जिला शिक्षक सम्मेलनश का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के पूजन से शुरू हुए इस समारोह में शिक्षा के महत्व, राष्ट्र निर्माण और शिक्षकों की विभिन्न विभागीय समस्याओं पर वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय सेवाएं देने वाले 25 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की मुख्य धुरी हैं, जो नई शिक्षा नीति को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता, क्रमोन्नति वेतनमान, पेंशन व अन्य लंबित मांगों को रेखांकित करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक विपिन जैन ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था में शिक्षकों को व्यावहारिक राहत देने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में संगठन के अनेक प्रांतीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रतलाम में ध्वनि सीमा तोड़ने पर पुलिस सख्त, 12 डीजे जब्त

**रतलाम।** रतलाम में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को निकाले गए जुलूस में निर्धारित ध्वनि सीमा और प्रशासनिक निदेशों का पालन नहीं करने वाले डीजे संचालकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 डीजे जब्त किए हैं, जबकि 10 डीजे संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग-अलग डीजे पर कुल 60 हजार रुपए के चालान काटे गए हैं। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान कई स्थानों पर डीजे तेज आवाज में बजाए जाने की शिकायतें पुलिस तक पहुंची थीं। लोगों ने निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि को लेकर आपत्ति जताई थी। जुलूस के दौरान पुलिसकर्मियों ने कुछ स्थानों पर डीजे की आवाज कम कराने का प्रयास भी किया, लेकिन आयोजकों की ओर से विरोध किए जाने की बात सामने आई। कानून व्यवस्था प्रभावित न हो, इसे देखते हुए पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने वालों को चिन्हित किया।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, तहसीलदार के देरी से पहुंचने पर पटेल की प्रतिमा पर रखा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर




आम आदमी की कमर तोड़ती महंगाई और सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण के नेतृत्व में एक विशाल प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। जनता की आवाज को बुलंद करते हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर गांधी चौराहे से लेकर बीपीएल चौराहा (मिश्रीलाल पेट्रोल पंप) तक एक विशाल पैदल मार्च निकाला। इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी की पहुँच से दूर होती महंगी शक्कर, 20 पेट्रोल की आसमान छूती कीमतें व उसमें हो रही मिलावट, डसने वाले बेतहाशा बिजली बिल और रसोई का बजट बिगाड़ने वाले महंगे गैस सिलेंडर जैसे जनहित के गंभीर मुद्दों पर सरकार को जमकर घेरा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पूंजीपतियों की सरकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है और इसकी सभी नीतियां केवल चंद धनकुबेरों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बनाई जा रही हैं। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर पूरी तरह से तोड़ दी है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक आम आदमी को राहत नहीं मिल जाती। पैदल मार्च के समापन के पश्चात जब प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का समय आया, तब ज्ञापन लेने के लिए तहसीलदार महोदय समय पर उपस्थित नहीं हुए। उनके देरी से पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रशासन के इस रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के चरणों में रख दिया।महंगाई के खिलाफ इस जन-आंदोलन में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस संघर्ष को नई ऊर्जा प्रदान की।

## पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में यूथ कनेक्ट का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर




राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में खेलो इंडिया संवाद के अंतर्गत भव्य यूथ कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और माय भारत पोर्टल के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता तथा राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और एनएसएस स्वयं सेवकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशव्यापी लाइव उद्बोधन सुना, जिसमें खेलों के विकास, बुनियादी सुविधाओं और आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और कहा कि खेल अनुशासन व नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने ग्रामीण व छोटे शहरों की खेल प्रतिभाओं को निखारने पर बल दिया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों- वैभव चौरसिया, अक्षा बी, अभिनव चौहान, रतन प्रजापत और धवल कुमावत को ट्रैकसूट, तुलसी का गमला व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, भविष्य-उन्मुख कौशल और विकसित भारत 2047 में युवाओं के योगदान जैसे प्रमुख विषयों पर परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। संचालन एनएसएस स्वयं सेवक वर्षा झाला ने किया। आभार एनएसएस अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया।



## ओमान में आयोजित हास्य मेव जयते में गूंजी भारतीय कविताएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर

ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित काव्य संध्या च्हास्य मेव जयतेज का 30वां संस्करण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। भारतीय सोशल क्लब ओमान के हिंदी विंग एवं जीपीटी ग्रुप के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारत से आए प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवियों ने अपनी रचनाओं से प्रवासी भारतीयों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस विशेष काव्य संध्या में आमंत्रित भारतीय कवि मुन्ना बैटरी ने अपने चुटीले अंदाज और हास्य कविताओं से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। प्रसिद्ध गीतकार दिनेश रघुवंशी के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के प्रथम सचिव एवं चांसरी प्रमुख प्रदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। भारत लौटने पर कवि मुन्ना बैटरी ने बताया कि ओमान में भारतीय समुदाय और हिंदी प्रेमियों से मिला स्नेह बेहद यादगार रहा, जो वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति को नई पहचान देता है।

### आकाशीय बिजली मकान की दीवार पर गिरी, कांग्रेस नेता ने मुआवजे की मांग की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी

नारायणगढ़ में बुधवार को देर रात्रि दिनेश पिता मोहनलाल प्रजापत के मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से मकान की दिवारे क्षतिग्रस्त होगई ओर लगभह १लाख रुपये का नुकसान होगया। सूचना पर गुरुवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबुखा मेवाती,अजित कुमठ आदि पीड़ित परिवार के घर पहुंचे व परिजनों से चर्चा कर तहसील दार, पकंज जी जाट को पूरे घटनाक्रम से अवगत करवा कर मुआवजे की मांग की।इधर कस्बा पटवारी ओमप्रकाश जी पाटीदार भी मौके पहुंचे व मौका पंचनामा बनाया।प्रजापत के पड़ोस में रहने वाले बालमुकुंद पाटीदार ने भी बताया कि आकाशीय बिजली इतनी तेज थी कि मेरे यहाँ भी दो छत पंखे व घड़ी क्षतिग्रस्त होगये। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजस्व विभाग की आरबीसी की धराओ में परिवर्तन किया जाना अति आवश्यक है।क्योकि वर्तमान में इस धारा में जो मुआवजा दिया जाता है वह ऊंट के मुंह मे जीरे के समान है।नुकसान लाखो रुपये का होता है और अधिकतम मुआवजा मात्र 12 हजार रुपये ही दिया जाता है इससे पीड़ित परिवारों को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है।



## शालेय तहसील स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता संपन्न, कल होंगे जिला स्तरीय मुकाबले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

मंदसौर स्थित हॉकी टर्फ मैदान पर शालेय तहसील स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। एक दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। प्रतियोगिता में मंदसौर तहसील के विभिन्न विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के सौजन्य से आयोजित इस स्पर्धा में चयनित खिलाड़ी अब आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मंदसौर तहसील का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कल 29 अगस्त को प्रातः 8 बजे से इसी टर्फ मैदान पर होगा। कार्यक्रम में हॉकी संघ के सचिव अविनाश उपाध्याय, प्रतियोगिता संयोजक महेंद्र शुक्ला सहित अनेक खेल शिक्षक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन खोखर ने किया तथा आभार प्रदर्शन रूबीना खान ने माना।

## ठेले में बाइक रखकर किया प्रदर्शन, नागरिकों को बांटी शक्कर की पुड़िया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

देश मे बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को शहर के फव्वारा चौक पर जोरदार हल्लाबोल प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान महंगी शक्कर, पेट्रोल, ई-२० पेट्रोल, गैस सिलेंडर और बिजली के बढ़े बिलों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस ने प्रदर्शन को प्रतीकात्मक और रचनात्मक रूप देते हुए अलग-अलग तरीके से महंगाई के मुद्दे को जनता के सामने रखा। प्रदर्शन के दौरान फव्वारा चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूल्हा जलाकर बिना शक्कर की चाय बनाई। कांग्रेस नेताओं ने इसे महंगाई का आम आदमी की रसोई पर पड़ रहे असर का प्रतीक बताया। कार्यकताओं का कहना था कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए घरेलू बजट संभालना मुश्किल होता जा रहा है। चाय में शक्कर नहीं डालकर यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि महंगाई के दौर में आम आदमी की छोटी-छोटी खुशियों पर भी असर पड़ रहा है। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता एक किलो शक्कर लेकर पहुंचे। शक्कर को छोटी-छोटी पुड़ियों में पैक कर राहगीरों और नागरिकों को वितरित किया गया। कांग्रेस ने इसके जरिए महंगी शक्कर को लेकर सरकार की नीतियों पर कटाक्ष किया। कार्यकताओं ने कहा कि शक्कर जैसी सामान्य खाद्य सामग्री की कीमत बढ़ने का सीधा असर हर घर की रसोई पर पड़ता है।

शक्कर की पुड़िया बांटने के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

## ब्लॉक कांग्रेस द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नारायणगढ़



बेतहाशा बढ़ती महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के मार्गदर्शन में मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस ने हल्ला बोलते हुए नारायणगढ़ में जनजागरण रैली एवं जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेसजन, किसान बंधु एवं आमजन बस स्टैंड, नारायणगढ़ पर एकत्रित हुए। यहां से नगर के प्रमुख मार्गों से जनजागरण रैली निकाली गई। रैली पुनः बस स्टैंड पहुंची, जहां करीब दो घंटे तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन के दौरान शक्कर के बढ़ते दाम, महंगा 20 पेट्रोल, बिजली के भारी-भरकम बिल, महंगे गैस सिलेंडर और बढ़ते खाद के दाम जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ तीखा आक्रोश जताया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और घर का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं मल्हारगढ़ विधानसभा प्रत्याशी श्री परशुराम सिसोदिया ने कहा कि महंगाई की मार से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार परेशान हैं। सरकार को जनता की तकलीफों का जवाब देना होगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि आज हर घर महंगाई की मार झेल रहा है।

शक्कर, पेट्रोल, बिजली, गैस और खाद–हर मोर्चे पर जनता पर बोझ बढ़ाया जा रहा है। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतरी है और जब तक आम आदमी को राहत नहीं मिलेगी, यह संघर्ष जारी रहेगा। जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि महंगाई अब आम परिवारों के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। जनता सरकार से जवाब मांग रही है और कांग्रेस इन जनसरोकार के मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार और किसानों की कमर तोड़ दी है। सरकार को दावों और भाषणों से बाहर निकलकर जनता को वास्तविक राहत देनी चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव तुलसीराम पाटीदार,बाबुखा मेवाती, अजित कुमठ, नागुलाल चौहान, लियाकत मेव,बलवन्त पाटीदार धरने को संबोधित किया। महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस के आंदोलन में जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा प्लास्टिक की नकली पिस्तौल व पॉलिथीन में शक्कर लेकर पहुंचे जिसे रस्सी के कारकेट में पूर्ण सुरक्षा देते हुवे अनूठा प्रदर्शन किया गया।

## न्यूज कालम



### ब्रह्माकुमारी संस्थान ने चलाया नशा मुक्ति के लिए प्रतिज्ञा अभियान

**पिपलिया मंडी।** भारत सरकार के द्वारा 2 अगस्त 2026 से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान में पिपलिया मंडी सेवाकेंद्र के द्वारा भी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति में नशा मुक्त भारत जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों,औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा करवाई गई।सेवाकेंद्र प्रभारी बी के लता दीदी ने बताया कि वर्तमान समय में देश का युवा, छात्र, किसान, आम लोग कई प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन द्वारा नशे के चंगुल में फंसते जा रहे हैं।ऐसी गंभीर परिस्थिति में भारत सरकार के साथ मिलकर ब्रह्माकुमारी संस्थान ने 10 करोड़ नशामुक्ति महाप्रतिज्ञा अभियान चलाया।जिसमें पिछले करीब 15 दिनों से नगर ओर क्षेत्र के, सोनिक बायोकेम इंडस्ट्रीज,सीएम राइज स्कूल मल्हारगढ़,झारड़ा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डेफोडिल्स स्मार्ट एकेडमी,गुड़भेली,कबीर इंटरनेशनल स्कूल गुड़भेली,सरस्वती शिशु मंदिर पिपलिया मंडी,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया मंडी,महर्षि दयानंद स्कूल पिपलिया मंडी,शारदा विद्या मंदिर पिपलिया मंडी, होली क्रॉस कान्वेंट स्कूल सहित कोचिंग स्टाफ,शिक्षक गणों ओर आम नागरिकों को नशा मुक्ति प्रतिज्ञा,,,ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा कराई गई।

### जिले के रतनगढ़ में मेला लगा, जिसमे भजन संध्या मे उमड़े लोग




नीमच जिले के रतनगढ़ में मेले व भजन संध्या में उमड़े लोग

**नीमच।** जिले के रतनगढ़ का प्रसिद्ध भगवान से लक्ष्मी नारायण को समर्पित प्रसिद्ध मेले का आयोजन नगर पंचायत रतनगढ़ द्वारा किया गयाद्य मेले में विभिन्न प्रकार के बाजार प्रदर्शनी आदि लगे हैं. वहीं मैं लेकर अवसर पर नगर पंचायत द्वारा आर्केस्ट्रा के संयोजन से भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक की आवाज में सवार लहरिया और भजन गंजे द्य मेले में झूला चकरी और खिलौने आदि का बाजार सजा है वही रविवार को संपन्न हुई भजन संध्या में को सुनने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी व क्षेत्र के लोगों ने देर रात तक भजन सम्राट के भजनों का आनंद लियद्य मेले में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश कलेचा नगर पंचायत अध्यक्ष जिन्होंने मेले का भ्रमण कर भजन संध्या में भजनों का आनंद लिया।

### भाजपा मंडल मल्हारगढ़ के शक्ति केंद्र मुन्देड़ी की कामकाजी बैठक सम्पन्न



**मल्हारगढ़।** जलोदिया भाजपा शिर्ष नैत्रत्व, संगठन व भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित श्री राजेश दीक्षित व भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री आशीष विजयवर्गीय के निदेर्शानुसार व शक्ति केन्द्र मुन्देड़ी प्रभारी श्री प्रकाश पोरवाल रिछा (पिपलिया मंडी), संयोजक श्री डॉ. मुकेश मालवीय मुन्देड़ी सह संयोजक श्री संजय यति नारायणगढ़ के सानिध्य मार्गदर्शन व भाजपा किसान मोर्चा मंडल मल्हारगढ़ अध्यक्ष बाबुलाल डाका पिपल्या विशन्या के मुख्य आतिथ्य व राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी मंडल मल्हारगढ़ के शक्ति केंद्र मुन्देड़ी की कामकाजी बैठक ग्राम जलोदिया में राजेश कुमार कारपेन्टर के निज निवास पर भाजपा के पितृ पुरुष पं.दिन दयाल जी उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प, दिप प्रज्जवलित कर, अगरबत्ती, तिलक लगाकर व मुख्य अतिथि और शक्ति केन्द्र टोली पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाकर पार्टी का दुप्पटा पहनाकर, तिलक लगाकर व शक्ति केन्द्र बुथ आगन्तुकों को पार्टी का दुप्पटा पहनाकर तिलक लगाकर सम्पन्न हुई।

### मकान के तलघर में मिले महिला–पुरुष के शव,सल्फास खाकर दी जान

**रतलाम।** रतलाम के ढोढर में गुरुवार सुबह निमार्णाधीन मकान के तलघर में एक महिला और पुरुष के शव मिले। मौके से सल्फास की गोलियां और सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस के अनुसार, नोट में दोनों ने अपनी मौत की जिम्मेदारी खुद लेने की बात लिखी है। मृतकों की पहचान ईश्वरलाल प्रजापत (38) निवासी कलालिया और चंदाबाई निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। सुबह मकान मालिक निमार्णाधीन मकान पर पहुंचा था। तलघर में दोनों के शव पड़े देखकर उसने ढोढर पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, रिंगनोद थाना प्रभारी आनंदसिंह आजाद और ढोढर चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा बनाकर दोनों शवों को जावरा सरकारी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की जांच में सामने आया कि ईश्वरलाल मकान बनाने की ठेकेदारी करता था। जिस निमार्णाधीन मकान में दोनों के शव मिले, उसका काम भी वही ठेके पर कर रहा था। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और वे पिछले एक साल से लिव इन में रह रहे थे। दोनों ने ढोढर में किराए का मकान ले रखा था।पुलिस के अनुसार, चंदाबाई ईश्वरलाल के साले की पत्नी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों ने बुधवार रात करीब 12 से 1 बजे के बीच सल्फास की गोलियां खाई होंगी।

## मंदिरों में अखंड रामायण व घरों में मासपारायण पाठ के आयोजन

**जगोटी।** पवित्र सावन मास में जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ के आयोजन हो रहे हैं, वहीं क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घरों में रामायण मासपारायण किए जा रहे हैं। श्री चैतन्य हनुमान मंदिर जगोटी व श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर अखंड रामायण पाठ के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहें हैं। चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री वीर तेजाजी मंदिर पर गांव की महिलाएं प्रतिदिन रात को एकत्र हो कर भजन कीर्तन करती है। घरों में रामायण के मासपारायण पाठ का आयोजन सनातन काल से चल रहा है बदलते दौर में भी गांवों के अधिकांश घरों में यह क्रम अनवरत जारी है। वरिष्ठ शिक्षिका व ज्योतिष की अच्छी जानकर रही स्व. कृष्णकांता शर्मा के पुत्र पंडित अशोक शर्मा ने बताया कि उनकी माताजी की सत्तर साल पहले शादी में बिदाई के दौरान उनके माता-पिता द्वारा दी गई श्री रामचरितमानस ग्रंथ का पाठ सावन मास में निरन्तर जारी है व अब यह पाठ तीसरी पीढ़ी कर रही है।

## महंगाई का असर, खोपरा गोला के दाम में भारी उछाल

**सुसनेर।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में तैयारियां शुरु हो गई हैं। त्योहार नजदीक आने के साथ ही राखी, मिठाई और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारी बढ़ने लगी है। वहीं इस बार त्योहार पर उपयोग होने वाली कुछ जरूरी सामग्री के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। रक्षाबंधन पर पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले खोपरा गोला के भाव में सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई है। इस बार खोपरा गोला करीब 430 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। जबकि पिछले वर्ष इसका भाव लगभग 250 रुपए प्रति किलो था। इस तरह एक साल में इसके दाम में करीब 180 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है।

## विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**ब्यावरा।** रा.खे.यो. स्कूल गेम्स के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आज आर.के. एकेडेमी ब्यावरा में किया गया। प्रतियोगिता में आर.के. एकेडेमी, प्रोग्रेसिव हाइट्स, ज्योति कॉन्वेंट, मानस स्कूल, सांदीपनि विद्यालय, बी.पी.एस. स्कूल सहित ब्यावरा विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी एकाग्रता, रणनीतिक सोच, धैर्य और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता के पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं चयनित खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। ब्यावरा 15

## श्राविका राजश्री बोहरा की समाजजनों ने की अनुमोदना

**महिदपुर रोड।** नगर जैन समाज के चातुर्मास के दौरान नगर में चातुर्मास के दौरान विराजित साध्वी अमित रसा जी की पावन निश्रा में समाज के श्रावक श्राविकाएं बड़ी संख्या में कर रहे बुधवार को सुश्राविका राजश्री प्रकाश बोहरा की अनुमोदना भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान कांग्रेस महिदपुर मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा समाज सेवी कान्हा गुर्जर श्रेया संगठन के उपाध्यक्ष श्याम गुलाटी पत्रकार दिनेश मंडोवरा तथा गोपाल उपाध्या य आदि ने करते हुए उनकी शाल ओढा कर अनुमोदना की। जैन समाज के युवा समाज सेवी संकेश चौरड़िया ने जानकारी देते हुए बताया चातुर्मास के दौरान 52 श्रावक श्राविकाएं सिद्धी तप तथा 30 श्रावक श्राविकाएं नवकार मंत्र आराधना कर रहे हैं।

## लोलकी में पहली बार निकली भव्य बाल कांवड़ यात्रा

**सुसनेर।** क्षेत्र के ग्राम लोलकी में एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पहली बार भव्य बाल कांवड एवं कलश यात्रा निकाली गई। विद्यालय परिवार की पहल पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और ग्रामीण शामिल हुए। बारिश के बीच निकली यात्रा में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा गांव शिवमय नजर आया।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूसे मुहम्मदी

# शानो-शौकत के साथ निकले जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर







जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर बुधवार को नगर में जुलूसे मुहम्मदी पूरी शानो-शौकत और अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न समाजों की ओर से जुलूस का गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया गया तथा पुष्पवर्षा कर सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया।

सुबह करीब 9 बजे शहर काजी नासीरुद्दीन साहब का इस्तकबाल करने के बाद आजाद चौक से जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस गांधी चौक, डाबरी चौक, शहजलालपुरा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ अडान मोहल्ला पहुंचा। जुलूस में घोड़े, ढोल, बैंड-बाजे तथा आकर्षक ताजिए शामिल रहे, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों को रोशनी एवं झंडों से सजाया गया था, जिससे पूरा शहर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रंग में रंगा नजर आया।

जुलूसे मुहम्मदी के नगर भ्रमण के दौरान विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अभय टोंग्या की ओर से विशेष रूप से स्टेज लगाकर जुलूस का स्वागत किया गया।

जुलूस के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के चलते नगर की सड़कों पर उत्सवी माहौल दिखाई दिया। जुलूस के समापन अवसर पर अडान मोहल्ले में सलातो-सलाम पेश किया गया तथा नगर सहित मुल्क में अमनो-अमान, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

### तराना

मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला पवित्र पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी बुधवार को तराना नगर में बड़े ही हर्षोल्लास, अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ सुबह 9 बजे बस स्टैंड स्थित हजरत सय्यद कचहरी वाले सरकार के आस्ताने से शहर काजी सफीउल्ला साहब की सरपरस्ती में हुआ। इस अवसर पर अंजुमन सदर सय्यद अकबर हुसैन जागीरदार, नायब सदर शेख वकील एवं नायब सदर आरिफ शाह सहित समाज के गणमान्यजन विशेष रूप से मौजूद रहे। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। जुलूस झंडा चौक, तेजाजी चौक, कपड़ा मार्केट, चूड़ी बाजार, कुण्डी चौराहा, हाटपूरा, पुराना पेट्रोल पंप, मित्तल चौराहा, बोरापट्टी, नयापुरा, उतारा चौराहा, मालीपुरा, इमलीबाग एवं मदारबढ़ होते हुए अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचा। जुलूस के मार्ग में बड़ी संख्या में समाजजन एवं विभिन्न संगठनों द्वारा शहर काजी तथा जुलूस में शामिल समाजजनों का इस्तकबाल किया गया।





जुलूस में शामिल आकर्षक ट्रॉलियों एवं मैजिक वाहनों पर बनाई गई विभिन्न सीन एवं झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इन्हें उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में शहर काजी सफीउल्ला एवं उपस्थित उलेमाओं ने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं और उनके जीवन संदेश पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाजजनों से पैगंबर साहब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने तथा आपसी प्रेम, भाईचारे, अमन, इंसानियत और सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया। शहर काजी सफीउल्ला साहब ने कहा कि ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व हमें इंसानियत, मोहब्बत, शांति और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान समाजजनों ने देश एवं नगर में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, सद्भाव और खुशहाली की दुआ की। ईद-ए-मिलादुन्नबी का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### खरसौदकलां

मुस्लिम समाजजनों ने इद मिलादुन्नबी के अवसर पर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर समाजजनों ने खुशियां मनाते हुए मिठाई का वितरण किया। जन्म दिवस के अवसर पर इमामबाड़े से जुलूस निकाला गया। समाजजन ने धर्म ध्वज के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन के साथ बच्चे भी हाथों में तख्तियां एवं ध्वज लेकर शामिल हुए। नगर में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया।

### महिदपुर रोड

बुधवार को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की याद में नगर मुस्लिम समाज जनों ने जश्ने ईद मिला दुन्नबी का जुलूस निकाला। जुलूस हुसैनी चौक से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों एवं मौहल्लों से होता हुआ हुसैनी चौक पर पहुंचा। जुलूस के नगर भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर मिठाई एवं नाश्ते का वितरण किया गया। जुलूस में शामिल समाज जनों को शरबत पिलाया गया इस अवसर पर लंगर का आयोजन भी किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और पूरे नगर मुस्लिम समाज जनों में उत्साह का माहौल रहा।

### महिदपुर

मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर में विशाल जुलूस शहर काजी मसूद अली के नेतृत्व में निकाला गया जिसमें हजारों धर्मप्रेमियों, मदरसों के बच्चों ने भाग लिया। विभिन्न ट्रेक्टर ट्रालियों में धार्मिक झाकियां सजाई गई। नगर के साथ आये बाहर के बैण्ड बाजों ने धार्मिक गानों से जुलूस में धार्मिक माहौल बना दिया। बेरजाली से सुबह 9 बजे निकला विशाल जुलूस पुराने बस स्टेण्ड, घोड़ा पछाड़, मोती बाजार, चौक बाजार, राजेन्द्र मार्ग, जवाहर मार्ग, घाटी मोहल्ला होता हुआ बेरजाली पहुचंकर समाप्त हुआ। जुलूस मार्ग पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस ने शहर काजी व विभिन्न मस्जिदों के पेश इमामों, समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत कर मिलादुन्नबी के अवसर पर बधाई दी। जुलूस मार्ग में कई मंचों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और समाज के वरिष्ठजनों का भी साफा बांधकर स्वागत किया। एक किलोमीटर लम्बा जुलूस 5 घंटे में समाप्त हुआ। प्रशासकीय अधिकारी, पुलिस अधिकारी जुलूस मार्ग पर सतत व्यवस्था में सक्रिय रहें।

### भौंरासा

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर भोरासा में ईद-ए-मिलाद का पर्व हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। तालिब शाह वाली की दरगाह से भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और समाजजन शामिल हुए। बच्चों के हाथों में इस्लामी परचम के साथ तिरंगा भी नजर आया, जिसने एकता और देशप्रेम का संदेश दिया।

जुलूस का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया और मिठाई वितरित कर ईद-ए-मिलाद की मुबारकबाद दी गई। हिंदू समाज के लोगों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बड़े हनुमान चौक पर कथा वाचक अंश किशोर प्रभु जी महाराज ने मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में पूरे समय आपसी भाईचारे, सद्भाव और हिंदू-मुस्लिम एकता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन अंजुमन सदर आफताब आलम ने किया, जबकि आभार सीरत कमेटी अध्यक्ष असलम बेग ने माना।

# हरियाली महोत्सव में दिया संस्कार, सेवा और सनातन संस्कृति का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



सर्वब्राह्मण शक्ति महिला मंडल के तत्वाधान में चित्रा बाजपेई के नेतृत्व में स्थानीय शर्मा परिसर में हरियाली महोत्सव का आयोजन उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, सामाजिक एकता एवं सनातन संस्कारों का सुंदर समागम देखने को मिला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निर्मला रावल, नागदा, अध्यक्ष ओदिच्य ब्राह्मण महासभा मध्यप्रदेश रहीं। अध्यक्षता वंदना सनोठिया, अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल तराना नगर सहित महिला मंडल की सदस्यों की विशेष सहभागिता रही।

महोत्सव के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वृक्षो रक्षति रक्षितः के सनातन संदेश को आत्मसात करते हुए उपस्थित महिलाओं ने प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।कार्यक्रम में इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर ब्राह्मण समाज एवं नगर का गौरव बढ़ाने वाली बेटी विधि शर्मा का भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथियों का भी भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।हरियाली महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात सामूहिक सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें सामाजिक एकता, आत्मीयता एवं पारिवारिक भाव की झलक देखने को मिली।कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा जोशी, स्वप्ना नागर,रानी चतुवेर्दी, विनीता नागर, नूतन पांडे एवं किरण शर्मा सहित महिला मंडल की सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और सामाजिक चेतना की ध्वजवाहक भी है। जब मातृशक्ति संस्कारों के साथ समाज निर्माण का संकल्प लेती है, तब समाज सशक्त और सनातन संस्कृति अधिक समृद्ध होती है।

# रक्षाबंधन को लेकर सजा बाजार खरीददारी के लिए उमड़ी भारी भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

रक्षाबंधन पर्व को लेकर सुसनेर के बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। 28 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। पर्व में कुछ घण्टे ही दिन शेष रहने के कारण बुधवार को बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। शहर के मुख्य बाजार सहित राखी और मिठाई की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। बहनें अपने भाइयों के लिए पसंद की राखियां खरीदने पहुंचीं, वहीं पर्व को लेकर मिठाई, नारियल और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ नजर आई।

रक्षाबंधन को लेकर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया है। बाजार में छोटी-बड़ी, रंग-बिरंगी और अलग-अलग डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए कार्टून व आकर्षक डिजाइन वाली राखियां भी दुकानों पर सजाई गई हैं। वहीं युवतियों और महिलाओं के लिए पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइन की राखियां ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। पर्व नजदीक आने के साथ दुकानदारों को आने वाले दिनों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।

बुधवार को दोपहर के समय अचानक झमाझम बारिश शुरू होने से बाजार की रफ्तार पर कुछ देर के लिए ब्रेक लग गया। बारिश तेज होने के कारण बाजार में आने-जाने वाले लोग दुकानों और अन्य सुरक्षित स्थानों पर रुक गए। इससे कुछ समय के लिए बाजार में सन्नाटा दिखाई देने लगा।

### पर्व को लेकर दुकानदारों में भी उत्साह

रक्षाबंधन व्यापारियों के लिए भी महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। पर्व को देखते हुए राखी विक्रेताओं के साथ मिठाई, नारियल, पूजा सामग्री और उपहार सामग्री के दुकानदारों ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दुकानदारों का कहना है कि रक्षाबंधन नजदीक आने के साथ बाजार में ग्राहकों की संख्या और बढ़ेगी। खासकर पर्व से एक-दो दिन पहले बाजार में सबसे अधिक भीड़ रहने की संभावना है।



### चंदन चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

## चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लकड़ी काटने की आरी, नगदी एवं चंदन लकड़ी जप्त

ब्यावरा। राजगढ़ जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु थाना खिलचीपुर पुलिस द्वारा चंदन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी हेमराज पिता मांगीलाल दांगी 32 वर्ष निवासी ग्राम शेखनपुर खिलचीपुर के खेत की मेड़ पर चंदन के पेड़ थे। चंदन के 4 पेड़ों का सार अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी करने तथा 4 अन्य चंदन के पेड़ों को काटकर नुकसान पहुंचाया गया। आरोपियों द्वारा ग्राम शेखनपुर एवं आसपास के क्षेत्र में अन्य किसानों के चंदन के पेड़ों को भी काटकर नुकसान पहुंचाया गया तथा कुछ पेड़ों का सार चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 324(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना खिलचीपुर पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में जानकारी एकत्रित करने के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने इरशाद पिता सरदार पठान 35 वर्ष एवं रईश पिता छोटे खां पठान 48 वर्ष दोनों निवासी ग्राम चतरूखेड़ी सारंगपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा चंदन चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लोहे की लकड़ी काटने वाली आरी, चंदन लकड़ी एवं 1,500 रु नगदी बरामद कर जप्त की। आरोपियों से चंदन चोरी की अन्य घटनाओं एवं चोरी की गई चंदन लकड़ी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में विवेचना जारी है। ब्यावरा 06

### 52 वर्ष पूर्व जहां कभी था घना जंगल, आज उमड़ता है आस्था का सैलाब

# अंजनीलाल धाम पर द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महाराज का भव्य मंदिर

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़ ।



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में मां अजनार नदी के सुरंम्य तट पर कभी घने जंगल, कंटीली झाड़ियों और दुर्गम रास्तों के बीच एक छोटे से चबूतरे पर विराजमान भगवान श्रीअंजनीलाल का स्थान आज श्रद्धा, सेवा और संकल्प के भव्य केंद्र श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम के रूप में पहचान बना चुका है। करीब 52 वर्ष पहले कुछ युवाओं ने जिस निर्जन स्थल पर सेवा का संकल्प लिया था, वह संकल्प आज एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र का स्वरूप ले चुका है। करीब डेढ़ हजार रुपये के संकल्प से शुरू हुई विकास की ऐसी यात्रा, जो पांच दशक बाद भव्य धाम की पहचान बन गई। वर्ष 1972-73 में कुछ युवाओं ने खुले आसमान के नीचे विराजमान भगवान श्रीअंजनीलालजी की प्रतिमा के लिए छाया की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। करीब 1500 रुपये की लागत से प्रस्तावित टीन शेड के लिए युवाओं ने आपसी जनसहयोग से राशि जुटाई। एक छोटे से प्रयास से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर मंदिर के निरंतर विकास की आधारशिला बनी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं के सहयोग से युवाओं ने मंदिर समिति का गठन किया। समिति के सदस्यों ने श्रमदान किया और जनसहयोग से विकास कार्यों को गति दी। दान राशि के पारदर्शी उपयोग और सेवा भावना ने समाज में विश्वास कायम किया और धीरे-धीरे इस स्थान का स्वरूप बदलता चला गया।

आज यहां मकराना मार्बल से निर्मित भव्य श्री अंजनीलाल मंदिर, विशाल द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव का शिवालय, दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्रीराम-जानकी मंदिर, विशाल सभा भवन, आरोग्य भवन, यज्ञशाला, सुंदर पार्क, कार्यालय भवन और विशाल मंदिर द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। स्वच्छ एवं सुंदर परिसर और अजनार नदी के तट का प्राकृतिक परिवेश इस धाम की सुंदरता में चार चांद लगा रहा। धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का संगम श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम को क्षेत्र का विशिष्ट आकर्षण का केंद्र बनाता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति के साथ प्रकृति की सहज सुंदरता का अनुभूति होती है।

वर्ष 1974 की चैत्र नवरात्रि में मंदिर पर कलशारोहण के साथ प्रवचन परंपरा की शुरूआत हुई। समय के साथ यहां नवरात्रि महोत्सव, हनुमान जयंती, राम जन्मोत्सव, शरद पूर्णिमा, सावन सोमवार सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होने लगे। संत-महात्माओं और विद्वानों के प्रवचनों ने इस धाम की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत किया। श्रीअंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता टाटावाले के अनुसार मंदिर निर्माण और विकास की लंबी यात्रा के बाद अब ट्रस्ट सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है।

पांच दशक से अधिक समय पहले एक छोटे से चबूतरे से सेवा की शुरूआत करने वाले युवाओं का समर्पण आज ब्यावरा के लिए प्रेरणा बन चुका है।

### आकर्षक नक्कासियों से बना राम जानकी मंदिर

श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर आकर्षक नक्कासियों से बना भगवान श्रीराम-जानकी का भव्य मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। श्रीराम जानकी मंदिर परिसर श्रद्धालुओं का मनमोह लेता है।

### शिवलिंग की आकृति में बना भव्य शिवालय

श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर शिवलिंग की आकृति में बना भव्य शिवालय रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से जगमगा रहा। कैलाश पर्वत पर विराजित भगवान द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार श्रद्धालुओं का मनमोह लेता है। सावन सोमवार में भगवान शिव की आराधना और जलाभिषेक का विशाल आयोजन किया जाता है।

## ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने ब्यावरा सिटी एवं देहात थाना स्टॉफ को राखी बांधी



**ब्यावरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय अपना नगर कॉलोनी से शिव साधना भवन सेवा केंद्र ब्यावरा द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी के द्वारा ब्यावरा सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान को राखी बांधकर ईश्वरीय प्रसाद दिया नशा मुक्ति प्रतिज्ञा करवाई एवं सभी स्टाफ को राखी बांधी गई सदा खुश रहे सभी स्वस्थ रहे मौज में रहे सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्वयं के जीवन में परिवर्तन और बुराइयों का त्याग करने और सद्गुण अपनाने एवं कोई भी अवगुण छोड़ने की प्रतिज्ञा की, इस अवसर पर एसडीओपी प्रकाश शर्मा एवं देहात थाना जाकर समस्त स्टाफ को राखी बांधी गई सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संस्कृति, परंपरा दिल में होती है कपड़ों में नहीं विवाद पर तोड़ी चुप्पी



कृति सैनन आजकल रक्षा बंधन के विज्ञापन की वजह से ट्रोल हो रही हैं। दरअसल, उन्होंने इस विज्ञापन में जिस तरह के कपड़े पहने हैं, वे विवाद की जड़ बने हुए हैं। वह आइवरी रंग के लहंगे के साथ डीप-नेक ब्लाउज और केप में नजर आ रही हैं। रक्षा बंधन जैसे पारंपरिक त्यौहार पर इस तरह के कपड़े पहनकर भाई को राखी बांधने पर बहुत से लोग सवाल उठा रहा हैं। यहां तक कि एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनौत ने भी रिएक्ट करते हुए विज्ञापन को जानबूझकर घिनौना बनाने की कोशिश करार दिया। इसके अलावा डॉग को राखी बांधने पर भी कृति को आलोचना झेलनी पड़ी है। अब कृति ने इस पर रिएक्ट किया है। ट्रोल्स को करारा जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा, ₹फेस्टिवल की असली फीलिंग कपड़ों में नहीं, बल्कि उस संस्कृति और परंपरा में होती है, जिसे आप दिल से मानते हैं।₹ पालतू जानवर को राखी बांधने पर कृति ने कहा कि उनके लिए उनके पेट्स भी परिवार के सदस्य की तरह ही हैं। आखिर हम महिलाओं को ये बताना कब बंद करेंगे कि उन्हें क्या पहनना चाहिए? समय के साथ ट्रेडिशनल फैशन भी बदला है। लेकिन आज भी संस्कृति के प्रति किसी महिला के सम्मान को सिर्फ उसके कपड़ों से क्यों मापा जाता है? संस्कृति और परंपरा दिल में होती हैं।



## बिकिनी में राखी बांधोगी भाई को ?

कंगना रनौत ने मंगलवार को कृति के नए विज्ञापन पर रिएक्ट करते हुए तंज कसा। उन्होंने यह सवाल भी किया कि कोई लड़की अपने भाई को बिकिनी पहनकर राखी क्यों बांधेगी ? कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, महिला होने के लिए यह शानदार समय है। हमारी अलमारियां तरह-तरह के कपड़ों से भरी हैं। आज की महिला वैश्विक महिला है-कॉकटेल ड्रेस से लेकर लहंगा-चोली, जीन्स से साड़ी और बिकिनी से सलवार-कमीज तक। आज हमारे पास कपड़ों के इतने विकल्प हैं, फिर आप अपनी बिकिनी/अंतर्वस्त्र में अपने भाई को राखी क्यों बांधोगी?

# गोविंदा की बहू बनेगी जॉनी लीवर की बेटी





गोविंदा फिर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता के साथ उनका मामला सैटल होता दिख रहा है, लेकिन अब सुर्खियों की नई वजह उनका बेटा बना है। सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहुजा की शादी दिग्गज कॉमेडियन जॉनी लीवर की बेटी जेमी से होने वाली हैं। कई वीडियो वायरल हुए, जिनमें इस शादी के दावों ने सनसनी मचा दी। शादी की खबरें आग की तरह इतनी तेजी से फैलीं कि इसकी लपटें जेमी तक भी पहुंचीं और उन्होंने इसका करारा जवाब दिया। जेमी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, मुझे पता है कि कई लोग मेरी शादी को लेकर परेशान हैं। वे जानना चाहते हैं कि मैं कब शादी करूंगी, और अब एक एआई वीडियो ने हंगामा मचा दिया है। पहले तो मुझे ये काफी फनी लगा। मैंने इसे इतना सीरियसली नहीं लिया था लेकिन जब लोग कॉल कर मुझे बधाई देने लगे, तब लगा कि अब सबको सच बताने का टाइम आ गया है।₹ जेमी ने साफ किया कि वायरल वीडियो पूरी तरह से फेक है। जेमी ने यशवर्धन का नाम लिए बिना साफ किया कि जिस इंसान के साथ उनकी शादी की झूठी अफवाह फैला जा रही है वह उनके छोटे भाई जैसा है।

Sport

# भारत-श्रीलंका कोलंबो टेस्ट ड्रॉ, सोनल दिनूषा ने दोनों पारियों में शतक लगाए

### इंडिया 1-0 से सीरीज जीता, जडेजा ने साझेदारी तोड़ी, लाहिरू कुमारा को किया आउट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के श्रीलंका दौरे का दूसरा टेस्ट ड्रॉ हो गया है। इसी के साथ भारतीय टीम ने 2 मैचों की सीरीज को 1-0 से जीत लिया है। उसने पहला मैच 165 रन से जीता था।

कोलंबो इंटरनेशनल स्टेडियम में पहली पारी में 290 पर ऑलआउट होने के बाद श्रीलंका को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। एक समय लग रहा था कि मैच उसके हाथ से निकल गया। लेकिन, सोनल दिनूषा ने दूसरी पारी में नाबाद 133 रन की पारी खेलकर मैच बचाया। आखिरी दिन का खेल समाप्त होने में 17 ओवर बचे थे। तभी दोनों कप्तानों ने हाथ मिला लिया। इस मौके पर श्रीलंका ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 429 रन बना लिए हैं। उसकी बढ़त 216 रन हो गई थी। भारत ने पहली पारी 503/9 पर घोषित की थी।



सोनल दिनुषा ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज में तीसरा शतक लगा दिया। उन्होंने पांचवें दिन के आखिरी सेशन की पहली ही गेंद पर मोहम्मद सिराज की गेंद को मिडविकेट की ओर खेलकर 2 रन लिए और अपना शतक पूरा किया। दिनुषा ने हेलमेट उतारकर बल्ला उठाया और स्टैंड्स में मौजूद अपनी मां की ओर भी देखा।

# सहवाग के बेटे आर्यवीर की अंडर-19 टीम इंडिया में एंट्री

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को पहली बार भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है।

तीनों मुकाबले सितंबर में राजकोट में खेले जाएंगे। आर्यवीर दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और फिलहाल दिल्ली प्रीमियर लीग में वेस्ट दिल्ली लायंस की ओर से खेल रहे हैं।

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय को भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। अन्वय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। यानी, वनडे टीम में वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ के बेटे एक साथ नजर आएंगे। हालांकि, आर्यवीर और अन्वय दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दो मल्टी-डे मैचों की टीम में जगह नहीं मिली है। आर्यवीर सहवाग ने हाल ही में दिल्ली प्रीमियर लीग के 2026 सीजन में वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए खेला है। वे इससे पहले 2024 में कूच बिहार ट्रॉफी में बड़ी पारी खेलकर चर्चा में आए थे। उन्होंने मेघालय के खिलाफ 297 रन बनाए थे।



भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। तीनों मुकाबले राजकोट में होंगे। तीनों मुकाबले सुबह 9 बजे से शुरू होंगे।

## नैनो न्यूज

- **प्रज्ञानानंदा फाइनल में पहुंचे** – आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।
- **भारत-पनामा फुटबॉल मुकाबला तय** – भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 26 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में पनामा से भिड़ेगी।
- **हॉकी में भारत के प्रदर्शन पर सवाल** – विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष हॉकी की रणनीति और विकास व्यवस्था पर चिंता बढ़ी है।
- **बोपन्ना चयन विवाद में मुखर** – एशियन गेम्स टेनिस टीम के चयन और खिलाड़ियों की संख्या घटाने को लेकर रोहन बोपन्ना ने सवाल उठाए हैं।
- **इंडिया ओपन 2028 गुवाहाटी में** – बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2028 इंडिया ओपन की मेजबानी गुवाहाटी में कराने की पुष्टि की।
- **नेपाल क्रिकेट की तेजी से बढ़ती ताकत** – आईसीसी ने नेपाल के क्रिकेट विकास की सराहना करते हुए उसे भविष्य की बड़ी एसोसिएट क्रिकेट ताकतों में माना है।

# भारत के न्यूजीलैंड दौरे के टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री

### पहले 48 घंटे में 26 हजार टिकट बिके

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के न्यूजीलैंड दौरे के लिए पहले 48 घंटे में 26 हजार टिकट बिक गए हैं। यह न्यूजीलैंड क्रिकेट की प्री-सेल में रिकॉर्ड मांग है।

यह दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा और 1 दिसंबर तक चलेगा। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट खेले जाएंगे। भारतीय टीम 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट सीरीज खेलेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, ऑकलैंड के ईडन पार्क में होने वाले व्हाइट-बॉल मुकाबलों के टिकट सबसे तेजी से बिक रहे हैं। यहां सीरीज का चौथा टी-20 और पहला वनडे खेला जाएगा।

क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में भी टिकटों की भारी मांग है। करीब 9 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस मैदान पर भारत



और न्यूजीलैंड के बीच शुरूआती दो टी-20 मैच 22 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसी मैदान पर दौरे का दूसरा और आखिरी टेस्ट भी खेला जाएगा। यह मुकाबला 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक होगा और इसके टिकटों की बिक्री भी तेजी से हो रही है। वेलिंगटन में होने वाले मुकाबलों के लिए भी शुरूआती बिक्री मजबूत रही है। हेनरी स्टेडियम में सीरीज का तीसरा टी-20 और दूसरा वनडे खेला जाएगा। वहीं, पहला टेस्ट सेलो बेसिन रिजर्व में 19 नवंबर से शुरू होगा।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
INDORE METROPOLITANE DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR


## न्यूज कॉलम

### धार में आरटीओ चेकिंग के दौरान ओवरलोड बस मिली

**धार।** धार में रक्षाबंधन पर बस चेकिंग के दौरान अलग मामला सामने आया। इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर घाटा बिल्लोद में आरटीओ बसों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक ओवरलोड यात्री बस को रोका। बस सांवेर से धार जा रही थी। उसमें क्षमता से ज्यादा यात्री सवार थे। बस में बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं। आरटीओ हृदयेश यादव ने ओवरलोडिंग पर कार्रवाई की बात कही। इस पर कंडक्टर ने बताया कि रक्षाबंधन के कारण कई महिलाएं यात्रा कर रही हैं। आरटीओ ने कहा कि अगर सांवेर से धार जाने वाली महिलाओं का आधा किराया वापस कर दिया जाए, तो चालान नहीं बनाया जाएगा और जुर्माना भी नहीं लिया जाएगा।


### पीएम कॉलेज में 614 सीटें खाली, 31 तक प्रवेश का मौका

**धार।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अब भी 614 सीटें खाली हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को एक और मौका दिया है। प्रवेश की अंतिम तारीख 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर कॉलेज में प्रवेश ले सकेंगे। इसके लिए विद्यार्थियों को पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद कॉलेज में दस्तावेज और आवेदन फॉर्म का सत्यापन होगा। प्रक्रिया पूरी होने पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए 31 अगस्त तक फीस जमा करना अनिवार्य रहेगा। कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया मई से चल रही है। प्रथम, द्वितीय और सीएलसी चरण पूरे होने के बाद भी कई संकायों में सीटें खाली रह गई हैं।

### चोरी करने आए बदमाश की भागते समय गिरने से मौत

**झाबुआ।** आलीराजपुर जिले के जोबट नगर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सूने मकान में चोरी की कोशिश के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई। गणेश मंदिर क्षेत्र में रिटायर्ड शिक्षक तुकाराम ढोले के मकान को चार बदमाशों ने निशाना बनाया था। आसपास के लोगों की हलचल की भनक लगते ही बदमाश भागने लगे। इसी दौरान एक आरोपी जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना गणेश मंदिर क्षेत्र में रात करीब 3 से 4 बजे के बीच की है। रिटायर्ड शिक्षक तुकाराम ढोले का मकान सूना था। इसी का फायदा उठाकर चार बदमाशों ने घर में चोरी का प्रयास किया।

### रक्षाबंधन से पहले मिलावट के खिलाफ अभियान



**महीनेभर में 150 से ज्यादा सैंपल लिए भोपाल जांच के लिए भेजे, 25 पर केस दर्ज**

**धार।** धार जिले में रक्षाबंधन से पहले खाद्य पदार्थों की जांच तेज कर दी गई है। पिछले एक महीने में खाद्य विभाग ने मावा, पनीर और दूसरी खाद्य सामग्री के 150 से ज्यादा सैंपल लिए हैं। इन्हें जांच के लिए भेजा गया है। इस दौरान मिलावट और नियमों के उल्लंघन से जुड़े 25 मामले एडीएम न्यायालय में दायर किए गए हैं। फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी सचिन लोगरिया ने बताया कि सुल्तानपुर के महादेव मार्केट स्थित निविया मावा भंडार की जांच की गई। यहां से मावा और अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए हैं। इन्हें भोपाल लैब में भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई चल रही है। धरमपुरी, मनावर और गंधवानी के बाद अब पीथमपुर और सरदारपुर में भी जांच की जा रही है। एडीएम न्यायालय में दर्ज 25 मामलों में मिलावटी खाद्य पदार्थ, मावा-पनीर की गुणवत्ता में कमी, खाद्य लाइसेंस नहीं होना और बिना पंजीकरण दुकान चलाने जैसे मामले शामिल हैं। इन मामलों में नियम के अनुसार कार्रवाई होगी। खाद्य विभाग की टीम रक्षाबंधन को देखते हुए मिठाई, मावा और पनीर बेचने वाली दुकानों पर खास नजर रख रही है। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई की जांच आगे भी जारी रहेगी। नियम तोड़ने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

## नैनो न्यूज

- **शकर के दाम पर सियासत** – इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महंगी शकर को लेकर बयान दिया, जबकि देशभर में शकर के खुदरा भाव घटने की खबर है।
- **महंगाई पर कांग्रेस का प्रदर्शन** – पेट्रोल, घरेलू गैस, बिजली और शकर की कीमतों को लेकर कांग्रेस ने इंदौर के 22 ब्लॉकों में प्रदर्शन किया।
- **इंदौर फार्मा कंपनी आईपीओ** – इंदौर की सिंबायोटेक फार्मालैब का 1,757 करोड़ का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए अंतिम दिन में है।
- **सोना फिर महंगा हुआ** – इंदौर में 27 अगस्त को सोने का भाव 1,62,980 दर्ज हुआ, अगस्त में अब तक कीमत में करीब 18,760 की बढ़ोतरी बताई गई है।
- **चांदी में भी उछाल** – रक्षाबंधन से पहले देशभर में चांदी का एमसीएक्स भाव 2.40 लाख प्रति किलो के पार पहुंच गया।
- **मंडी कारोबार पर बारिश का असर** – मध्यप्रदेश में भारी बारिश और फ्लैश-फ्लड अलर्ट के बीच कृषि उपज की आवक और परिवहन प्रभावित होने की आशंका है।
- **इंदौर में मौसम बदला** – आज इंदौर में बादल छाए रहे, तापमान करीब 27 डिग्री और आर्द्रता 76% दर्ज की गई।

### मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में बदहाल व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन

# बैरिकेड तोड़कर कलेक्टर कार्यालय परिसर में घुसे एबीवीपी कार्यकर्ता

## शासकीय कॉलेजों की बदहाली पर प्रदर्शन, गेट तोड़ने की कोशिश, तैनात सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को रोका

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को इंदौर कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ता अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर शिवम वर्मा को सौंपने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर लगे बैरिकेड तोड़ दिए और परिसर में प्रवेश कर गए। इसके बाद कार्यालय के गेट को भी तोड़ने की कोशिश की गई। मौके पर तैनात सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर







कार्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। प्रदर्शनकारी छात्र नेताओं ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों और शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को कई बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई करनी पड़ रही है। उन्होंने शासन से इन संस्थानों में स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

### छात्रों को नहीं मिल रहीं बुनियादी सुविधाएं

अइश्ढ का आरोप है कि कई शासकीय महाविद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त और साफ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाएं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और खेल सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। बिजली और प्रकाश व्यवस्था के साथ छात्राओं के लिए जरूरी सुविधाओं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा और प्राथमिक उपचार जैसी व्यवस्थाओं को लेकर भी संगठन ने सवाल उठाए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि शिक्षा केवल भवन और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना शासन और महाविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। उनका कहना है कि विद्यार्थियों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए बार-बार परेशान होना पड़े, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है।

### रक्षाबंधन पर महिलाओं को एआईसीटीएसएल का तोहफा

# इंदौर से भोपाल-सागर समेत 7 शहरों के लिए फ्री सफर

## इंटरसिटी बसों में नहीं देना होगा किराया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार**

रक्षाबंधन पर महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने महिलाओं के लिए 48 घंटे मुफ्त इंटरसिटी बस यात्रा की सुविधा शुरू की है। इसके तहत इंदौर से प्रमुख शहरों के लिए चलने वाली चार्टर्ड बसों में महिलाएं बिना किराया दिए सफर कर सकेंगी।

यह सुविधा 27 अगस्त सुबह 6 बजे से शुरू हो गई है, जो 29 अगस्त सुबह 6 बजे तक लागू रहेगी। यानी रक्षाबंधन के आसपास महिलाएं निर्धारित





अवधि में आने-जाने के लिए बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।

एआईसीटीएसएल के मुताबिक इंदौर से संचालित इंटरसिटी चार्टर्ड बसों में भोपाल, सागर, रतलाम, नीमच, अशोकनगर, झाबुआ और खरगोन रूट पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा का लाभ मिलेगा। निर्धारित 48 घंटे के दौरान इन रूट पर आने-जाने वाली महिला यात्रियों से किराया नहीं लिया जाएगा।

### भोपाल से उज्जैन-गुना भी शामिल

मुफ्त यात्रा की सुविधा इंदौर तक सीमित नहीं है। भोपाल से उज्जैन और भोपाल से गुना के बीच चलने वाली एआईसीटीएसएल बसों में भी महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकेंगी।

### मायके जाने वाली महिलाओं को राहत

रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में महिलाएं मायके और परिवार से मिलने के लिए दूसरे शहरों की यात्रा करती हैं। ऐसे में 48 घंटे की मुफ्त यात्रा से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। साथ ही त्योहार के दौरान सार्वजनिक परिवहन में सफर करने वाली महिला यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

# भंवरकुआं में बाइक से गिराकर चाकू की नोक पर सोने की चेन लूट ली

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

भंवरकुआं इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने रास्ते में एक व्यक्ति को रोककर चाकू की नोक पर करीब ढाई तोले की सोने की चेन लूट ली। बदमाशों ने पहले बाइक में लात मारकर फरियादी को सड़क पर गिराया और फिर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, भागते समय आरोपी गिर गए थे। उनके कब्जे से लूटी गई चेन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली गई है। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक श्रीयंत्र नगर, खंडवा नाका निवासी किशोर पटेल मीणा की शिकायत पर बाइक पर सवार तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। किशोर पटेल राजीव गांधी सर्विस रोड से बाइक से जा रहे थे। शुभ कारज गार्डन के कॉर्नर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी बाइक को लात मार दी। अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से किशोर सड़क पर गिर गए। इसके बाद एक आरोपी अजय ने चाकू निकालकर उन्हें डराया और चाकू अड़ा दिया। इसी दौरान उसके दोनों साथियों ने किशोर के गले में पहनी करीब ढाई तोले की सोने की चेन खींचकर छीन ली। इसके बाद तीनों बाइक से मौके से भाग गए।

## वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती मंजूजी नागर के निधन पर समाज में शोक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

वरिष्ठ समाजसेविका एवं नागर समाज की सम्मानित सदस्य श्रीमती मंजूजी नागर के असामयिक निधन से नागर समाज में शोक की लहर है। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजजनों ने गहरा दुःख व्यक्त किया गया।



मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं जय हाटकेश सांस्कृतिक मंच के संयोजक केदार रावल ने श्रीमती मंजूजी नागर के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्रीमती नागर का निधन केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

रावल ने अपनी ओर से मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के मुखपत्र हाटकेश्वर समाचार एवं जय हाटकेश सांस्कृतिक मंच परिवार की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इष्टदेव भगवान हाटकेश्वर महादेव से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान हाटकेश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःखद वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## बीएसएफ सैनिक जवानों के संग उमंग महिला परिषद ने मनाया रक्षा पर्व



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद की शाखा उमंग महिला परिषद ने बीएसएफ कैंप में सैनिक भाइयों के साथ रक्षाबंधन उत्सव, वृक्षारोपण एवं टिफिन पार्टी का आयोजन किया। मिडिया प्रभारी रुचि चोविश्या ने बताया कि बहनों ने भाई सैनिकों की कलाई पर राखी बांधकर सम्मान व्यक्त किया। कई वर्षों से घर न जा पाने वाले जवानों के लिए यह पल भावुक कर देने वाला रहा। सैनिकों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व खेल-तंबोला एवं टिफिन पार्टी का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष हेमलता गोधा, संरक्षक नीता कासलीवाल, मीना बिलाला, दीपाली कासलीवाल, संभाग अध्यक्ष मुक्ता जैन व निर्मला जैन, अनिता जैन का मार्गदर्शन रहा। संभाग अध्यक्ष मुक्ता जैन ने संबोधित करते हुए आयोजक परिषद की सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से शाखाओं को आयोजन करने की प्रेरणा मिलती है।अध्यक्ष रिंकू अजमेरा व सचिव मोनिका कासलीवाल के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। संचालन पूजा बाकलीवाल व नम्रता अजमेरा ने किया। समापन पर टिफिन पार्टी के साथ राष्ट्रप्रेम व भाईचारे का संदेश दिया गया।

# मरीज की मौत के बाद संजीवनी क्लिनिक सील

## स्वास्थ्य विभाग ने लिया एक्शन, दूर-दूर से इलाज के लिए आते थे लोग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ महू**

महू के बसीपीपरी गांव में गुरुवार को स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक निजी संजीवनी क्लिनिक पर कार्रवाई की। टीम ने क्लिनिक को बंद कर सील कर दिया और वहां रखी कई दवाइयों को जांच के लिए जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार विवेक सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी माधव हसानी और योगेश सिंघारे सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, संजीवनी क्लिनिक में लकवा सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दूर से मरीज आते थे। हाल ही में यहां उपचार के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने इसके बाद इंदौर कलेक्टर से शिकायत की थी। इसी शिकायत के आधार पर गुरुवार को जिला और स्थानीय प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम बसीपीपरी पहुंची और क्लिनिक के संचालन की जांच करते हुए उसे सील करने की कार्रवाई की।

प्रशासन की इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि संजीवनी क्लिनिक में लकवा जैसी बीमारियों के इलाज से कई लोगों को फायदा हुआ था, जबकि अन्य अस्पतालों में लाखों खर्च करने के बाद भी राहत नहीं मिलती थी। ग्रामीणों का तर्क था कि क्लिनिक बंद होने से आसपास के लोगों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ेगा।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लिनिक में मौजूद दवाइयों की भी गहन जांच की। अधिकारियों ने कुछ दवाइयों को सील कर जांच के लिए जब्त कर लिया है। प्रशासन द्वारा क्लिनिक के संचालन की वैधता, उपचार पद्धति और दवाइयों से संबंधित सभी दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### शिकायत के बाद पहुंची टीम



बताया जा रहा है कि एक मरीज की मौत के बाद परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच की कार्रवाई शुरू की। गुरुवार को अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और क्लिनिक को बंद करवाने की कार्रवाई की। इस दौरान ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच कार्रवाई को लेकर चर्चा भी हुई।

### टाउनशिप में जबरन घुसने से रोकने पर

# चौकीदार पर दो बार चढ़ाई कार, मौत

## थप्पड़ मारा फिर रिश्तेदार समेत दोनों को कुचला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

लसूड़िया इलाके में टाउनशिप में कार लेकर जबरन घुसने से रोकने पर चौकीदार को कार से कुचलकर मार डाला। विवाद के दौरान आरोपी ने पहले चौकीदार को थप्पड़ मारा। इसके बाद कार मोड़कर आया और चौकीदार और उसके रिश्तेदार को कुचल दिया।

इतने पर भी जी नहीं भरा तो आरोपी दोबारा कार लेकर लौटा और चौकीदार को फिर कुचलकर भाग निकला। गंभीर हालत में चौकीदार को एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे में उसका रिश्तेदार भी घायल हुआ है। टीआई राजकुमार यादव के मुताबिक, घटना द एक्जोटिका टाउनशिप के गेट के पास बुधवार रात करीब 10 बजे की है। अरडिया गांव निवासी राजा उर्फ कमल कुमावत अपने दोस्तों के साथ कार लेकर टाउनशिप में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। वहां तैनात चौकीदार धर्मेंद्र पुत्र रामचंद मालवीय ने उसे रोक दिया। उस समय धर्मेंद्र के साथ उसका रिश्तेदार गोविंद भी मौजूद था।



### मृतक के परिवार में पत्नी दो बच्चे और मां

गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। धर्मेंद्र करीब एक साल से टाउनशिप में चौकीदारी कर रहा था और मूल रूप से देवास का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, दो बच्चे और मां हैं। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और घटना के सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।
धर्मेंद्र के चाचा मनोहर ने बताया कि प्रवेश को लेकर विवाद के दौरान राजा ने धर्मेंद्र को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद टाउनशिप के मालिक से मोबाइल पर उसकी बात कराई गई। मालिक ने राजा को कार लेकर वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद वह कार लेकर बाहर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद राजा कार लेकर वापस आया और धर्मेंद्र व गोविंद पर कार चढ़ा दी। हादसे में गोविंद के पैर में फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद आरोपी ने कार को फिर पलटाया और दूसरी बार धर्मेंद्र के ऊपर चढ़ाकर मौके से भाग गया।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्टर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com